www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली,मंगलवार, 14 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -219 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुके हैं देश के युवा 02
■ दोबारा ली जा सकती है पांचों आरोपियों की रिमांड
■ राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने... 04
■ गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को किया गया बर्खास्त
■ पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी... 07
अर्चना गौतम ने पसंदीदा 'बिग बॉस' प्रतियोगियों ... 10

# दिल्ली की हवा फिर हुई जहरीली

## सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचंकाक 900 के पार पहुंचा





**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। दीपावली के दिन रविवार सुबह 6 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 202 रिकॉर्ड किया गया था, जो सोमवार को 900 के पार चल गया।

दरअसल, दिल्ली में 9 और 10 नवंबर को बारिश हुई थी। इसके बाद हवा में प्रदूषण का स्तर करीब 50 फीसदी कम हो गया था। 11-12 नवंबर को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 250 से कम था, लेकिन 13 नवंबर सुबह 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 910, लाजपत नगर में 959 और करोल बाग में 779 दर्ज किया गया। सुप्रीम कोर्ट की मनाही के बावजूद दीपावली के दिन राजधानी समेत देशभर में जमकर आतिशबाजी हुई। इसकी वजह से एयर क्वालिटी इंडेक्स 4 गुना से ज्यादा हो गया और पटाखों के धुएं से दिल्ली में काली धुंध छा गई। प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले साल 2022 में दीपावली पर दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक, 312, 2021 में 382, 2020 में 414, 2019 में 337, 2018 में 281, 2017 में 319 और 2016 में 431 दर्ज किया गया था। दीपावली की रात दिल्ली में आग लगने की करीब 100 घटनाएं दर्ज की गईं। दिल्ली फायर सर्विस के चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि रविवार शाम 6 बजे से रात 10.45 बजे के बीच आग लगने की घटनाओं को लेकर 100 कॉल रिकॉर्ड की गईं। रात भर दिल्ली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम अलर्ट मोड पर रही।

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद आतिशबाजी हुई
- दिपावली पर आग लगने की 100 घटनाएं हुई

### सुबह-शाम को घूमने से बचे

दिल्ली सरकार ने दीपावली के बाद प्रदूषण बढ़ने के कारण लोगों को सुबह-शाम को टहलने और व्यायाम आदि से बचने की सलाह दी है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने 11 नवंबर एडवाइजरी जारी की थी।

### दिल्ली सरकार ने भाजपा को जिम्मेदार ठहराया



दिल्ली सरकार ने भाजपा को प्रदूषण का जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज कहा कि दिल्ली में उत्तर प्रदेश और हरियाणा से पटाखे लाए गए थे। अगर दोनों राज्यों में पटाखों पर बैन होता तो दिल्ली में आतिशबाजी नहीं होती। यहां से दिल्ली में पटाखे लाए गए। जबकि, तीनों राज्यों की पुलिस पर भाजपा का नियंत्रण है।

### पटाखों से 220 से अधिक लोग घायल

दिवाली में पटाखे जलाने पर 220 से अधिक लोग घायल हो गए। इन घायलों को उपचार के लिए एम्स, सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया, लोकनायक, जीटीबी, डीडीयू, संजय गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, बाबू जगजीवन राम, जग प्रवेश सहित दिल्ली के अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों में लाया गया।

# हैदराबाद में भीषण अग्निकांड में नौ लोगों की मौत



- कार की मरम्मत के दौरान शेड में लगी आग
- पूरे अपार्टमेंट को अपनी चपेट में लिया

**हैदराबाद,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में हैदराबाद शहर के बाजारघाट, नामपल्ली इलाके में सोमवार सुबह कार की मरम्मत के दौरान कार शेड में लगी भीषण आग में दम घुटने से दो महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई। आग की लपटें तेजी से दूसरे कमरे में फैल गईं, जहां रसायन और डीजल के ड्रम रखे हुए थे और आग ने तहखाने सहित पूरे अपार्टमेंट को अपनी चपेट में ले लिया। आग में तहखाने और अपार्टमेंट के सामने खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलने पर दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने कड़ा मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन कर्मियों ने सीढ़ी की सहायता से अपार्टमेंट के निवासियों को खिड़कियों के माध्यम से बाहर निकाला गया। केमिकल से फैले धुएं से अपार्टमेंट के आसपास के इलाके प्रभावित हुए। बीमार और बेहोश हुए लोगों को इलाज के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान मोहम्मद आजम (58), रेहाना सुल्ताना (50), फैजा समीन (26), थहुरा फरीन (35), तूबा (6), तारूबा (13), मोहम्मद जकीर हुसैन (66) , हसीब-उर-रहमान (32) और निकथ सुल्ताना (55) के रूप में की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## सार संक्षेप

### महुआ को पार्टी संगठन में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने सोमवार को हाल ही में कैश-फॉर-क्वेरी विवाद को लेकर चर्चित रहीं लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कृष्णानगर संगठनात्मक जिले का पार्टी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। मोइत्रा नादिया जिले के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं। मोइत्रा को अध्यक्ष बनाकर उन अटकलों को खत्म करने का प्रयास किया गया है कि पार्टी नेतृत्व उनसे दूरी बना रहा है।

### मांझी आज नीतीश के खिलाफ मौन धरने पर बैठेंगे




**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भाजपा का साथ मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मंगलवार को नीतीश के खिलाफ मौन धरने पर बैठने की घोषणा कर दी। मांझी ने कहा कि उनके साथ जो हुआ उससे दलित समाज शर्मसार है। दलितों के साथ-साथ महिलाओं को भी नीतीश कुमार ने छोड़ा नहीं है।

### त्रिपुरा पुलिस ने पकड़े 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिक



**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने दक्षिण त्रिपुरा में सबरूम के बैष्णबपुर गांव से 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले त्रिपुरा के पांच सीमावर्ती जिलों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अभियान चलाया था और मानव तस्करी रैकेट और सीमा पार अपराधों में शामिल होने के मामले में 25 लोगों की गिरफ्तारी की थी। एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

### बिहार में तालाब में डूबने से 5 बच्चों की मौत



**भभुआ।** बिहार के सारण जिले के करमचट थाना क्षेत्र में सोमवार को एक तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई। पांचों बच्चे एक ही परिवार के बताए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना धवपोखर गांव की बताई जा रही है। गांव में एक परिवार के लोग धान काटने गए थे। सभी का खाना लेकर बच्चे खेत में गए और लौटने के क्रम में एक तालाब में नहाने लगे।

### उप्र में आवारा सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत

**बलिया।** उप्र के बलिया जिले में एक सांड के हमले में 87 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। सिकंदरपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी दिनेश पाठक ने कहा कि बस्ती बुजुर्ग गांव के निवासी राज कुमार गुप्ता दिवाली के अवसर पर दीपक जला रहे थे, तभी आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया।

# 36 घंटे से फंसे हैं 40 मजदूर

## स्टील पाइप के जरिए निकालने की तैयारी

उत्तरकाशी टनल हादसा



**उत्तरकाशी,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में दीपावली के दिन सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल धंस गई, जिसमें 40 मजदूर फंस गए। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है। फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ और नेशनल हाईवे के 200 से ज्यादा लोग 36 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया- सभी मजदूर सुरक्षित हैं, उनसे वॉकी-टॉकी के जरिए संपर्क किया गया है। खाना-पानी पहुंचाया जा रहा है। नेशनल हाईवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि मलबा हटाने के दौरान टनल के ऊपर से मिट्टी और पत्थर गिर रहे हैं। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही थी। हालांकि इन्हें शॉटक्रीट के जरिए रोकने का प्रयास किया जा रहा है। टनल के अंदर एक मीटर लंबे स्टील पाइप की मदद से मजदूरों को निकालने का प्लान है। यह टनल चार धाम रोड प्रोजेक्ट के तहत बनाया जा रहा है। 853.79 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा यह टनल हर मौसम में खुली रहेगी। यानी बर्फबारी के दौरान भी इसमें से लोग आना-जाना कर सकेंगे। इसके बनने के बाद उत्तरकाशी से यमुनोत्री धाम के बीच की दूरी 26 किमी तक कम हो जाएगी।

### प्लास्टर नहीं होने से 50 मीटर हिस्सा धंसा

साढ़े 4 किलोमीटर लंबी और 14 मीटर चौड़ी इस टनल टनल के स्टार्टिंग पॉइंट से 200 मीटर तक प्लास्टर किया गया था। उससे आगे कोई प्लास्टर नहीं था, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ।

# केंद्रीय मंत्री तोमर के बेटे का एक और वीडियो वायरल



- करोड़ों के लेन-देन का वीडियो में हो रहा जिक्र
- भारतीय जनता पार्टी ने इसे फेक वीडियो बताया
- कांग्रेस ने वायरल वीडियो पर भाजपा को घेरा

**भोपाल,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने से पहले केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कांग्रेस का आरोप है कि करोड़ों के लेन-देन का जिक्र है। मगर, न तो ईडी का पता है और न ही आयकर की खबर। वहीं, भाजपा ने इसे फेक वीडियो करार दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक का कहना है कि 50 प्रतिशत कमीशन और शिवराज सिंह चौहान तो एक-दूसरे के पर्याय बन ही चुके हैं। अब, नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के लगातार वायरल हो रहे वीडियो इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण दे रहे हैं कि 50 प्रतिशत कमीशन के साथ-साथ 'काला-धन' भी भाजपा नेताओं का पर्याय बन चुका है। आज देवेंद्र तोमर का 500 करोड़ की हवाला डीलिंग का एक नया वीडियो वायरल हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जो इस चुनाव में दिमनी से भाजपा प्रत्याशी भी हैं, उनके बेटे देवेंद्र तोमर का एक वीडियो कुछ दिन पहले वायरल हुआ। इस वीडियो में वो बड़ी आसानी से 100 करोड़, 39 करोड़, 21 करोड़, 18 करोड़ रुपए की लेन-देन की बात करते हुए प्रतीत हो रहे थे।

## नरेंद्र तोमर के बेटे पर कार्रवाई क्यों नहीं : राहुल



- भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है मध्य प्रदेश

**भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के करोड़ों रुपए के लेन-देन के कथित तौर पर सामने आए वीडियो को लेकर सवाल किया है कि क्या नरेंद्र तोमर के घर ईडी, सीबीआई या आयकर की टीम पहुंचेगी। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए हरदा के टिमरनी और नीमच के जावद में कांग्रेस उम्मीदवारों के प्रचार के लिए पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। हमारी सरकार किसानों को दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ करेगी। हम चाहते हैं कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। हमारी सरकार मेड इन चीन को मेड इन मध्य प्रदेश बनाने की इच्छा रखती है।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस पर मोदी का कटाक्ष

# 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है



**प्रधानमंत्री बोले, इसमें सोना भी शायद 'आलू' वाला लगेगा**

**बड़वानी,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि राज्य में पार्टी जनता के लिए 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है और उसमें सोना भी शायद 'आलू' वाला लगेगा। श्री मोदी राज्य के बड़वानी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर हमले बोले।

उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में कुर्सी के लिए छटपटा रही है। वो यहां की जनता से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है, और उसमें कांग्रेस शायद सोना भी आलू वाला ही लगाएगी। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले कहेंगे कि पहले आलू से सोना निकालेंगे, तब महल बनाएंगे। सत्ता मिलते ही ये सब कुछ भूल कर लूट का कारोबार शुरु कर देंगे।

### विकास की राह पर ले जाएगा संकल्प पत्र

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग को विकास की राह पर ले जाएगा। पार्टी का हर वादा पूरा होगा। ये भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने राज्य के इस आदिवासी अंचल में कहा कि दो दिन बाद बिरसा मुंडा का जन्मदिन है। वो जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जिस आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा नजरअंदाज किया, परवाह नहीं की उस आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने का और उसे सामाजिक न्याय दिलाने का काम भाजपा ने किया है।

### कांग्रेस सरकार में अपराध चरम पर होते हैं

उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस आती है, अपराध चरम पर होते हैं। दंगे फसाद और बहनों बेटियों के साथ अत्याचार आम हो जाता है।

# वयोवृद्ध माकपा नेता वासुदेव आचार्य का निधन

■ 81 वर्ष की आयु में ली आखिरी सांस ■ नौ बार लोकसभा सदस्य रहे आचार्य



**कोलकाता,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कमयुनिस्ट पार्टी (माकपा) के अनुभवी नेता और पश्चिम बंगाल के बांकुरा निर्वाचन क्षेत्र से नौ बार लोकसभा सदस्य रहे वासुदेव आचार्य का सोमवार को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका निधन हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में हुआ जहां उनका काफी समय से इलाज चल रहा था। आचार्य पहली बार 1980 में बांकुरा से चुने गए थे। वह लगातार नौ बार उस निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए। हालांकि, 2014 के लोकसभा चुनाव में वह उस निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार और अभिनेत्री से नेता बनी मुनमुन सेन से हार गए थे, जो राज्य के राजनीतिक आलोचकों के लिए काफी अप्रत्याशित था। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि उनकी बेटी इस समय विदेश में है और उसके कल तक हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। 11 जुलाई 1942 को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में जन्मे आचार्य छात्र जीवन से ही वामपंथी राजनीति से जुड़े रहे थे। आचार्य बाद में छात्र राजनीति से ट्रेड यूनियन राजनीति की ओर बढ़े और रेल विभाग में श्रमिक आंदोलनों का अग्रणी चेहरा रहे।

# 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देगा विहिप

**राम मंदिर उद्‌घाटन कार्यक्रम**

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को होने जा रहे राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम से देश के सभी लोगों को जोड़ने के लिए आरएसएस और संघ से जुड़े संगठन जोर-शोर से अभियान चलाने जा रहे हैं। इन्हीं अभियानों के तहत राम मंदिर के निर्माण को लेकर बड़ा आंदोलन चलाने वाले विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में जनवरी, 2024 में होने वाले रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए देशभर में 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देने की योजना बनाई है। विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान विहिप की देशव्यापी योजना के बारे में जानकारी दी।

प्रतिबंध — *मणिपुर हिंसा के बीच गृह मंत्रालय की कार्रवाई*

# 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर लगाया प्रतिबंध





- पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया

**नई दिल्ली, 13 नवम्बर (देशबन्धु)। मणिपुर में हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। मंत्रालय ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर नौ मैतेई चरमपंथी संगठन और उनके सहयोगी संगठनों पर बैन लगा दिया। गृह मंत्रालय के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है,**

उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी (एमपीए) शामिल हैं। इनमें पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), इसकी सशस्त्र शाखा (जिसे रेड आर्मी भी कहा जाता है), कांगलेई याओल कनबा लुप (केवाईकेएल), कोआर्डिनेशन कमेटी (कोरकॉम) और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक (एएसयूके) भी शामिल हैं। पीएलए, यूएनएलफ, पीआरईपीएके, केसीपी, केवाईकेएल को कई साल पहले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) के तहत गृह मंत्रालय ने बैन लगा दिया है। अन्य संगठनों के गैरकानूनी घोषित होने की घोषणा ताजा है।

### मणिपुर हिंसा में अब तक 150 से ज्यादा की मौत

मालूम हो कि मणिपुर उस समय हिंसा की आग में जल उठा जब 3 मई को कुकी और मैतेई समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। जिसके चलते हुई हिंसा में अभी तक 150 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग घायल हुए हैं। यही नहीं हिंसा के चलते हजारों की संख्या में लोग पलायन कर दूसरे राज्यों में रहने का मजबूर हो गए। वहीं हजारों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

# देश

**उवाच** "हमने सरकार नहीं परिवार चलाया है। भाजपा की सरकार फिर बनेगी, विकास को गति मिलेगी। प्रत्येक परिवार एक रोजगार मेरा संकल्प, लाडली बहनों को लखपति बनाएंगे:- **शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.3 | 11.8 |
| मुंबई | 36.6 | 23.6 |
| कोलकाता | 31.0 | 21.5 |
| चेन्नई | 32.0 | 23.0 |

### खड़गे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा

# सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुके हैं देश के युवा

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को तेलंगाना में प्रधानमंत्री की रैली के दौरान एक युवती के लाइटें लगे खंभे पर चढ़ने के बाद बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा, 'देश के युवा सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुके हैं।' खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'जब प्रधानमंत्री तेलंगाना में बोल रहे थे, तो एक बहुत ही परेशान करने वाली घटना में, एक लड़की देश के सामने मौजूद वास्तविक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए बिजली के खंभे पर चढ़ गई। 'युवा भारत मोदी सरकार के विश्वासघात से तंग आ चुका है। उन्होंने नौकरियों की आकांक्षा की, लेकिन बदले में उन्हें 45 साल की सबसे ऊंची बेरोजगारी दर मिली।' उन्होंने कहा कि वे आर्थिक सशक्तीकरण चाहते थे, लेकिन बदले में भाजपा ने कमरतोड़ महंगाई बढ़ा दी,

> **प्रधानमंत्री आर्थिक सशक्तीकरण चाहते थे, लेकिन बदले में भाजपा ने कमरतोड़ महंगाई बढ़ा दी, जिससे उनकी बचत 47 साल के निचले स्तर पर आ गई है। 'वे सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए तरस रहे थे, लेकिन बदले में मोदी सरकार ने उन्हें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता दी:- मल्लिकार्जुन खड़गे**



जिससे उनकी बचत 47 साल के निचले स्तर पर आ गई है। खड़गे ने कहा, 'वे सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए तरस रहे थे, लेकिन बदले में मोदी सरकार ने उन्हें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता दी। सबसे अमीर पांच प्रतिशत भारतीयों के पास देश की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि मध्यम वर्ग और गरीब पीड़ित हैं। वे महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थान चाहते हैं, लेकिन दु:खद रूप से महिलाओं, बच्चों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं।' कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'वे हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में एकता और सद्भाव चाहते हैं, लेकिन उन्हें नफरत और विभाजन मिला। मोदी सरकार और भाजपा भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को कुचल रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने शनिवार को हैदराबाद परेड ग्राउंड में एक रैली को संबोधित किया था। संबोधन के बीच में उन्होंने देखा की एक युवती उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए एक खंभे पर चढ़ रही थी जिस पर लाइटें लगी हुई थीं। उन्होंने अपना चुनावी भाषण बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उनसे बार-बार यह कहते हुए खंभे से नीचे उतरने का आग्रह किया कि बिजली के तारों की हालत अच्छी नहीं लग रही है। पीएम मोदी तेलुगु राज्यों में अनुसूचित जाति के सबसे बड़े घटकों में से एक, मैडिगा के सामुदायिक संगठन, मैडिगा रिजर्वेशन पोराटा समिति (एमआरपीएस) द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 30 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

## कांग्रेस बागियों को एक और मौका देने के लिए दी चेतावनी

**जयपुर,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध बागी होकर चुनाव लड़ने वाले कांग्रेसजनों को पार्टी ने एक और मौका देते हुए पत्र जारी कर चेतावनी दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने ऐसे प्रत्याशियों को पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में आने के लिए एक और मौका देते हुए



पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा जिस अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है सभी बागी प्रत्याशी चुनाव से रिटायर होने की घोषणा कर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को समर्थन प्रदान करते हुए पार्टी के पक्ष में प्रचार के लिए शामिल होकर प्रदेश में पुन: कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। श्री रंधावा ने कांग्रेस पार्टी के उन पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं को भी पत्र जारी कर चेतावनी दी है जो कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का प्रचार एवं समर्थन करने की बजाए किसी अन्य अथवा बागी प्रत्याशी के समर्थन एवं प्रचार में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि आगामी दो दिवस में यदि बागी प्रत्याशी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को चुनाव में समर्थन देते हुए चुनाव से नहीं हटे तथा जो कांग्रेस पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार में शामिल नहीं होंगे उनके विरूद्ध पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सख्त निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई तो छत्तीसगढ़ में भी लागू करेगी गृह लक्ष्मी योजना: प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 70 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण के मतदान में सिर्फ चार दिन बचे हैं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को घोषणा की कि पार्टी राज्य में अपनी 'गृह लक्ष्मी योजना' लागू करेगी, जो हर साल महिलाओं के बैंक खातों में 15,000 रुपए ट्रांसफर करेगा। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रियंका गांधी ने कहा, 'गृह लक्ष्मी योजना' छत्तीसगढ़ में भी लागू की जाएगी। महिलाओं के खातों में प्रति वर्ष 15,000 रुपए स्थानांतरित किए जाएंगे और इसके साथ प्रत्येक एलपीजी सिलेंडर रिफिल पर 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी' और स्वयं सहायता समूहों और सक्षम योजना के ऋण माफ किये जायेंगे।' उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और गरीबों के लिए समृद्धि का एक मॉडल पेश किया है।' 'खेती, गौपालन, वनोपज समेत हर स्थानीय उत्पाद से लोगों की आय बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में गेहूं, धान और अन्य फसलों के लिए सबसे ज्यादा एमएसपी है। उन्होंने कहा, 'महिलाओं का भरोसा बरकारर, फिर से कांग्रेस सरकार।' कांग्रेस ने पहले ही छत्तीसगढ़ में लोगों के लिए कई गारंटी की घोषणा की है। कांग्रेस खनिज समृद्ध राज्य में लगातार दूसरा



> **'गृह लक्ष्मी योजना' छत्तीसगढ़ में भी लागू की जाएगी। महिलाओं के खातों में प्रति वर्ष 15,000 रुपए स्थानांतरित किए जाएंगे और इसके साथ प्रत्येक एलपीजी सिलेंडर रिफिल पर 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी' और स्वयं सहायता समूहों और सक्षम योजना के ऋण माफ किये जायेंगे:- प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव कांग्रेस**

कार्यकाल चाह रही है, जहां भूपेश बघेल सरकार अपनी जन-समर्थक योजनाओं और पिछले पांच वर्षों में उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर जोर दे रही है। कांग्रेस ने पहले छत्तीसगढ़ में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा की घोषणा की है।

### कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी आज रायपुर में करेंगी रोड शो

**रायपुर।** कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी कल 14 नवम्बर को राजधानी रायपुर में रोड शो करेंगी। प्रदेश कांग्रेस की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी शाम को 4.45 बजे रायपुर पहुंचेगी तथा रायपुर मे रोड शो करेंगी। श्रीमती गांधी राजीव गांधी चौक मे स्व.राजीव गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के अपना रोड शो शुरू करेंगी। विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी कोतवाली चौक, सत्ती बाजार, ब्राह्मण पारा,शीतला माता चौक, आरडी तिवारी स्कूल आमापारा चौक, अग्रसेन चौक से तेल घानी चौक तक जाएगी।

## सार संक्षेप

### निर्मला एक दिवसीय दौरे पर आज जयपुर में

**जयपुर।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को जयपुर आएंगी। श्रीमती सीतारमण दोपहर करीब 12 बजे जयपुर हवाई अड्डा पहुचेंगी जहां भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह एक बजे भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती सीतारमण जयपुर के किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी चंद्रमोहन बटवाड़ा के समर्थन में खण्डेलवाल गर्ल्स स्कूल और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रवि नैय्यर के समर्थन में उणियारा होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसके बाद वह शाम को दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### कार्यकर्ताओं ने शर्मा को 51 हजार वोटों से जिताने का लिया संकल्प

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने जयपुर के सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी गोपाल शर्मा को 51 हजार मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया हैं। श्री शर्मा के चुनाव प्रधान कार्यालय में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने रविवार को यह संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। श्री शेखावत ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने राजस्थान में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार के लिए सिविल लाइंस सीट को 51 हजार वोटों से जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित करने का संकल्प लिया। श्री जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव धर्मयुद्ध है क्योंकि पांच साल में कांग्रेस सरकार ने लगातार सनातन धर्म का अपमान किया है।

### छत्तसीगढ़ में दूसरे चरण में 1.63 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 17 नवम्बर को 70 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस चरण में एक करोड़ 63 लाख से ज्यादा मतदाता मतदान करेंगे। राज्य में विधानसभा की कुल 90 सीटें है, जिनमें से पहले चरण में 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है और दूसरे चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होने वाला है। इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल एक विधानसभा क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा।

## जापान, ऑस्ट्रेलिया और तंजानिया का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल करेगा मध्य प्रदेश का दौरा

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव किस तरह से लड़ा जाता है और भारत ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने का दावा करने वाली भाजपा कैसे चुनाव लड़ती है, कैसे चुनावी अभियान चलाती है, इस बात का अनुभव लेने और प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए जापान, ऑस्ट्रेलिया और तंजानिया का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 14 और 15 नवंबर को मध्य प्रदेश के इंदौर का दौरा करेगा। 'भाजपा को जानो' अभियान के अंतर्गत पार्टी के चुनाव अभियान का अनुभव लेने और प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए इंदौर जा रहे विदेशी



राजनयिकों की तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में भारत में जापान के दूतावास की द्वितीय सचिव मयूमी त्सुबाकिमोतो, भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के द्वितीय सचिव माइकल रीस और भारत में तंजानिया के उच्चायोग कांसुलर मामले से जुड़े अधिकारी बाज़िल एम. लियाकिनाना शामिल हैं। आपको बता दें कि वर्ष 2022 में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में हुए विधान सभा चुनाव के दौरान इसी अभियान के अंतर्गत नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, डेनमार्क और सिंगापुर के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों ने दोनों राज्यों का दौरा किया था। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल 2022 को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'भाजपा को जानो' अभियान की शुरूआत की थी, जिसके तहत भारत में तैनात विदेशी राजनयिकों के साथ और विदेशी राजनीतिक दलों एवं नेताओं के साथ संवाद कर पार्टी उन्हें भाजपा के इतिहास, संघर्ष, सफलता, विचारधारा और देश एवं समाज के प्रति दिए गए योगदान के बारे में विस्तार से बताती है।

### मोदी 15 नवंबर को बायतु और 18 नवंबर को भरतपुर एवं नागौर में करेंगे जनसभाओं को संबोधित

**जयपुर ।** राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारकों का अब दिवाली बाद चुनाव प्रचार शुरु हो जायेगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को बाड़मेर के बायतु और 18 नवंबर को भरतपुर और नागौर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ के अनुसार श्री मोदी के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 16 नवंबर को टोंक और राजसमंद में 18 नवंबर को बूंदी और अजमेर जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री शाह गुरूवार को टोंक जिले की देवली विधानसभा क्षेत्र और राजसमंद के कुम्भलगढ़ और भीम विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

## बीमारू मप्र को भाजपा ने बेमिसाल बनाया, अब बेस्ट प्रदेश बनाएंगे : शाह

**भोपाल,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू प्रदेश बना दिया था, जिसे भाजपा ने बेमिसाल बनाया और अब बेस्ट प्रदेश बनाएंगे। विदिशा जिले के सिरोंज और गुना जिले के चाचैड़ा में सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव सिर्फ विधायक बनाने का चुनाव नहीं है, यह अगले पांच सालों तक देश और प्रदेश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। इस चुनाव में एक तरफ परिवारवादी कांग्रेस पार्टी है और दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को सुरक्षित बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी है। 2003 में भाजपा की सरकार बनने से पहले 10 सालों तक रही बंटाढार दिग्विजय सिंह की सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। भाजपा



> **कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू प्रदेश बना दिया था, जिसे भाजपा ने बेमिसाल बनाया और अब बेस्ट प्रदेश बनाएंगे। आने वाला चुनाव सिर्फ विधायक बनाने का चुनाव नहीं है, यह अगले पांच सालों तक देश और प्रदेश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है:- अमित शाह**

की सरकार ने 18 सालों में इस बीमारू राज्य को बेमिसाल प्रदेश बनाया। अब हम बेमिसाल मध्य प्रदेश को बेस्ट प्रदेश बनाएंगे। अमित शाह ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर हमला करते हुए कहा कि इस चुनाव में एक तरफ कमलनाथ हैं, जिनको नकुल नाथ को मुख्यमंत्री बनाना है। दूसरी तरफ दिग्विजय सिंह हैं, जिनको अपने बेटे जयवर्धन सिंह को मुख्यमंत्री बनाना है। केंद्र में सोनिया जी हैं, जिन्हें राहुल बाबा को प्रधानमंत्री बनाना है। जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति में हैं, क्या वो देश और मध्य प्रदेश का भला कर सकते हैं? मध्य प्रदेश और देश का भला केवल और केवल मोदी के नेतृत्व में देश भक्तों की टोली जैसी भाजपा कर सकती है। अभी-अभी कांग्रेस के लोग पांच गारंटी लेकर आए हैं। लेकिन, जिनकी खुद की कोई गारंटी नहीं है, वो देश और प्रदेश को क्या गारंटी देंगे। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें 'गरीबी हटाओ' के नारे लगाती रहीं, लेकिन गरीबी तो हटाई नहीं, गरीबों को हटाने का काम करती रही।

## राजस्थान के सीएम ने पीएम मोदी से कहा: अगर हम आतंकवादियों से सहानुभूति रखते हैं तो केंद्र हमें बर्खास्त करें

**जोधपुर,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'अगर हम आतंकवादियों से सहानुभूति रखते हैं तो केंद्र को हमें बर्खास्त करे।' गहलोत ने कहा, 'केंद्र की मोदी



सरकार ने उदयपुर में हुई कन्हैया लाल की हत्या का जिक्र करते हुए राजस्थान सरकार पर आतंकवादियों से सहानुभूति रखने का आरोप लगाया। अगर ऐसा है तो प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को राजस्थान सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आतंकवादियों से सहानुभूति रखने वाली सरकार को बर्खास्त कर सकती है। उसके पास यह अधिकार है। जब अधिकार है तो वो ऐसा क्यों नहीं करती? गहलोत ने सोमवार को सूरसागर, सरदारपुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अलग से बैठक की। साथ ही रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने कायलाना के एक होटल में कार्यकर्ताओं की दिवाली मिलन समारोह में हिस्सा लिया था। उन्होंने दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम में कहा, 'उदयपुर के कन्हैया लाल के मामले में हमने तुरंत कार्रवाई की। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। चूंकि इन आरोपियों का भारतीय जनता पार्टी से कनेक्शन था, इसलिए केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने अभी तक चालान भी पेश नहीं किया है। भाजपा राज्य सरकार पर आतंकियों को समर्थन देने का आरोप लगाकर विधानसभा चुनाव के समय राज?य का माहौल खराब करना चाहती है। गहलोत ने कहा, 'प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के भाषणों में धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण की कोशिश रहती है। दरअसल राजस्थान में उन्हें कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है, वे कर्नाटक में तो बजरंग बली कहते-कहते थक गए, मगर जीत नहीं पाए। कांग्रेस भारी बहुमत से जीत गई। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा, 'राजस्थान में सर्वे करने वालों और सट्टेबाजों को खरीद लिया गया है, लेकिन इस बार राजस्थान में इतिहास बनेगा।

## तेलंगाना में सबसे अमीर उम्मीदवारों सूची में विवेकानंद सबसे आगे

**हैदराबाद,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी के गद्दाम विवेकानंद सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। उनकी घोषित पारिवारिक संपत्ति 600 करोड़ रुपये से अधिक है। मंचेरियल जिले के चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करने वाले विवेकानंद ने चुनाव आयोग को सौंपे हलफनामे में 606.66 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति घोषित की है। हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए 66 वर्षीय पूर्व सांसद के पास 328.91 करोड़ की चल संपत्ति है, जबकि उनकी पत्नी जी सरोजा के पास 51.84 करोड़ रुपए की संपत्ति है। विवेक नाम से पहचाने जाने वाले उद्योगपति राजनेताा साका इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष हैं, कंपनी में उनके 285 करोड़ रुपए के शेयर हैं। सरोजा, जो इस कंपनी की



प्रबंध निदेशक हैं, के पास 44.90 करोड़ रुपए के शेयर हैं। उस्मानिया विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री रखने वाले विवेक के पास 209.38 करोड़ की अचल संपत्ति है, जबकि उनकी पत्नी की अचल संपत्ति का मूल्य 16.53 करोड़ रुपए है। इनमें कृषि और गैर-कृषि भूमि, वाणिज्यिक और आवासीय भवन शामिल हैं। विवेक की संपत्ति 2014 के बाद से 127 प्रतिशत बढ़ गई है। उस समय उन्होंने पेद्दापल्ली से लोकसभा के लिए नामांकन भरा था। विवेक, जो 2009 में कांग्रेस के टिकट पर पेद्दापल्ली से लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत जी वेंकटस्वामी के बेटे हैं, जो पेद्दापल्ली से चार बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस पार्टी के पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी 461 करोड़ रुपये की घोषित पारिवारिक संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। पोंगुलेटी, जो खम्मम जिले के पलेयर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण सत्तारूढ़ बीआरएस द्वारा निलंबित किए जाने के कुछ महीने बाद जुलाई में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। पोंगुलेटी और उनकी पत्नी पी. माधुरी के पास क्रमश: 32.44 करोड़ रुपए और 391.63 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है, जिसमें टैनला प्लेटफॉर्म और ब्राइटकॉम ग्रुप ऑफ कंपनीज के इक्विटी शेयर भी शामिल हैं। बारहवीं पास पोंगुलेटी ने हलफनामे में बताया कि वह कृषक, सामाजिक कार्यकर्ता और व्यवसायी हैं, जबकि उनकी पत्नी कृषक और व्यवसायी महिला हैं। खम्मम के पूर्व सांसद ने 2014 में 34 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। 458 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ कांग्रेस पार्टी के कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में तीसरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। नलगोंडा जिले के मुनुगोडे निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे राजगोपाल रेड्डी ने 458.37 करोड़ रुपये की पारिवारिक संपत्ति घोषित की है। पिछले पांच साल में उनकी कुल संपत्ति 45 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है।

**चुनाव** *चुनावों के नतीजे गठबंधन के भविष्य की भूमिका जरूर तय करेंगे*

# पांच राज्यों के नतीजे ही बता सकते हैं इंडिया गठबंधन का भविष्य

**लखनऊ, 13 नवंबर (एजेंसियां)। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इनमें इंडिया गठबंधन काम नहीं कर रहा है। इन चुनावों के नतीजे गठबंधन के भविष्य की भूमिका जरूर तय कर सकते हैं। लाभ हानि के गणित को देखते हुए यह गठबंधन परवान चढ़ सकता है। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि कांग्रेस का पांच चुनावी राज्यों में जैसा प्रदर्शन होगा, उसी के अनुरूप उत्तर प्रदेश में गठबंधन की सीटें तय होंगी।**

मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी में थी। किंतु कांग्रेस ने यहां पर उन्हें एक भी सीट नहीं दी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सपा से बेरुखी का असर भी कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहती थी, किंतु कांग्रेस ने उसे यहां एक भी सीट नहीं दी। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने यहां 69 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

जानकार बताते हैं कि मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश



यादव पसीना बहा रहे हैं। उनकी पत्नी डिंपल यादव भी मैदान में उतर गई हैं। इसके साथ ही अखिलेश जातीय जनगणना से लेकर आरक्षण मुद्दे पर भाजपा के साथ कांग्रेस को दोषी बता रही है। हालांकि कांग्रेस की तरफ से

> **लाभ हानि के गणित को देखते हुए यह गठबंधन परवान चढ़ सकता है**

अभी सपा के खिलाफ कोई बयान नहीं आया है। इतना ही नहीं राजस्थान में भी सपा पांच सीटों पर कांग्रेस को चुनौती दे रही है। यहां पर रालोद को कांग्रेस ने महज एक सीट ही दी है। राजनीतिक विश्लेषक अमोदकांत मिश्रा कहते हैं कि विपक्षी एकता के लिए बने गठबंधन में फूट साफ दिखाई दे रही है। सहयोगी दल विधानसभा चुनाव में अलग अलग लड़ते नजर आ रहे सपा के बाद जदयू ने भी मध्य प्रदेश में अपने उम्मीदवार उतार कर इंडिया गठबंधन के भविष्य पर खतरा पैदा किया है।

मिश्रा कहते हैं कि समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड और कांग्रेस तीनों ही राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बनाए गए गठबंधन से पहले ही ये पार्टियां आपस में भिड़ रही हैं। अब इससे एक बात तो साफ दिखाई दे रही है कि इनकी एकता और भविष्य पांच राज्यों के चुनाव परिणाम ही तय कर सकते हैं। एक अन्य राजनीतिक विश्लेषक वीरेंद्र सिंह रावत कहते हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए बने इंडिया गठबंधन की दरारें बढ़ गई हैं। सभी दल गठबंधन के इतर अकेले चुनाव में जाने का दावा कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी सभी 80 सीटों पर चुनाव की तैयारी में जुटी है। अखिलेश यादव यहां तक कह चुके हैं कि अगर प्रदेश में गठबंधन हुआ तो भी उनकी पार्टी 65 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं। रालोद भी 12 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। ऐसे में इनकी एकता का इम्तिहान पांच राज्यों के विधानसभा के रूप में चल रहा है।

उल्टा पुल्टा

दूध से सिर्फ हड्डियां मजबूत होती हैं।
जबकि ... चाय से रिश्ते दौस्ती और मोहब्बत,
और दारू से तो जन्मों के बंधन बंध जाते हैं।

# दिल्ली में आज से एक महीने तक एंटी ओपन बर्निंग कैंपेन

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक की जानकारी प्रेस को साझा करते हुए कहा कि सरकार 14 नवंबर से 14 दिसम्बर तक दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत 611 टीम तैनात की गई है। सभी टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओं की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सीएक्यूएम के अगले आदेश तक दिल्ली में ग्रैप 4 चरण की पाबंदियां लागू रहेगी। उन्होंने एमसीडी के डीसी को हॉटस्पॉट पर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एंटी डस्ट अभियान को 14 नवंबर से 30 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया गया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने अपने नागरिक कर्तव्य का पालन किया, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का आदर किया और दिल्ली में दिए जलाकर दिवाली मनाई। दिल्ली में पटाखों का निर्माण, वितरण, भडारण और जलाने पर बैन है, लेकिन यदि उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सरकारों ने पटाखों पर बैन



का सख्ती से पालन किया होता तो आज एक दिन में दिल्ली का प्रदूषण का स्तर 100 प्वांइट नहीं बढ़ता। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि आज हमने प्रदूषण को लेकर एक्सपर्ट और अधिकारियों के साथ चर्चा की। उनके अनुसार आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने की संभावना है। अनुमान के अनुसार हवा की गति धीमी होगी और फिर प्रदूषण के कण नीचे के स्तर पर आ जाएंगे, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ने की संभावना है। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि सीएक्यूएम के अगले आदेश तक दिल्ली में ग्रैप 4 की पाबंदियां लागू रहेगी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि एंटी डस्ट कैम्पेन से सम्बंधित टीमों ने अभी तक लगभग 20 हज़ार निर्माण स्थलों

**सरकार 14 नवंबर से 14 दिसम्बर तक दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत 611 टीम तैनात की गई है। सभी टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओं की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी: गोपाल राय, पर्यावरण मंत्री दिल्ली**


का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 1161 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही, 2 करोड़ 47 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में पहले फेज में 7 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक एंटी डस्ट कैम्पेन चलाया गया है। दूसरे फेज में 14 नवंबर से 30 नवंबर तक एंटी डस्ट कैम्पेन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में 591 टीमें तैनात की गयी है। ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।डीपीसीसी को निर्देश दिया गया है कि वो कंस्ट्रक्शन एजेंसी को बुलाकर निर्देश दें कि वो मानदंडों का सही रूप में पालन करें। कई जगहों से यह शिकायत आ रही रही थी जिन साईटों पर काम बंद हो गया उसे वैसे ही छोड़ दिया गया जिससे वहां धूल उड़ने की संभावना बनी हुई है। इसलिए इन टीमों को कड़ाई के साथ इन स्पाटों की निगरानी का आदेश दिया गया है।

मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग पानी का छिड़काव तेज करने पर जोर दें। पानी के छिड़काव को लेकर मंगलवार से स्पेशल अभियान चलाया जाएगा। एमसीडी के डीसी को हॉटस्पॉट पर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिए। दिल्ली में चिन्हित 13 हॉटस्पाट की और कड़ाई से मानिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान को 14 नवंबर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान पूरे एक महीने यानी 14 नवम्बर से 14 दिसम्बर तक चलाया जाएगा इस अभियान के तहत पूरी दिल्ली में निगरानी के लिए 611 टीम तैनात की गयी है। यह टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओ की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि ऑड-ईवन के संबंध में कहा कि यदि प्रदूषण का स्तर सिवियर प्लस कैटेगरी में पहुँचता है तो फिर सरकार इस पर विचार करेगी और इसे लागू करने की दिशा में कदम उठाएगी।

## दिल्ली-एनसीआर में दिवाली में दिए व पटाखे से 220 से अधिक घायल

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दिवाली में पटाखे व दिए जलाने पर 220 से अधिक लोग घायल हो गए। इन घायलों को उपचार के लिए एम्स, सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया, लोकनायक, जीटीबी, डीडीयू, संजय गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, बाबू जगजीवन राम, जग प्रवेश सहित दिल्ली के अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों में लाया गया। इनमें से करीब 10 फीसदी मरीज गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें कुछ ज्यादा गंभीर थे जिन्हें तुरंत आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। वहीं कुछ मरीजों की हाथों की अंगुलियां तक पटाखे से उड़ गए। जबकि कई को गंभीर रूप से चोट लगी। डॉक्टरों की माने तो इस बार पटाखे और दिये से जलने वाले वालों की संख्या ज्यादा है। इसके अलावा सजावट के दौरान बिजली का करंट व अन्य से भी घायल होकर लोग अस्पताल पहुंचे हैं। दिल्ली में पिछले साल भी 216 से अधिक लोग घायल होकर अस्पताल पहुंचे थे।

एम्स से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में 11 और 12 नवंबर को कुल 31 मरीज घायल



- **करीब 10 फीसदी मरीज गंभीर स्तर तक घायल, करना पड़ा आईसीयू व अन्य जगहों पर भर्ती**
- **आरएमएल में आए तीन बच्चे की हालत खराब, हाथ में पटाखा फटने पर अंगुली को हुआ नुकसान**

होकर अस्पताल पहुंचे। इनमें से दिये से जलने वाले आठ मरीज थे। इनमें से पांच को आईसीयू में रखा गया। जबकि तीन को ओपीडी में देखने के बाद छुट्टी दी गई। वहीं पटाखे से 21 मरीज घायल हुए। इसमें से छह मरीज को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। एक को वार्ड में और 14 मरीज को सामान्य ओपीडी में देखने के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं बिजली का करंट लगने से घायल होकर दो मरीज पहुंचे और दोनों को आईसीयू में भर्ती किया गया।

सफदरजंग अस्पताल में घायल होकर 100 मरीज पहुंचे। इनमें 86 मरीज कम घायल होकर और 14 मरीज गंभीर रूप से घायल होकर पहुंचे। इनमें सबसे ज्यादा पुरुष 78 और महिला 22 रही। इनमें 12 साल से कम 21 मरीज और 12 साल से अधिक 77 रहे। इनमें दिया से जलने वाले 18 और पटाखे के 82 मरीज हैं। इनमें दिल्ली से 93 और दिल्ली के बाहर से 7 मरीज हैं। वहीं डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में करीब 30 मरीज पहुंचे। इनमें करीब 40 फीसदी बच्चे हैं। इनमें से अधिकतर मरीजों को सामान्य चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि तीन बच्चों को भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि इन तीन बच्चों के हाथ में पटाखा फट गया था। इस बच्चों की उम्र 21, 17 और 7 साल है। ऐसा बताया जा रहा है इनकी अगुंली भी उड़ गई, हालांकि उपचार पूरा होने के बाद पता चलेगा कि कुल कितना नुकसान हुआ है।

## सार संक्षेप

### मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी जुड़े पारस घी के साथ

**नई दिल्ली।** पारस डेयरी फूड सेक्टर में छह दशकों से शुद्धता और भरोसे के लिए जाना-माना नाम है। 1960 में कारोबार शुरू किया और तब से ही पारस ने ग्राहकों पर अपना विश्वास बनाये रखा हैं। घर-घर में पारस के ताजा डेयरी प्रोडक्ट दिखते हैं। पारस का असली भरोसा असली घी कैम्पेन ईमानदारी और शुद्धता जैसे मूल्यों पर बल देता है, जबकि अक्सर इन मूल्यों को आज के ज़माने में हम नजरअंदाज कर देते है। पारस डेयरी के सीएमओ वी.पी.एस. मलिक ने बताया कि शेफ हरपाल सिंह सोखी ने पारस को चुना और इस पर भरोसा किया। इसको इसकी बेहद खुशी है। डेयरी की दुनिया में पारस की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के चलते ही मशहूर शेफ सोखी जी ने हमें चुना है। फाइन डाईनिंग के मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी ने कहा कि वे असली और शुद्ध जैसे अनोखे गुणों को लेकर ही पारस से जुड़े हैं। इन गुणों को लेकर उनका रेस्टोरेंट कारीगारी हैंडक्राफ्टेड बिस्ट्रो' पुरस्कृत रहा है।

### इकबाल हुसैन बने जामिया के कार्यवाहक कुलपति

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के उप कुलपति इकबाल हुसैन ने नजमा अख्तर के सेवानिवृत्त होने के बाद सोमवार को विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति का पदभार संभाल लिया। अख्तर विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति थीं। विश्वविद्यालय की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नए कुलपति की नियुक्ति होने तक हुसैन कार्यवाहक कुलपति के तौर पर कामकाज संभालेंगे। अख्तर को अप्रैल 2019 में पांच साल या 70 वर्ष की आयु तक के लिए कुलपति नियुक्त किया गया था। बयान में कहा गया है कि 12 नवंबर 2023 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति के तौर पर प्रोफेसर नजमा अख्तर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इकबाल हुसैन नई नियुक्ति तक कार्यवाहक कुलपति के तौर पर कार्यभार संभालेंगे।

### बाहरी उत्तरी दिल्ली में मां-बेटी को गोली मारी

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली में एक अज्ञात हमलावार ने मां-बेटी को गोली मार दी। दोनों घायल महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। दोनों की पहचान दिल्ली के खेड़ा कलां निवासी राकेश देवी (45) और पिंकी (22) के रूप में हुई है। विवरण साझा करते हुए अधिकारी ने कहा कि रविवार शाम 4:10 बजे, अलीपुर पुलिस स्टेशन में एक पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में कॉल प्राप्त हुई जिसमें कहा गया था कि श्याम कांटा, बुधपुर अलीपुर के पास खेरा कलां में दो महिलाओं को गोली मार दी गई है, जो अभी भी जिंदा हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और पीसीआर वैन भी मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर दो घायल महिलाएं पड़ी हुई थीं, घटनास्थल के आसपास कारतूस पाए गए।' 'दोनों घायलों को पीसीआर वैन में अस्पताल (बीजेआरएम) ले जाया गया और इलाज दिया गया। बंदूक की गोली हाथ और पैरों पर लगी। दोनों का शालीमार मैक्स अस्पताल में इलाज चल रहा है और फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं।'

## दिल्ली में दिवाली के बाद आज प्रदूषण का स्तर 1 से 9 नवम्बर की तुलना में काफी बेहतर है: वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार विजनलेस सरकार है जो दिवाली उत्सव के प्रति पक्षपाती है और हर साल



सर्दियों के प्रदूषण का दोष दिवाली पटाखों की एक रात पर मढ़ने की कोशिश करती है। श्री सचदेवा ने उदाहरण देते हुए कहा कि 4 नवंबर को आनंद विहार का एक्यूआई 498 था तब क्या पटाखे चल रहे थे जबकि दिवाली उत्सव के बाद आज एक्यूआई 250 के आस -पास था। पिछले एक महीने से पूरी दिल्ली प्रदूषण की मार झेल रही है परंतु पंजाब की पराली, धूल और दिल्ली की ख़स्ताहाल सड़कों पर केजरीवाल चुप हैं। पंजाब में पराली जलाने के कारण से 1 से 9 नवंबर की घुटन वाली हवा की तुलना में आज हवा काफी साफ थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई में पराली के कारण को चिन्हित किया था तथा प्रदूषण रोकने के लिए इन्हें कोई ठोस उपाय लाने को कहा था। अरविंद केजरीवाल बतायें क्या कोई योजना उन्होंने न्यायालय के सम्मुख रखी ? यह वास्तव में आश्चर्य की बात है कि दिल्ली के मंत्री गोपाल राय दिल्लीवासियों द्वारा पटाखे फोड़े जाने पर प्रदूषण का दोष बता रहे हैं जबकि दिल्ली मे प्रदूषण एक दो महीने की नही बारह महीने की समस्या है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुऐ केजरीवाल सरकार को दिल्ली में प्रदूषण के लियें एक नीतिगत आल वैदर प्लान बनाना चाहिए।

दिल्ली भाजपा मांग करती है की केजरीवाल सरकार दिल्ली में विभिन्न मौसमों में प्रदूषण के अलग अलग कारणों और उनके समाधान पर एक सर्वदलीय बैठक बुला कर श्वेत पत्र प्रस्तुत करे।

## दिल्ली में एक बार फिर प्रदूषण के स्तर में बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में प्रतिबंध के बावजूद दिवाली के दिन हुई जमकर आतिशबाजी के कारण सोमवार को प्रदूषण का स्तर फिर काफी बढ़ गया और सुबह धुंध छाई रही । देश की राजधानी में रविवार को दिवाली के दिन आठ वर्षों में सबसे बेहतर वायु गुणवत्ता दर्ज की गई थी। इस दौरान 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अपराह्न चार बजे 218 दर्ज किया गया था। हालांकि, रविवार देर रात तक आतिशबाजी होने से कम तापमान के बीच प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी हुई। सुबह सात बजे एक्यूआई 275 (खराब श्रेणी) पर था। शादीपुर (315), आयानगर (311), लोधी रोड (308), पूसा (355) और जहांगीरपुरी (333) सहित कुछ क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया। इन क्षेत्रों में पीएम2.5 (सूक्ष्म कण जो सांस लेने पर श्वसन तंत्र में प्रवेश कर सकते हैं और श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं)



की सांद्रता 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक रही। आतिशबाजी से राजधानी के ओखला और जहांगीरपुरी सहित कई स्थानों पर सुबह के समय पीएम 2.5 की सांद्रता 1,000 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में पिछले साल दिवाली पर एक्यूआई 312, 2021 में 382, 2020 में 414, 2019 में 337, 2018 में 281, 2017 में 319 और 2016 में 431 दर्ज किया गया था। दिवाली के एक दिन बाद शहर का एक्यूआई 2015 में 360, 2016 में 445, 2017 में 403, 2018 में 390, 2019 में 368, 2020 में 435, 2021 में 462 और 2022 में 303 था। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 450 के बीच गंभीर माना जाता है। एक्यूआई के 450 से ऊपर हो जाने पर इसे अति गंभीर श्रेणी में माना जाता है। इस दिवाली से ठीक पहले रुक-रुक कर हुई बारिश और तेज हवा के चलते राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार और रविवार को आसमान साफ रहा और धूप खिली रही। राजधानी में 28 अक्टूबर से दो सप्ताह तक हवा की गुणवत्ता बेहद खराब से गंभीर तक रही और इस अवधि के दौरान राजधानी में दमघोंटू धुंध छाई रही। पिछले तीन वर्षों के रुझान को देखते हुए दिल्ली ने राजधानी के भीतर पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर व्यापक प्रतिबंध की घोषणा की थी। दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने वाले डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को पीएम 2.5 के 35 प्रतिशत प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों, विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में पराली जलाए जाने से निकला धुआं जिम्मेदार था। सोमवार को इसके 22 फीसद और मंगलवार को 14 फीसद रहने के आसार हैं। आंकड़ों में यह भी पाया गया कि परिवहन, दिल्ली में प्रदूषण का एक अन्य प्रमुख कारण है, जिसका पिछले कुछ दिनों में दिल्ली की खराब हवा में 12 से 14 प्रतिशत का योगदान रहा।

## दिवाली पर दमकल सेवा को मिलीं 208 फोन कॉल

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दिवाली के मौके पर रविवार को दिल्ली दमकल विभाग को आग लगने से संबंधित 208 फोन कॉल मिली। इनमें से 22 कॉल पटाखों के कारण आग लगने की थीं। दिल्ली दमकल विभाग के अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सदर बाजार, ईस्ट ऑफ कैलाश, शास्त्री नगर, सुल्तानपुर और तिलक नगर में आग लगने की बड़ी घटनाएं हुईं लेकिन इनमें कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि राजधानी के सदर बाजार स्थित एक गोदाम में लगी आग पर काबू पाने में दमकल की 22 गाडियों को दो घंटे लगे। ?

अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर में एक मार्केट में आग लगने से आधा दर्जन दुकानें जलकर खाक हो गईं। उन्होंने



- **तिलक नगर में आग लगने से आधा दर्जन दुकानें जलकर खाक**

बताया कि बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी में भी आग लगने की घटना सामने आई है। अधिकारी ने कहा कि हमें मंगोलपुरी, बजलीत नगर, भोरघाघ, राजौरी गार्डन, कोहाट एन्क्लेव से आग लगने की 16 कॉल मिलीं, इसके अलावा तीन सडक़ दुर्घटना की भी कॉल मिली। उन्होंने बताया कि तीन कॉल बंद घरों के बारे में थीं।

डीएफएस ने आगे कहा कि 208 में से 166 कॉल आग लगने को लेकर थीं। इनमें से 22 कॉल पटाखों के कारण और 21 कॉल कूड़े में आग लगने से संबंधित थी। उन्होंने बताया कि अन्य कॉल पक्षियों व पशुओं को बचाने, सडक़ हादसों और अन्य वजहों से प्राप्त हुई। पिछले 13 वर्षों का विवरण साझा करते हुए, दमकल विभाग ने बताया कि 2011 में 206 कॉल, 2012 में 184 कॉल, उसके अगले साल 177 कॉल, 2014 में 211 कॉल, 2015 में कुल 290 कॉल, 2016 में 243 कॉल, 2017 में 204 कॉल आग लगने को लेकर मिली थीं। उन्होंने बताया कि साल 2018 में आग से संबंधित कुल 271 कॉल, 2019 में 245 कॉल, 2020 में 205 कॉल, 2021 में 152 कॉल और 2022 में 201 कॉल मिली थीं।

## भाजपा का बडा आरोप-महादेव ऐप का पैसा गांधी परिवार तक पहुंचा

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव के भाजपा ने कांग्रेस पर बडा हमला किया है। पार्टी आरोप लगाया हैकि महादेव ऐप घोटाले का पैसा सिर्फ छत्तीसगढ तक ही सीमित नहीं है, इसे गांधी परिवार तक पहुंचाया गया है।



पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बडा पर्व है,जिसे छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदूषित कर रहे हैं। उन्होंने गांधी परिवार पर आरोप लगाते हुए कहाकि बघेल कांग्रेस के गांधी परिवार की सेवा कर रहे हैं और महादेव ऐप के घोटाले का पैसा गांधी परिवार तक पहुंचा रहे हैं। इससे बडा गवाह और क्या होगा,जब अभियुक्त खुद कह रहा है कि उसने भूपेश बघेल को 508 करोड रुपए दिए हैं। इस काले धन का उपयोग कांग्रेस पार्टी चुनावी राज्यों में कर रही है। भाटिया ने गांधी परिवार के साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे पर भी निशाना साधते हुए कहाकि वे और गांधी परिवार गाजा पर तो बोल रहे हैं,लेकिन महादेव ऐप घोटाले पर एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहाकि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है,कोई भी संवैधानिक पद पर लूट की गांरटी नहीं देता है। भाटिया ने भूपेश बघेल को घोटाले का मुख्य सूत्रधार बाते हुए कहाकि जांच एजेंसी उन तक जरूर पहुचेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहाकि गांधी परिवार और राहुल गांधी भारत में रहकर देश को खोखला कर रहे हैं।

## दिल्ली वायु प्रदूषण: ट्रैफिक पुलिस ने दिवाली के दिन 400 से ज्यादा चालान काटे

**नई दिल्ली,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने दिवाली के दिन यातायात नियमों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के 400 से अधिक चालान जारी किए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर 84 बीएस III पेट्रोल वाहनों के चालान जारी किए गए। एक वरिष्ठ यातायात पुलिस अधिकारी ने कहा, 'इसी तरह, 318 बीएस IV डीजल वाहनों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप 336 चालान हुए। आवश्यक वस्तुओं को ले जाने या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वालों को छोड़कर, दिल्ली में अन्य वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के कारण दस 12 ट्रकों का चालान किय गया। उन्होंने कहा, 'इसी तरह, आवश्यक सेवाओं में शामिल ईवी/सीएनजी/बीएस-VI डीजल वाहनों को छोड़कर, दिल्ली के बाहर पंजीकृत आठ एलसीवी को प्रवेश प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। विशेष रूप से दिल्ली में पंजीकृत डीजल-संचालित एचजीवी/एमजीवी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि वे आवश्यक वस्तुओं को ले जाने या आवश्यक सेवाएं प्रदान करते समय छूट दी गई थी।' अधिकारी ने आगे कहा कि 3 नवंबर से 12 नवंबर तक कुल 2126 बीएस III पेट्रोल वाहनों



पर सड़कों पर चलने के लिए मुकदमा चलाया गया, जिसके कारण 2193 चालान जारी किए गए, जिनमें से नौ वाहनों को जब्त कर लिया गया। अधिकारी ने कहा, 'कुल 9496 बीएस IV डीजल वाहन सड़कों पर चलते पाए गए, जिसके परिणामस्वरूप 9903 चालान जारी किए गए, जिनमें से 33 वाहनों को जब्त कर लिया गया। दिल्ली में ट्रक यातायात के प्रवेश पर प्रतिबंध (आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले/आवश्यक आपूर्ति प्रदान करने वाले ट्रकों को छोड़कर) सेवाओं और सभी एलएनजी/सीएनजी/इलेक्ट्रिक ट्रकों) के कारण 197 वाहनों पर मुकदमा चलाया गया, 215 चालान जारी किए गए और 01 वाहनों को जब्त किया गया। अधिकारी ने कहा, आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाली गाड़ियों को छोड़कर,कुल 28 दिल्ली पंजीकृत डीजल एचजीवी/एमजीवी सड़कों पर चलते पाए गए, जिसके परिणामस्वरूप 28 चालान जारी किए गए।

अधिकारी ने यातायात प्रबंधन बढ़ाने, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और स्वच्छ ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए अन्य एजेंसियों के साथ सहयोगात्मक प्रयासों पर जोर दिया। अधिकारी ने कहा, 'गैर-नियत मालवाहक वाहनों को प्रमुख सीमा प्रवेश बिंदुओं पर पुनर्निर्देशित किया जा रहा है और ट्रैफ़िक सिग्नल के समय को वास्तविक ट्रैफ़िक प्रवाह के साथ संरेखित करने के लिए नियमित रूप से समायोजित किया जाता है। हम बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए नागरिकों से ट्रैफ़िक नियमों का पालन करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और योगदान देने के लिए वाहनों के उत्सर्जन को कम करने का आग्रह करते हैं।' वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के लिए एक समर्पित कदम में एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 5 नवंबर को जीआरएपी के चरण IV के तहत निर्दिष्ट सभी उपायों को ईमानदारी से लागू करने का संकल्प लिया, जिसे 'गंभीर' के रूप में नामित किया गया है।

### दिल्ली में एक शख्स की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को एक व्यक्ति द्वारा चाकू से हमला करने के बाद 35 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम : नरवाना- कुरूक्षेत्र खंड पर एलसी नंबर 2, 3, 10, 18, 19, 20, 26, 30, 33, 38, 41, 45, 50, 53, 55 और 60 का सुधार और उन्नयन। | |
| 2. | अनुमानित लागत : रु. 13555658.69/- | |
| 3. | धरोहर राशि : रु. 217800/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट:- एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। | |
| 4. | समापन अवधि : 12 महीने | |
| 6. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 08.12.2023 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 08.12.2023 को 15:00 बजे। |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.Gem.gov.in पर उपलब्ध है |
| 8. | सामान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोट :- शपथ पत्र संलग्नक-XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। पत्र संख्या :- 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/23-24/डब्लू-I (NIT-44) दिनांक :- 13.11.2023 3552/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

दिवाली की रात की ये घटना है। पीड़ित परिवार के रिश्तेदार दीपक ने बताया कि उसके मौसा का नाम विजय कुमार है, जिनकी उम्र इस समय करीब 72 वर्ष है। इसके अलावा विजय कुमार के दामाद सौरभ सिंह (40 वर्षीय) और पड़ोस में रहने वाली 8 साल की बच्ची सेक्टर-119 में स्थित एल्डिको आमंत्रण हाउसिंग सोसाइटी के बाहर टहल रहे थे। तभी एक लाल काले रंग की कार आई और तीनों को टक्कर दी।

**शक्ति अवस्थी, एडीसीपी**

### दिल्ली के एक गांव से लाता था सांप और वेनम

## दोबारा ली जा सकती है पांचों आरोपियों की रिमांड

**नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। एल्विश केस में पांच आरोपियों को 54 घंटे की रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया। राहुल ने पुलिस को बताया कि रेव पार्टी में सांप और वेनम दोनों ही दिल्ली के बदरपुर के पास एक गांव से आता था। इसे सपेरों का गढ़ में माना जाता है।

डिमांड के अनुसार यहां राहुल अपने कनेक्शन का प्रयोग करके सपेरे, ट्रेनर, सांप और वेनम सब लेकर पार्टी में जाता था। राहुल ने पुलिस को कई नाम बताए जिनकी रेव पार्टी में बीन प्रोग्राम और सांपों का खेल करवाता था। कई ऐसे नाम भी है जो एल्विश और फाजिलपुरिया से संबंधित भी है।



### प्रशासन ने जानकारी का किया खुलासा

जरुरत पड़ने पर राहुल समेत पांचों आरोपियों की दोबारा से रिमांड ली जा सकती है। पुलिस ने साफ किया कि काफी जानकारी मिल चुकी है। लेकिन राहुल और एल्विश को आमने सामने बैठाकर पूछताछ नहीं कराई जा सकी। पहले दिन राहुल ने बताया था कि उसने सबसे ज्यादा पार्टी गुरुग्राम में की। दूसरे दिन पुलिस उसे गुरुग्राम और दिल्ली के फार्म हाउस लेकर गई। कई साक्ष्य मिले। जरुरत पड़ने पर पुलिस दोबारा से कोर्ट में रिमांड के लिए अर्जी देगी।

### फाजिलपुरिया को जारी होगी नोटिस, आला अधिकारी लेंगे फैसला

इस केस में पहले फाजिलपुरिया का एल्विश के साथ वीडियो फिर राहुल के बयान में फाजिलपुरिया

■ **एल्विश और फाजिलपुरिया से जुड़े कई मीडियटर के नाम बताए**

का बार बार जिक्र आना पार्टी ऑर्गनाइज कराना।

पुलिस को फाजिलपुरिया पर संदेह है। ऐसे में सिंगर फाजिलपुरिया को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ये निर्णय आला अधिकारी लेंगे।

### एल्विश के मीडिएटर तक पहुंची पुलिस

दो दिन की रिमांड के बाद राहुल ने पुलिस को ऐसे नाम बताए जो चौकाने वाले है। लेकिन पुलिस इन नामों को गोपनीय रखना चाहती है। पुलिस का कहना है जब तक वेरीफाई या इनके मीडिएटर से पूछताछ नहीं की जाती है। तब तक कुछ कह पाना सही नहीं होगा।

इस बीच एल्विश जिस मीडिएटर के जरिए राहुल से पार्टी में सांप और वेनम मंगवाता था। उसका पता लग गया है। पुलिस जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर सकती है।

## नोएडा में आज दिन भर रहा औसतन 363 रहा एक्यूआई

**पिछले छह सालों का देखे रिकार्ड, हवा की रफ्तार तेज से छटा प्रदूषण**

**नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। इस बार पटाखों पर प्रतिबंध था। इसके बाद भी जमकर पटाखे जले। दिवाली से दो दिन पहले बारिश हुई जिससे पलूशन को राहत मिली। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी आंकड़ों के तहत 12 नवम्बर को एयर क्वालिटी इंडेक्स 189 रिकार्ड किया गया। रात में आतिशबाजी की गई। 13 नवम्बर को दिन भर का औसतन एक्यूआई 363 रिकार्ड किया गया। इसे वेरी पुअर की श्रेणी में रखा गया है। इसलिए यहां लगी पाबंदी अभी जारी रहेंगी।ढआईएमडी के मुताबिक पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में तापमान में बदलाव आएगा। यहां ठंड बढ़ेगी जिससे कोहरा भी बढ़ेगा। इस स्थित में पीएम-2.5 और पीएम-10 दोनों के कण हवा में जम जाएंगे। जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। हालांकि दो से तीन दिन हवा में सुधार रहने की उम्मीद है। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी उत्सव ने बताया कि रात में हवा की रफ्तार 17 से 18 किमी प्रतिघंटा थी। इसलिए धूल के कण हवा के साथ बह गए। इससे वातावरण साफ रहा।

**अब जानते है पिछले 8 सालों में दिवाली के एक दिन पहले और बाद का एक्यूआई**

| साल | दिवाली के दिन | दिवाली के बाद |
|---|---|---|
| 2017 | 266 | 402 |
| 2018 | 288 | 432 |
| 2019 | 358 | 397 |
| 2020 | 425 | 441 |
| 2021 | 404 | 475 |
| 2022 | 169 | 259 |
| 2023 | 189 | 363 |

## श्रीकांत त्यागी को सुप्रीम कोर्ट से झटका नहीं मिली सुरक्षा

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। सोसाइटी में एक महिला पर कथित हमला करने को लेकर पिछले साल गिरफ्तार किए गए स्थानीय नेता श्रीकांत त्यागी को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने त्यागी की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने पुलिस सुरक्षा दिए जाने की गुहार लगाई थी। त्यागी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद वह चर्चा में रहे थे। वीडियो में वह नोएडा में अपनी सोसाइटी की एक महिला के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और मारपीट करते दिखे थे।

नोएडा के सेक्टर 93 (बी) में ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी के परिसर में त्यागी के पौधारोपण पर महिला ने कथित तौर पर आपत्ति जताई थी। त्यागी पर महिला से मारपीट और दुर्व्यवहार करने का मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एससी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। अत: अपील के लिए दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।

शीर्ष अदालत भाजपा के निष्कासित नेता त्यागी द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के चार जुलाई के फैसले को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने त्यागी की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि एक व्यक्ति, जिसने हिंसा को चुना और मानव जीवन को महत्व नहीं देता है, उसे यह निवेदन करने का कोई अधिकार नहीं है कि सरकार को उसके विरोधियों से उसके जीवन की रक्षा करने के लिए उसको विशेष सुरक्षा मुहैया कराए।

हाईकोर्ट ने कहा था कि हमारी राय में व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान करने से ऐसे व्यक्ति की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा जिससे बड़े पैमाने पर समाज को नुकसान होगा। एक व्यक्ति, जिसने हिंसा को चुना है। उसके लिए मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं है, उसे यह दलील देने का कोई अधिकार नहीं है कि राज्य को उसकी सुरक्षा का इंतजाम करना चाहिए। वह प्रतिद्वंद्वियों से अपने जीवन की रक्षा के लिए खुद उपाय करे। हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसे व्यक्ति को यदि कोई खतरा है, तो वह उसका खुद का बनाया हुआ मामला है, जिसके लिए राज्य उसे सुरक्षा प्रदान करने के लिए आगे नहीं आ सकता है।

**सार संक्षेप**

### पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी को 6 माह के लिए जनपद से किया जिला बदर



**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र के गांव बिरोड़ी फोलादपुर निवासी प्रेमपाल पुत्र भजनी को किया गया 6 माह के लिए जिला बदर प्रेमपाल के लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण क्षेत्र में गुंडागर्दी के बल पर अपराधिक एवं समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त होने के संबंध में थाना चोला पर गंभीर प्रकृति के विभिन्न अपराध पंजीकृत हुए है विपक्षी के अपराधिक कृत्यो से जनता में भय आतंक व्याप्त है जिसके कारण क्षेत्र की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है तथा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही देने और रिपोर्ट लिखाने की हिम्मत नहीं करता उपरोक्त समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के पर्याप्त सबूतों के आधार पर जिलाधिकारी बुलंदशहर द्वारा प्रेमपाल उपरोक्त को 6 माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है जिलाधिकारी सीपी सिंह बुलंदशहर के आदेश के क्रम में सोमवार को जिला बदर अपराधी प्रेमपाल उपरोक्त को नियमानुसार गांव में आदेश की प्रति मकान पर चस्पा कर मुनादी करा कर जिले की सीमा से निष्कासित किया गया तथा अभियुक्त निर्धारित अवधि के अंदर अगर जिले की सीमा में प्रवेश करता हैं तो इसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बंगाली समाज का उत्सव सिंदूर खेला के साथ काली पूजा का समापन



**नोएडा।** बंगाली समाज की ओर से सेक्टर-73 महादेव अपार्टमेंट स्थित सेंट्रल पार्क में दीपावली की मध्य रात्रि से काली पूजा का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रतिमा का विसर्जन किया गया धूमधाम से किया गया इस दौरान सिंदूर खेला गया ढोल नगाड़ों की धुन पर महिलाओं बच्चों ने जमकर नृत्य किया इस दौरान सोसाइटी के निवासियों ने मां का आशिर्वाद लिया। राजू विस्वास ने बताया कि सबसे पहले मां काली का आव्हान किया गया। और रात में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे लकी ड्रा में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष सतवीर यादव, अनिरुद्ध राय, कृष्णा शाह, रंजीत झा, अमित कुमार, विनय सिंह, रवि राठौर, सुबोध झा मौजूद रहे।

## राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने अपने पिता को दी श्रद्धांजलि



**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को अपने पिता पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट के समाधि पर पुष्प अर्पित करने के साथ गोवर्धन पूजा किया। सचिन पायलट अपने पैतृक गांव वैदपुरा ग्रेटर नोएडा में पहुंचे, इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता पहुंचकर उनका स्वागत किया। सचिव पायलट हर वर्ष अपने पिता का श्रद्धांजलि देने के लिए ग्रेटर नोएडा पहुंचते हैं। अपने पिता स्व: राजेश पायलट की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद यहां उपस्थित किसानों नौजवानों परिवार के सदस्यों तथा कार्यकर्ताओं से आसपास के ग्रामीणों का हाल-चाल पूछा दीपावली गोवर्धन भैया दूज की बधाई शुभकामनाएं दी। इस दौरान अजय चौधरी राष्ट्रीय संयोजक भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस प्रभारी राजस्थान एवं उत्तराखंड, मनोज चौधरी पूर्व प्रत्याशी जेवर विधान सभा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पायलट का कार्यकर्ताओं ने डीएनडी पर किया स्वागत



राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट का भव्य स्वागत नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने डीएनडी फ्लाईओवर पर किया। सचिन पायलट हर वर्ष की भांति अपने पैतृक गांव वैदपुरा गोवर्धन पूजा में शामिल होने के लिए नोएडा पहुंचे थे। इस अवसर पर राम कुमार तंवर ने अपने साथियों के साथ अपने नेता सचिन पायलट का फूल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर ढोल बाजे के साथ स्वागत किया। राम कुमार तंवर ने कहा कि सचिन पायलट का पैतृक जनपद होने के नाते उनका अपने गृह जनपद से विशेष लगाव रहता है। उन्हें जब भी मौका मिलता है वह समय-समय पर अपने गृह जनपद में अपने क्षेत्र के वासियों से मिलने के लिए उनके बीच में पहुंचते रहते हैं। गौतम बुध नगर के निवासियों का भी सचिन पायलट से विशेष लगाव है। वह इस क्षेत्र के ही नहीं समस्त देश के सर्वमान्य नेता है। सचिन पायलट ने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर सबको साथ लेकर भाईचारे का संदेश देकर इस पावन पर्व को मनाना चाहिए हमें जाति धर्म से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। तभी देश विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। मौजूदा भाजपा सरकार ने आपसी भाईचारे में जहर घोलने का काम किया है। जिसके कारण देश में तनाव एवं अराजकता का माहौल फैला हुआ है। अब जनता भाजपा की ऐसी जन विरोधी नीतियों को समझ चुकी है आने वाले समय में जनता इनको मुंहतोड़ जवाब देने वाली है। आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है।

## पटाखा जलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

### बुजुर्ग महिला के सिर में लगी चोट, हिरासत में आरोपी

**नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के छिजारसी कॉलोनी में दिवाली पर पटाखे जलाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस घटना में एक बुजुर्ग महिला के सिर पर डंडा लगने से गंभीर चोट आई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल ले जाया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर 63 क्षेत्र के छिजारसी कालोनी में जितेश 3पुत्र रामवीर परिवार के साथ रहते है। उन्हीं के सामने के मकान में सचिन भी रहता है। कल पूजा के बाद पटाखे चलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद सचिन पक्ष ने डंडा लेकर मारपीट की। डंडा जितेश की मां के सिर में लग गया। उनके सिर से खून निकलने लगा। माता को मेडिकल परीक्षण के बाद उनका प्राथमिक उपचार किया गया। मारपीट करने वाले सचिन को हिरासत में लिया गया है। इस पूरी घटना का एक वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया। जिसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ये वीडियो करीब 45 सेंकड का है। जिसमें साफ दिख रहा है कि दो पक्षों के बीच मारपीट हो रही है। वीडियो में 15 से 20 लोग मौके पर दिखाई दे रहे हैं। साथ ही डंडा है जिससे हमला किया गया। इस मारपीट के बीच कुछ लोग मामले को शांत कराने का प्रयास भी कर रहे है।

## दिवाली के मौके पर दोस्त के पटाखे से फटी दोस्त की जांघ, मौत

**गाजियाबाद,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। लिंकरोड थाना क्षेत्र के झंडापुर में दिवाली की रात एक युवक ने लोहे की नाल से गंदक और पोटाश से अपने दोस्त के पीछे धमाका कर दिया। जिससे उसकी जांघ की नस फट गई। ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई।



एसीपी भास्कर वर्मा ने सोमवार को बताया कि झंडापुर प्रदीप अपने घर में दिवाली के मौके पर पटाखे चला रहा था। उसका दोस्त अफजाल भी उसके साथ था। इन्होंने बताया कि प्रदीप लोहे के पाइप से पटाखे चला रहा था। तभी प्रदीप पटाखा छोड़ते हुए अफजाल के पीछे दौड़ लिया और पटाखा छूटकर अफजाल की जांघ में जा लगा। और उसकी नस फट गई और खून ज्यादा बह गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती किया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर शव कब्जे में मिलकर जांच शुरू की। घटनास्थल पर पुलिस से सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिया है। वीडियो में प्रदीप दोस्त अफजल की जांघ में लोहे की नली से धमाका करता नजर आ रहा है। घटना के बाद प्रदीप फरार है। उसकी तलाश में पुलिस जगह जगह दबिश दे रही है। वहीं दूसरी तरफ घटना में अफजल की भाभी मेहरून निशा ने प्रदीप के खिलाफ लिंकरोड थाने में नामजद मुकदमा कराया है। एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा का कहना है कि परिजन से मिली लिखित तहरीर पर प्रदीप को मुकदमे में नामजद किया है। उसकी तलाश की जा रहा है।

**आयोजन** | शहर में छठ पर्व का आयोजन

## पदाधिकारियों ने की छठ घाट की सफाई शुरू

नोएडा, 13 नवम्बर (देशबन्धु)। सूर्योपासना का पर्व छठ पूजा पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति द्वारा सेक्टर-31 के शहीद भगत सिंह पार्क में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। छठ व्रतियों के लिए यहां समिति के पदाधिकारियों ने छठ घाट की सफाई शुरु की। छठवृतियों की सुविधा के लिए घाट को पहले के मुकाबले बड़ा किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी राघवेंद्र दुबे ने बताया कि घाट में पानी के साथ गंगाजल एवं गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां भी डाली जाएगी।



एक कुंतल गुलाब के फूलों से छठ व्रतियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। घाट पर रोशनी की पूर्ण व्यवस्था होगी। आपात चिकित्सा के लिए डॉक्टरों के साथ एम्बुलेंस तैनात रहेगी और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के साथ पचास वॉलंटियर्स हर हरकत पर नजर रखेंगे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण जैसे संदेश के साथ छठ महोत्सव मनाया जाएगा। 19 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और 20 नवम्बर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महोत्सव का समापन होगा।

### सेक्टर-31 में बनाया जा रहा घाट पहले होगा बड़ा, गंगाजल का होगा प्रयोग

इसके अलावा शहर में नोएडा स्टेडियम और अन्य स्थानों पर भी छठ घाट बनाने की तैयारी हो रही है। यहां प्राधिकरण छठ व्रतियों के लिए साफ सुथरे घाट तैयार करता है। जिनमें टैंकरों के जरिए गंगाजल भरा जाएगा। इसके अलावा नोएडा स्टेडियम में राम में व्रतियों के रुकने की व्यवस्था भी का जाएगी। यहां व्रतियों के लिए झोपड़ी जैसे स्टॉल बनाए जाएंगे। जिसमें वो चाहे तो रात में रुक सकते है।

## कार ने बच्ची समेत तीन को मारी टक्कर

**एल्डिको आमंत्रण सोसाइबटी का मामला, पुलिस की चार टीम गठित**

**नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में दिवाली की रात हिट एंड रन का एक और मामला सामने आया। यह पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र का है। यहां एक लाल रंग की कार ने टहल रहे एक बच्ची समेत तीन लोगों को टक्कर मार दी और फरार हो गया। इसका एक वीडियो सोसाइटी की बिल्डिंग से बनाया गया ।करीब 45 सेकंड के इस वीडियो में दिख रहा है लाल काले रंग की एक कार तेजी से तीन लोगों को टक्कर मारती है। चालक कार लेकर फरार हो जाता है। टक्कर के बाद एक व्यक्ति सड़क पर ही गिर जाता है। वो पूरी तरह से अचेत है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि दिवाली की रात की ये घटना है। पीड़ित परिवार के रिश्तेदार दीपक ने बताया कि उसके मौसा का नाम विजय कुमार है, जिनकी उम्र इस समय करीब 72 वर्ष है। इसके अलावा विजय कुमार के दामाद सौरभ सिंह (40 वर्षीय) और पड़ोस में रहने वाली 8 साल की बच्ची सेक्टर-119 में स्थित एल्डिको आमंत्रण हाउसिंग सोसाइटी के बाहर टहल रहे थे। तभी एक लाल काले रंग की कार आई और तीनों को टक्कर दी। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। तीनों को रात में ही कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीनों अब खतरे से बाहर है। पुलिस की चार टीम आरोपी कार चलाक की तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि सोसाइटी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

### विजय कुमार को लगी गंभीर चोट

दीपक का कहना है कि उनके मौसा विजय कुमार को गंभीर चोट लगी है। उनका इलाज कैलाश अस्पताल में किया जा रहा है। उनको आईसीयू में भर्ती किया गया है। सौरभ सिंह और बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। यह बच्ची विजय कुमार के पड़ोस में अपने परिवार के साथ रहती है। दिवाली पर हुई यह घटना के बाद पूरे परिवार और सोसाइटी में रोष है।

उवाच "

आवेदन पत्रों की कमियों को 12 नवम्बर तक दूर करने का समय दिया गया था। दीपावली का अवकाश होने के चलते इसका समय बढ़ाया गया है। अब आवेदक 15 नवम्बर तक अपने आवेदन की कमियों को दूर कर सकते हैं। जो आवेदन पूरी तरह से सही पाए जाएंगे, उनकी 16 नवम्बर को जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रा गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में होगा। **शैलेंद्र भाटिया, प्राधिकरण ओएसडी**

# कैपिटल ज़ोन

## दीपावली पर हुई जमकर आतिशबाजी, प्रदूषण का स्तर बढ़ा

**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली की रात जमकर की गई आतिशबाजी का असर पूरे देश में दिखने लगा है। सोमवार सुबह ग्रेटर नोएडा के सेक्टर सोसाइटी सहित ग्रेनो वेस्ट में धुंध की मोटी चादर देखी गई है। दीपावली के दो दिन पहले बारिश होने से प्रदूषण का स्तर कम जरुर हुआ था,लेकिन दीपावली पर पटाखे की बिक्री पर रोक लगने के बावजूद भी शहर में खूब पटाखे फोड़े गए। पटाखों की वजह से दिल्ली एनसीआर में भी प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। इससे पहले बारिश ने हवा को सांस लेने लायक कर दिया था।

भारत में रियल टाइम एक्यूआई की जानकारी देने वाली वेबसाइट के अनुसार भारत में दिवाली के बाद सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में दिल्ली का नाम तो है, मगर यह दूसरे नंबर पर है। पहले नंबर पर बिहार की राजधानी पटना का नंबर है, जहां सुबह औसत एक्यूआई 572 दर्ज किया गया। वहीं, दूसरे नंबर पर दिल्ली का एक्यूआर 468 रहा। दिल्ली के पड़ोस में स्थित यूपी के नोएडा का एक्यूआई- 410 यानी बेहद खतरनाक श्रेणी में दर्ज किया गया।

वहीं, यूपी के गाजियाबाद में एक्यूआई 400 से ऊपर है। उधर हरियाणा के रोहतक में एक्यूआई 380 के करीब दर्ज किया गया। देश के टॉप-5 प्रदूषित शहरों में तीन शहर दिल्ली-एनसीआर के हैं। दूसरी तरफ भारत के प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड के आंकड़ों की मानें तो प्रदूषण से भारत के मेट्रो शहरों के हाल भी काफी बुरे हैं। सोमवार शाम को ग्रेटर नोएडा वेस्ट नॉलेज पार्क-पांच में एयर क्वालिटी इंडेक्स 435 दर्ज किया गया जो बेहद खतरनाक रहा है। प्रदूषण हवा के चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली की रात में पटाखे फोड़ने की वजह से घर के बाहर लोगों को भारी प्रदूषण का समाना करना पड़ रहा था।





■ बारिश होने से प्रदूषण का स्तर घटा जरुर था, फिर पहुंच चुका है खतरनाक स्तर पर



## प्रतिबंध के बावजूद दीपावली पर पटाखे की बिक्री

### तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर में जहरीली हवा के चलते जिला प्रशासन ने पटाखे की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाए हुए हैं, लेकिन कुछ लोग चोरी छिपे पटाखे बेंचकर कमाई करने में लगे हुए हैं। दीपावली पर अवैध रुप से पटाखे बेचने पर बिसरख पुलिस ने तीन दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, ये सभी हार्डवेयर और इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में अवैध रूप से बिक्री कर रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध पटाखे जब्त कर कानूनी कार्रवाई की है। बिसरख पुलिस को दीपावली के दिन सूचना मिली कि गौर सिटी के सिटी प्लाजा स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे हैं। पुलिस ने छापेमारी कर दुकान से अवैध पटाखे जब्त किए। पुलिस ने आरोपी दुकानदार मोइन खान निवासी डासना गाजियाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद राइस सिटी चौकी क्षेत्र में पुलिस को अवैध रूप से पटाखे बेचने की सूचना मिली। इस सूचना पर पुलिस ने बिहारी मार्केट स्थित एक हार्डवेयर की दुकान पर छापेमारी की। पुलिस टीम ने यहां से अवैध पटाखे बरामद किए।

पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे बेचने वाले विशाल और राजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रतिबंध के बावजूद शहर और देहात में धड़ल्ले से अवैध रूप से पटाखे की बिक्री हुई। इसके साथ ही देर रात तक लोगों ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आतिशबाजी की।

## घर के आगे शराब पीने का विरोध करने पर तीन लोगों को पीटकर किया घायल

**दनकौर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में घर के आगे शराब पीने का विरोध करने पर तीन दोस्तों को पड़ोस के लोगों ने लाठी डंडों से हमलाकर बेरहमी से घायल कर दिया। घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने आरोपियों को नामजद करते हुए कोतवाली में पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मूलरूप से बुलंदशहर के खुर्जा निवासी कामिल और उसके दो अन्य दोस्त ग्रेटर नोएडा में स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं।



उन्होंने बताया कि वह रोजाना की तरह रविवार की रात में ड्यूटी करके घर को जा रहे थे। इसी दौरान घर के आगे पड़ोस के ही करीब चार लोग शराब पी रहे थे, जब पीड़ित ने बोला कि उनके घर के सामने शराब मत पियो। इसी बात से गुस्साए आरोपियों ने पीड़ित और उसके दो अन्य दोस्तों के साथ गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान वहां लोगों मौजूद थे जिन्होंने दोनों पक्षों का बीच बचाव करा दिया। पीड़ित का आरोप है कि देर रात को आरोपी अपने अन्य और साथियों को लेकर उनके घर पर जबरन गेट को खुलवाकर अंदर घुस गए। जिसके बाद लाठी डंडों से तीनों दोस्तों पर हमला कर दिया। इस घटना में तीनों दोस्तों हाथ, पैर और सिर गंभीर चोट आई है।

लहूलुहान स्थिति में आरोपी तीनों को मौके पर छोड़कर वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बाद में स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। जिसके आधार पर आरोपी सोनू समेत करीब 10 लोगों को नामजद करते हुए पीड़ित पक्ष ने शिकायत की है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी आए दिन मोहल्ले में इसी तरह शराब पीकर लोगों के साथ मारपीट करते रहते हैं। साथ ही घरों के सामने बैठकर दिन में भी शराब पीते हैं। इस संबंध में कई बार स्थानीय लोगों द्वारा भी पुलिस से शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई इन लोगों के खिलाफ नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से ही उन्होंने हमला किया है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## औद्योगिक भूखंड आवेदक 15 तक आवेदन की कमियां करा सकेंगे दूर

**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। औद्योगिक भूखंडों की योजना में आवेदकों को 15 नवम्बर तक आवेदन में कमियों को दूर करने के लिए समय दिया गया है। फाइनल आवेदकों की सूची 16 नवम्बर को जारी की जाएगी। जबकि 17 नवम्बर को ड्रा निकाला जाएगा।

यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 28, 29, 32, 33 में 109 औद्योगिक भूखंडों की योजना निकाली है। योजना में चार हजार वर्गमीटर तक के भूखंड हैं। इसमें 2638 आवेदन आए हैं।

प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि आवेदन पत्रों की कमियों को 12 नवम्बर तक दूर करने का समय दिया गया था। दीपावली का अवकाश होने के चलते इसका समय बढ़ाया गया है।

■ यमुना प्राधिकरण आवेदकों की फाइनल सूची 16 को करेगा जारी, 17 नवम्बर को होगा भूखंड ड्रॉ

अब आवेदक 15 नवम्बर तक अपने आवेदन की कमियों को दूर कर सकते हैं। जो आवेदन पूरी तरह से सही पाए जाएंगे, उनकी 16 नवम्बर को जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रा गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में होगा।

## यमुना प्राधिकरण का मुख्य प्रशासनिक व चार जोनल कार्यालय बनेंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण मुख्य प्रशासनिक दफ्तर और चार अन्य जोनल दफ्तर बनाएगा। बिल्डिंग का डिजाइन तैयार कराने की कवायद शुरू हो गई। इसके साथ प्राधिकरण स्टाफ कॉलोनी बनाएगा। ताकि यहां तैनात होने वाले अफसरों-कर्मचारियों को आवास की दिक्कत न होगा।

यमुना प्राधिकरण मुख्य प्रशासनिक ऑफिस जेवर एयरपोर्ट के पास बनाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-18, 20, 22 ई और सेक्टर-29 में जोनल दफ्तर बनाया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। इसलिए अब दफ्तर जरूरी हैं। अगर किसी आवंटी को कोई जरूरत होगी तो वह अपने भूखंड के पास ही सुविधा ले सकेगा। यमुना प्राधिकरण की अभी आवासीय कॉलोनी नहीं है। प्राधिकरण में तैनात रहने वाले अधिकारी और कर्मचारी गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय या अन्य जगहों पर रहते हैं। आवास की समस्या का समाधान करने के लिए अब आवासीय कॉलोनी बनाने का फैसला लिया गया है। यमुना प्राधिकरण ने आर्किटेक्चर कंसलटेंसी तय करने के लिए आरएफक्यू निकाला है। इसमें दो दिसम्बर तक कंपनियां अपने प्रस्ताव दे सकती हैं। 22 नवम्बर को प्री बिड मीटिंग होगी। इसमें अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं।

चयनित एजेंसी प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक दफ्तार और चार जोनल दफ्तर की डिजाइन तय करेगी। इसके अलावा चयनित आर्किटेक्चर कंसल्टेंसी एजेंसी स्टाफ कॉलेनी का भी डिजाइन बनाएगी। इसके बाद अगली कार्रवाई शुरू होगी।

■ प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए बनेगी स्टॉफ कालोनी
■ प्राधिकरण बिल्डिंग का डिजाइन तैयार कराने के लिए तलाश रही एजेंसी

## श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोसाइटी में मनाया दिवाली उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। जलवायु विहार सोसाइटी ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थानीय इकाई ने आगामी दीपावली उत्सव का आयोजन किया, जिसका थीम राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर आधारित था। इस आयोजन में 2100 दीपों को प्रज्ज्वलित किया गया, जिसमें जै श्री राम और 22 जनवरी 2024 को दीपों की श्रृंखला बनाई गई, जिसमें जलवायु विहार के निवासियों ने हर घर में दीपक रखने का कार्यक्रम बनाया।

प्रोपमार्ट के मालिक मनीष तिवारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज के हर व्यक्ति को अपने धरोहर से जोड़ने का एक मौका मिल रहा है और यह भारतीयों के आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस कार्यक्रम के संयोजन में सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगामी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जन सहभागिता और जन आंदोलन को बढ़ावा देने का प्रण लिया है। निवासियों ने इस तरह के कार्यक्रम 22 जनवरी तक लगातार करने का निश्चय किया। जलवायु विहार के सुभाष तिवारी ने बताया कि भगवान राम विजय प्राप्त करने के उपरान्त अयोध्या में उनके स्वागत पर दिवाली मनायी जाती है, जिसे हम लोग दीपावली से प्राण प्रतिष्ठा तक 22 जनवरी 2023 तक स्वागत कार्यक्रम किये जाने का निश्चय किया गया।



■ 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में मंदिर का किया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कंपनीकर्मी की दर्दनाक मौत

**दनकौर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना नदी के बांध के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने शनिवार की रात बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में परिवार के लोगों ने भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामाकर पोस्टमॉर्टम कराया है।

इस संबंध मृतक के परिजनों ने अज्ञात आरोपी चालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के रामपुर खादर गांव निवासी दिनेश नाथ ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनके चचेरे भाई नरेश नाथ(24) नोएडा में स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी में जॉब करते थे। पुलिस का कहना है कि नरेश रोजाना की तरह शनिवार की रात बाइक पर सवार होकर नोएडा से घर को लौट रहा था। जब वह गांव से कुछ दूरी पर स्थित यमुना नदी के बांध के पास पहुंचा। उसी दौरान एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए। घटना को अंजाम देकर आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। बाद में सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां उपचार के दौरान उनकी शनिवार देर रात मौत हो गई। स्वजन का कहना है कि मृतक की करीब ढाई वर्ष की एक बेटी ही है। उसके पिता और भाई की भी करीब एक वर्ष पहले मौत हो चुकी है। मृतक दिनेश नाथ पर ही घर की जिम्मेदारी थी। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## दीपावली पर भी फ्लैटों की रजिस्ट्री व पजेशन की मांग लेकर किया प्रदर्शन




### घर खरीदारों ने सरकार से पूछा कब दिवाली पर हमारे घर आएगी खुशियां

**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। घर खरीदारों ने रजिस्ट्री और रुके प्रोजेक्ट को शुरु करवाने की मांग को लेकर लगातार घर ख़रीदारों ने 48वें हफ़्ते भी ग्रेनो वेस्ट में प्रदर्शन किया है।

घर खरीदारों ने दिवाली के बावजूद एकमूर्ति पर जुटे और सरकार से अपील की कि उन्हें उनका घर और घर का मालिकाना हक दिया जाए। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा है कि 48 रविवार से घर खरीदार शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार ने वादा किया था कि जल्द घरों की रजिस्ट्री शुरू होगी और जो घर नहीं बने हैं उन्हें बनाने का काम भी शुरू होगा। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी दिवाली तक घर खरीदारों के लिए खुशखबरी आएगी, लेकिन घर खरीदार अब भी सिर्फ़ इंतजार कर रहे हैं। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम, अनिल रात्रा, महेश यादव, अनुपमा मिश्रा और अमित दयाल ने कहा कि सरकार ने हमें निराश किया है। एक तरफ़ मुफ़्त में घर देने के दावे किए जा रहे हैं और दूसरी तरफ़ जिन्होंने पूरे पैसे दे दिए हैं उन्हें घर नहीं मिल रहा, उनके घरों की रजिस्ट्री नहीं हो रही।

उनका ये भी कहना है कि 13 साल बाद भी बिना रजिस्ट्री के वो अपने मकानों में किरायेदार ही हैं वहीं जिन्हें घर नहीं मिला है वो भी किरायेदार बने रहने पर मजबूर हैं। घर ख़रीदारों का कहना है आंदोलन लगातार जैरी रहेगा। आंदोलन का एक साल पूरा होने पर भूख हड़ताल में बड़ी संख्या में घर ख़रीदार शामिल होंगे।

## नशे में धुत कार सवारों ने कुचलने का किया प्रयास

### लोगों ने भागकर बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट की गौर सिटी के 7 एवेन्यू के पास नशे में धुत कार सवारों ने युवक को टक्कर मार दी और कई लोगों को कुचलने का प्रयास किया, लोगों ने भागकर जान बचाई। गौर सिटी के 7 एवेन्यू के बाहर नशे में धुत कार सवारों ने जमकर उत्पात मचाया। घटना के दो वीडियो सामने आए हैं। कार सवारों ने एक युवक को टक्कर मारने के बाद कार सवार आरोपी फरार हो गए। दूसरे वीडियो में भी लोगों को टक्कर मारने के लिए कार को दौड़ाते हुए देखा गया। लोगों का कहना है कि कार सवार नशे में धुत थे। काफी देर से उत्पात मचा रहे थे। सोसाइटी के एक निवासी ने घटना का वीडियो बना लिया। जो सोशल मीडिया पर वायरल है। निवासियों ने बताया कि दिवाली की देर रात एक सफेद रंग की कार सोसाइटी के बाहर रोड पर घूम रही थी। कार में सवार युवक नशे में धुत थे। रोड पर कार को लहरा कर चला रहे थे। कई अन्य वाहन टकराने से बच गए। उसके बाद आरोपियों ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को टक्कर मार दी। पीड़ित युवक सड़क किनारे बनी पार्किंग एरिया में खड़ा हुआ था। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार लेकर फरार हो गए। टक्कर लगने से पीड़ित को चोटें आई है। वहीं सोसाइटी के एक फ्लैट की बालकनी से किसी ने इसका वीडियो बना लिया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं बिसरख कोतवाली पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। इसके अलावा दूसरे वीडियो में आरोपी वहां मौजूद लोगों को भी कुचलने का प्रयास करते हुए दिखायी दिए, इस दौरान लोगों ने कार से आगे से भागकर जान बचाई।



■ घर की बालकनी पर खड़े लोगों ने बनाया वीडियो, पुलिस मामले की कर रही है जांच

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-तुसियाना की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-टी.यू.एस.01441, भूखण्ड संख्या-253/51, क्षेत्रफल- 170 वर्ग मीटर श्री हरीश चन्द पुत्र श्री भरता, निवासी-ग्राम-तुसियाना, जिला- गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री हरीश चन्द पुत्र श्री भरता की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री पवन सिंह, गगन, गजराज पुत्रगण स्व० श्री लखीराम पौत्रगण स्व० श्री हरीश चन्द, श्री अरूण पुत्र स्व0 श्री वीर सिंह, श्रीमती प्रभा पत्नी स्व० श्री वीर सिंह, श्रीमती वीरवती पत्नी स्व० श्री लखीराम पौत्र/पुत्रबधु स्व० श्री हरीश चन्द, निवासी-ग्राम-तुसियाना, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री पवन सिंह, गगन, गजराज पुत्रगण स्व० श्री लखीराम पौत्रगण स्व० श्री हरीश चन्द, निवासी-ग्राम-तुसियाना, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शरथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री पवन सिंह, गगन, गजराज पुत्रगण स्व० श्री लखीराम पौत्रगण स्व० श्री हरीश चन्द, निवासी-ग्राम-तुसियाना, ग्रेटर नोएडा. जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-तुसियाना की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-टी.यू.एस.01379, भूखण्ड संख्या-334ए, क्षेत्रफल 665 वर्ग मीटर श्री सुनील सरीन पुत्र श्री आज्ञापाल सरीन, निवासी-ग्राम-तुसियाना, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री सुनील सरीन पुत्र श्री आज्ञापाल सरीन की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री सुमेर सरीन पुत्र स्व0 श्री सुनील सरीन, सर्वश्री सुकेत सरीन, शिखर सरीन पुत्रगण स्व० श्री सुनील सरीन, श्रीमती अंजली सरीन पत्नी स्व० श्री सुनील सरीन, निवासी-सी-7, महारानी बाग, दिल्ली-110065 में से श्री सुमेर सरीन पुत्र स्व० श्री सुनील सरीन, निवासी-सी-7, महारानी बाग, दिल्ली-110065 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री सुमेर सरीन पुत्र स्व0 श्री सुनील सरीन, निवासी-सी-7, महारानी बाग, दिल्ली-110065 के पक्ष मे सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 14 नवम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# ऐसे आचार्यों से किनारा करे कांग्रेस

ऐसे वक्त में जब कांग्रेस अपने अस्तित्व के साथ-साथ पूरे भारत में लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी व निर्णायक लड़ाई लड़ रही है, तब आचार्य प्रमोद कृष्ण का वह बयान उसे नुकसान पहुंचा सकता है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'कांग्रेस ने एक लफंडर को अपना महासचिव बना रखा है।' साथ ही वे पहले भी अनेक ऐसे बयान दे चुके हैं जो पार्टी के सीधे-सीधे खिलाफ हैं। कांग्रेस अपने इसी प्रकार के सदस्यनुमा खैरख्वाहों की बदौलत भरपूर नुकसान झेल चुकी है। उसे चाहिये कि वह अपने ऐसे आचार्यों और नेताओं पर लगाम कसे या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाये।

उल्लेखनीय है कि आचार्य प्रमोद प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं और वे दो बार कांग्रेस की तरफ से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पहली बार 2014 में संभल और 2019 में लखनऊ से। हालांकि दोनों ही बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। दरअसल हाल ही में आचार्य ने कहा था कि 'कांग्रेस के भीतर कुछ हिन्दू विरोधी भावनाओं के लोग हैं।' इस पर जब कांग्रेस के महासचिव व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला से पत्रकारों ने प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि 'वे ऐसे ऊलजलूल लोगों को छोड़ें और बयानों पर न जायें।' इसी बयान से नाराज़ होकर आचार्य ने ट्वीट कर दिया कि 'कांग्रेस के भाग्य की यह विडम्बना है कि एक ऐसे लफंडर को पार्टी का महासचिव बना दिया गया है जिसने राज्यसभा के चुनाव में विधायक रहते हुए भाजपा के उम्मीदवार और जी न्यूज़ के मालिक सुभाष चंद्रा को जितवाने का पाप सिर्फ एक अश्लील सीडी के प्रसारण को रुकवाने के लिये किया।' इसके पहले उन्होंने बयान दिया था कि 'कुछ ऐसे बड़े कांग्रेसी नेता हैं जिन्हें हिन्दू शब्द से ही नफरत हैं।' उनका यह भी कहना था कि 'कुछ नेताओं को राम मंदिर ही नहीं भगवान राम से भी नफरत है'। वे यहीं तक नहीं रुके और उन्होंने यह भी कहा कि 'दुनिया जानती है कि राम मंदिर के निर्माण को रोकने के प्रयास हुए। इससे सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।'

आचार्य प्रमोद ऐसे लोगों में हैं जो अपने पार्टी विरोधी बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने संयुक्त विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती से गठबंधन किये बगैर उप्र में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी चुनाव जीत ही नहीं सकते।

प्रमोद आचार्य का गुस्सा स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी भड़का है जिन्होंने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को अपनी दिवाली की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि 'दुनिया में सभी रंग-रूप, नस्ल वालों के बच्चे दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख, दो छिद्रों वाली नाक के साथ एक सिर, एक पीठ व एक पेट के साथ पैदा होते हैं। चार हाथ, आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा ही नहीं हुआ तो यह चार हाथों वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है?' उन्होंने यह भी कहा कि 'अगर आपको लक्ष्मी की ही पूजा करनी है तो अपनी पत्नी की पूजा करें जो आपको व आपके परिवार को खाना खिलाती है, देखरेख करती है।' इस पर अनेक हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताई लेकिन आचार्य प्रमोद कुछ ज्यादा ही नाराज़ हो गये। उन्होंने यहां तक कह डाला कि मैं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहूंगा कि उनके बोलने पर पाबंदी लगाई जाए।

इतने समय से कांग्रेस में रहने और कई राजनैतिक उतार-चढ़ाव देखने वाले आचार्य प्रमोद को अगर यह बात नहीं समझ में आती कि ऐसे विवादों से अंततः फायदा कांग्रेस के विरोधियों, वह भी मुख्यतः भारतीय जनता पार्टी को ही होता है, तो उन्हें वहां रहने और पार्टी द्वारा उन्हें अपने साथ जोड़कर रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस कई ऐसे अपनों को झेल चुकी है और उसे इसका बहुत खामियाजा उठाना पड़ा है। वे चाहें मणिशंकर अय्यर हों या सलमान खुर्शीद या फिर कपिल सिब्बल अथवा गुलाम नबी आजाद- अलग-अलग अवसरों पर ऐसे ही बयान देकर पार्टी को नुकसान उठाते रहे हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जो अब कांग्रेस में नहीं हैं लेकिन उनके पार्टी छोड़ने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। सच तो यह है कि ऐसे लोग पार्टी में रहकर ही उसे नुकसान पहुंचाते हैं।

पार्टी को चाहिये कि ऐसे कथित नेतानुमा आचार्यों पर न केवल अंकुश लगाए वरन ज़रूरत पड़ने पर उन्हें निकाल बाहर करें। यह वही पिच है जिस पर भाजपा चाहती है कि उसके सारे विरोधी दल आकर खेलें। व्यक्तिगत रंजिशों व वाद-विवादों से प्रारम्भ होने वाले ऐसे ही प्रकरण धीरे-धीरे बड़ा रूप धरते हैं। कांग्रेस विरोधी पार्टियां इन्हीं सारे बयानों का संदर्भ देकर पार्टी को घेरती है और जनता के सामने उसका कद व महत्व गिराती जाती है। इसके लिये किसी और को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इन अंदरूनी विवादों का हवाला देकर भाजपा तंज कस सकती है कि पहले ये (कांग्रेसी) आपस में मोहब्बत कर लें फिर देशवासियों के बीच नफरत को खत्म करें। अपने एक महासचिव पर इस तरह की टिप्पणी करना किसी भी जिम्मेदार नेता को शोभा नहीं देता। इसके बाद कांग्रेस द्वारा अन्य दलों के नेताओं की ऐसी टिप्पणियों पर उंगली उठाने का हक नहीं रह जाता। आचार्य प्रमोद जैसे लोग ही कांग्रेस की लड़ाई को कमजोर बनाते हैं

# कोई हो ज्यादा चतुरता एक दिन उल्टी पड़ती ही है

कहते हैं ज्यादा चतुराई उल्टी पड़ जाती है! अंग्रेजी में ओवर स्मार्टनेस नेगेटिव टर्म में यूज होता है। राजनीति में तो हमेशा ओवर स्मार्टनेस के नुकसान सामने आते हैं।

मौसम चुनावों का चल रहा है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव हो गए। यहां के पहले मुख्यमंत्री थे अजीत जोगी। स्मार्ट आईएएस। मगर मुख्यमंत्री बनने के बाद ओवर स्मार्ट हो गए। ओवर स्मार्ट का मतलब मैं कुछ भी कर सकता हूं और तीन साल में इतने विवाद पैदा कर लिए कि 2003 में हुए चुनाव में कांग्रेस ऐसी हारी कि फिर 15 साल तक वापस नहीं आ सकी। उसके बाद जब पार्टी छोड़ी तभी 2018 में कांग्रेस की वापसी हुई, कहते हैं कि वे अंदर ही अंदर भाजपा को सपोर्ट करते थे। जो भी हो मगर अब उनके बेटे अमित जोगी भाजपा को खुली मदद करने के लिए सामने आ गए हैं। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से चुनाव मैदान में हैं। उद्देश्य कांग्रेस के वोट काटना है। बघेल का मुकाबला तो भाजपा से ही है जिसने उनके भतीजे विजय बघेल को चाचा के सामने उतारा है। मगर मुख्यमंत्री के अच्छे प्रभाव के कारण मुश्किल में फंसी भाजपा की मदद के लिए अमित जोगी अंतिम क्षणों में यहां चुनाव लड़ने पहुंच गए। जोगी परिवार के तीनों सदस्य चुनाव मैदान में हैं। अमित जोगी की पत्नी ऋचा और उनकी मां रेणू जोगी भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी अपनी पार्टी है जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़। नाम से कांग्रेस का धोखा होता है। इसलिए इन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस के कुछ वोट काटकर भाजपा को फायदा करा सकेंगे। यह ओवर स्मार्टनेस बेटे अमित में पिता अजीत जोगी से भी ज्यादा है।

कांग्रेस जिस दूसरे चुनावी राज्य में ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है वह है मध्य प्रदेश। और यहां भी कांग्रेस के एक पूर्व नेता की ओवर स्मार्टनेस उन्हें अब भारी पड़ रही है। जनता इस तरह करती नहीं है। मगर इस बार वह पूरी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया से बदला लेने के मूड में है। उन्होंने जिस तरह कांग्रेस को कम और जनता को ज्यादा धोखा देकर भाजपा की सरकार बनाई

वह अब उन्हें और उनसे ज्यादा भाजपा को भारी पड़ रही है। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों तक को चुनाव लड़ाना पड़ रहा है। मगर उससे भी कोई राहत नहीं मिली। उल्टे बगावत ज्यादा हो गई। और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे का तो एक वीडियो वायरल हो गया जिससे वे और परेशानी में पड़ गए। वीडियो में बेटा कथित तौर पर करोड़ों रुपए के लेनदेन की बात करता दिखाई दे रहा है।

मध्य प्रदेश में कहा जा रहा है कि केन्द्र और राज्य दोनों जगह इनकी सरकार है। अगर गलत है तो जांच करवा ली होती। झूठा बनाने वाला पकड़ में आ जाता। मगर कोई जांच भी नहीं हुई। कारण किसी को पता नहीं है। लोकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि इसके पीछे पार्टी के अंदर की ही कोई राजनीतिक प्रतिद्वंदिता है। बाहर के किसी आदमी की डबल इंजन सरकार में घुसपैठ नहीं हो सकती। शक की सुइयां उन लोगों की तरफ घूम रही हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

यह जो कहानी की थीम ओवर स्मार्टनेस है उसमें यहां प्रधानमंत्री मोदी भी आ रहे हैं। उन्होंने अपने नाम पर चुनाव लड़ने का माहौल बनाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिल्कुल अलग थलग कर दिया है। मगर एक बात है शिवराज भी बहुत मजबूत दिल वाले नेता हैं। मोदी द्वारा कहीं उनका नाम तक न लेने अपमान की हद तक नजरअंदाज करने के बावजूद शिवराज चुनाव प्रचार में सबसे ज्यादा मेहनत से लगे हुए हैं। दीवाली के दिन वही एकमात्र बड़े नेता थे जो प्रचार में लगे हुए थे। उससे पहले धनतेरस को उन्होंने एक दिन में 11 मीटिंगें कीं। अब यह अलग बात है कि इस समय कोई उन्हें क्रेडिट देने को तैयार नहीं है। मोदी की बेरूखी देखने के बाद राज्य में कई नेता मुख्यमंत्री पद के लिए सज गए हैं। कहते हैं उसी में से किसी ने सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रहे तोमर का यह वीडियो बनवाया है।

खैर वह जो भी हो छत्तीसगढ़ की तरह मध्य प्रदेश में भी भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां और छत्तीसगढ़ दोनों जगह एक-दो दिन बाद मतदान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के दूसरे और अंतिम चरण का होना है और मध्य प्रदेश में एक ही चरण में। 17 नबंबर को। भाजपा या कांग्रेस सीधा मुकाबला है। कांग्रेस की एज (बढ़त) के साथ। दोनों जगह कांग्रेस की एज में उसके दो ऐसे नेता का हाथ है जो अपनी ओवरस्मार्टनेस की वजह से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की सोचकर उसका फायदा कर गए। पार्टी छोड़कर। और सिंधिया भाजपा में जाकर उसकी मदद करने के बदले उस पर बोझ बन गए और उधर छत्तीसगढ़ में जोगी के कांग्रेस छोड़ते ही कांग्रेस का ग्रहण उतर गया।


शकील अख्तर

> राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते। बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है।

मध्य प्रदेश में ग्वालियर-चंबल संभाग जिसे कभी सिंधिया परिवार का गढ़ कहा जाता था और केवल कहा ही नहीं जाता था हमने खुद देखा है कि वे अपने ड्राइवर को भी चुनाव लड़वा देते थे तो जीत जाता था। मगर अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस और जनता को दिए धोखे के बाद जिसे वहां ज्यादा कठोर शब्दों में गद्दारी कहा जा रहा है उनके प्रत्याशियों का जीतना मुश्किल हो रहा है। ग्वालियर चंबल संभाग में 34 सीटें हैं। जहां ज्योतिरादित्य की गद्दारी बहुत बड़ा इशु बना हुआ है। यहीं से केन्द्रीय मंत्री तोमर को भी लड़ाया गया है। मगर एक तो सिंधिया के विश्वासघात या जो इसे यहां की जनता कह रही है गद्दारी से उनकी सीट भी मुश्किल में पड़ गई है। और फिर अभी जब यह लिख रहे हैं तो उनके बेटे का एक और बहुत साफ वीडियो सामने आ गया है। इसमें 500 करोड़ की बात हो रही है।

यह वीडियो मोदी के परिवारवाद इशु और भ्रष्टाचार दोनों की हवा निकाल देगा। परिवारवाद का यह विकृत रूप है कि पिता केन्द्र में मंत्री हो और बेटा वीडियो में 500 करोड़ की बात करता देखा जा रहा हो।

खैर जैसा राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते।

बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है कि वह सत्य की तरफ ले जाते हैं। ओवर स्मार्टनेस का शिखर पर उदाहरण तो केवल एक ही हैं। हमारे प्रधानमंत्री। जिनके लिए राहुल ने सबसे सटीक बात कही थी कि अगर वे भगवान के साथ बैठ जाएं तो उन्हें भी बताने लगेंगे कि सृष्टि कैसे चलाना चाहिए।

इन पांच राज्यों के चुनाव में असल में उनका अस्तित्व दांव पर लगा है। अभी तक वे जो चाहे कर रहे थे। मीडिया अंधभक्त बना उनका समर्थन कर रहा था। मगर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक चुनाव के बाद स्थितियां बदल रही हैं। अब उनका नाले के गैस से चाय बनाना, रडार न पकड़े इसलिए बादलों में से लड़ाकू जहाज निकलवाना, सौ साल तक कांग्रेस नहीं आएगी, मध्य प्रदेश के मन में मोदी है जैसी बातें सुनकर अब लोग चुप नहीं रहते हैं मजाक बनाने लगे हैं।

मोदीजी तो ओवरस्मार्टनेस से आगे जाकर अहं ब्रह्मास्मि की स्थिति तक पहुंच गए हैं। उन्हें अवतार घोषित किया जाने लगा है। लेकिन अब इसका उतार भी शुरु हो गया है। पांच राज्यों के चुनाव बहुत दिलचस्प मोड़ पर हैं। देखना है कि इसमें ओवर स्मार्टनेस वाले नेता चलेंगे या शुद्ध धरातल पर खड़े नेता। कुछ भी कह कर निकल जाने वाले या जनता के रोजगार, महंगाई, मुफ्त शिक्षा इलाज पर बात करने वाले।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# अतीत के गौरव के प्रशंसक पर अंधभक्ति के विरोधी थे नेहरू

पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में कुछ लोगों की यह धारणा है कि वे भले ही पैदा भारत में हुए हों, चिंतन और रहन-सहन से वे पूरी तरह यूरोपीय थे। नेहरूजी के बारे में इस तरह की गलत धारणा फैलाने में दक्षिणपंथी विचारों में विश्वास करने वाले संगठनों एवं समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दकियानूसी और हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस तरह के भ्रम को विस्तार देने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। यह बात पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि इस तरह का भ्रम अज्ञानता अथवा प्रायोजित प्रयासों पर आधारित है। ऐसे तत्व यदि नेहरू जी के विचारों का, उनकी पुस्तकों का, अध्ययन करते तो उनका यह भ्रम दूर हो सकता है।

नेहरू जी ने अनेक किताबें लिखी हैं, जिनके पीछे उनका विराट और गहन अध्ययन था। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्हें लंबे समय तक अंग्रेजों की जेलों में रहना पड़ा था। लंबी सजाओं के दौरान उन्होंने खूब पढ़ा और खूब लिखा। भारत की आत्मा को खोजने और उसे पहचानने और आत्मसात करने का गंभीर प्रयास पंडित नेहरू ने किया था। वे भारत के अतीत से, उसकी ऐतिहासिकता से बेहद प्रभावित थे। विस्तृत इतिहास की समुद्र जैसी गहराइयों में उन्होंने कितनी ही बार गोते लगाये। भारत की आत्मा को पहचानने के प्रयासों में उन्होंने वेद, उपनिषद, पुराण, गीता जैसे ग्रंथों और रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्यों का विश्लेषण-परक अध्ययन किया। साथ ही उन्होंने इन ग्रन्थों पर भारतीय और विदेशी विद्वानों की टिप्पणियां भी पढ़ीं और उन्हें आत्मसात भी किया।

अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'हिंदुस्तान की कहानी' में वे एक जगह लिखते है: 'पिछली बातों के लिये अंधी-भक्ति बुरी होती है, साथ ही उनके लिए नफ़रत भी उतनी ही बुरी है। इसकी वजह यह है कि इन दोनों में से किसी पर भविष्य की बुनियाद नहीं रखी जा सकती। वर्तमान का और भविष्य का लाजिमी तौर से भूतकाल से जन्म होता है और उन पर उसकी गहरी छाप होती है। इसको भूल जाने के मायने हैं इमारत को बिना बुनियाद के खड़ा करना और कौमी तरक्क़ी की जड़ को ही काट देना। राष्ट्रीयता असल में पिछली तरक्क़ी, परम्परा और अनुभवों की एक समाज के लिए सामूहिक याद है।'


एल. एस. हरदेनिया

> नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था।

नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था। उनमें बहुत सी चीजें मिली-जुली हैं। स्तुतियां हैं और बड़ी ऊंची प्रकृति संबंधी कविताएं हैं। उनमें मूर्तिपूजा नहीं है। देवताओं के मंदिरों की चर्चाएं नहीं हैं जो जीवनी-शक्ति और जिंदगी के लिये इकरार उनमें समाया हुआ है वह ग़ैरमामूली है। शुरू के वैदिक आर्य लोगों में जिंदगी के लिये उमंग थी, वे आत्मा के सवाल पर ज़्यादा ध्यान नहीं देते थे।'

महाभारत के बारे में नेहरू जी लिखते हैं-'महाकाव्य की हैसियत से रामायण एक बहुत बड़ा ग्रंथ जरूर है और उससे लोगों को बहुत चाव है लेकिन यह महाभारत है जो दरअसल दुनिया की सबसे खास पुस्तकों में से एक है। यह एक विराट कृति है। परंपराओं और कथाओं का और हिंदुस्तान की राजनैतिक और सामाजिक संस्थाओं का यह एक विश्व-कोष है। महाभारत में हिंदुस्तान की बुनियादी एकता पर जोर देने की बहुत निश्चित कोशिश की गई है। महाभारत एक ऐसा बेशकीमती भंडार है कि हमें उसमें बहुत तरह की अनमोल चीजें मिल सकती हैं। यह रंगबिरंगी घनी और गुदगुदाती जिंदगी से भरपूर है। इस मामले में यह हिंदुस्तानी विचारधारा के दूसरे पहलुओं से हटकर है जिसमें तपस्या और जिंदगी से इंकार पर जोर दिया गया है। महाभारत की शिक्षा का सार यदि एक जुमले में कहा जाए तो यह है-दूसरे के लिये तू ऐसी बात न कर जो खुद तुझे अपने लिए पसंद न हो।'

भगवद् गीता के बारे में नेहरू एक प्रसिद्ध विदेशी विद्वान विलियमबाण्डहॅबोल्ट के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'यह सबसे सुंदर और अकेला दार्शनिक काव्य है जो किसी भी जानी हुई भाषा में नहीं मिलता है। बौद्धकाल से पहले जब इसकी रचना हुई तब से लेकर आज तक इसकी लोकप्रियता और प्रभाव नहीं घटा है और आज भी इसके लिये पहले जैसा आकर्षण बना हुआ है। इसके विचारों और फलसफे को हरेक संप्रदाय श्रद्धा से देखता है और अपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या करता है। संकट के समय जब आदमी का दिमाग संदेह से सताया हुआ होता है और अपने फर्ज़ के बारे में दुविधा उसे दो तरफ़ खींचती है, वह रोशनी और रहनुमायी के लिये गीता की तरफ़ और भी झुकता है क्योंकि यह संकट-काल के लिये लिखी हुई कविता है। चूंकि आज के हिंदुस्तान में मायूसी छाई हुई है और उसके चुपचाप रहने की भी एक हद हो गई है इसलिये फल की आशा किये बिना काम में लगे रहने का संदेश इस समय अत्यधिक प्रासंगिक लगता है। दरअसल गीता का संदेश किसी संप्रदाय या जाति के लिये नहीं है। क्या ब्राह्मण, क्या निम्न जाति, सभी के लिये है। गीता में कहा गया है कि सभी रास्ते मुझ तक आते हैं।'

इसी तरह उपनिषदों के संबंध में नेहरू लिखते है: ''ये छानबीन की, मानसिक साहस की और सत्य की खोज के उत्साह की भावना से भरपूर हैं। यह सही है कि यह सत्य की खोज मौजूदा जमाने के विज्ञान के प्रयोग के तरीकों से नहीं हुई है फिर भी जो तरीक़ा अख्तियार किया गया है उसमें वैज्ञानिक तरीक़े का एक अंश है। हठवाद को दूर कर दिया गया है। उनमें बहुत कुछ ऐसा है जो साधारण है और जिसका आजकल हम लोगों के लिए कोई अर्थ या प्रसंग नहीं है। खास जोर आत्मबोध या आत्मा-परमात्मा के ज्ञान पर दिया गया है। इन दोनों का मूल एक ही बताया गया है। उपनिषदों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें सच्चाई पर बड़ा जोर दिया गया है। सच्चाई की सदा जीत होती है, झूठ की नहीं। सच्चाई के रास्ते से ही हम परमात्मा तक पहुंच सकते हैं। उपनिषदों की यह प्रार्थना मशहूर है 'असत्य से मुझे सत्य की ओर ले चल, अंधकार की ओर से प्रकाश की ओर मुझे ले चल, मृत्यु से मुझे अमरत्व की ओर ले चल।' उपनिषदों में एक सवाल का बहुत अनोखा लेकिन मार्के का जवाब दिया गया है। सवाल यह है कि यह विश्व क्या है? यह कहां से उत्पन्न होता है? और कहां जाता है? इसका उत्तर है-स्वतंत्रता से इसका जन्म होता है। स्वतंत्रता पर ही यह टिका है और स्वतंत्रता में ही वह लय हो जाता है। सारे संसार में ऐसी कोई रचना नहीं है जिसका पढ़ना इतना उपयोगी, इतना ऊंचा उठाने वाला हो जितना उपनिषदों का है। वे सबसे ऊंचे ज्ञान की उपज हैं।' प्रसिद्ध पश्चिमी दार्शनिक सोपेनआवर के विचारों को उधृत करते हुए नेहरू कहते हैं- 'उपनिषदों के हर एक शब्द से गहरे मौलिक और ऊंचे विचार उठते हैं और इन सब पर एक ऊंची पवित्र उत्सुक भावना छाई हुई है। उपनिषदों को पढ़ने से मेरी जिंदगी को शांति मिलती है। यही मेरे मौत के समय भी शांति देंगे।'

रामायण के संबंध में नेहरू जी प्रसिद्ध फ्रांसीसी इतिहासकार मिशले के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'जिस किसी ने भी बड़े काम किये हैं या बड़ी आकांक्षाएं की हैं, उसे इस गहरे प्याले से जिंदगी और जवानी की एक लंबी घूंट पीना चाहिए। रामायण मेरे मन का महाकाव्य है। हिंद महासागर जैसा विस्तृत, मंगलमय सूर्य के प्रकाश से चमकता हुआ, जिसमें देवीय संगीत है और कोई बेसुरापन नहीं है। वहां एक गहरी शांति का राज्य है और कशमकश के बीच भी वहां बेहद मिठास और इंतहा दर्ज़े का भाई-चारा है। जो सभी ज़िंदा चीज़ों पर छाया हुआ है। रामायण मोहब्बत, दया, क्षमा का अपार और अथाह समुंदर है।'

नेहरू जी संस्कृत भाषा के बड़े प्रशंसक थे। संस्कृत के संबंध में वे लिखते हैं कि वह 'अद्भुत रूप से सम्पन्न, हरी-भरी और फूलों से लदी हुई भाषा है। फिर भी वह नियमों से बंधी हुई है और 2600 वर्ष पहले व्याकरण का जो चौखटा, पाणिनि ने इसके लिए तैयार कर दिया, वो उसी के भीतर ही चल रही है। ये खूब फैली, खूब सम्पन्न हुई। भरी-पूरी और अलंकृत बनी लेकिन अपने मूल को पकड़े रही।' संस्कृत के संबंध में नेहरू जी एक यूरोपीय विद्वान सर विलियम जोन्स के विचारों को उधृत करते हैं। जोन्स ने 1884 में कहा था संस्कृत भाषा चाहे जितनी पुरानी हो उसका गठन अद्भुत है। यूनानी भाषा के मुकाबले में ज़्यादा मुकम्मिल, लातिनी के मुकाबले में ज़्यादा सम्पन्न और दोनों के मुकाबले में यह ज़्यादा परिष्कृत है।

ये तो कुछ उदाहरण हैं जिनसे नेहरू जी की भारत के गौरवशाली इतिहास के संबंध में प्रशंसनीय विचार जानने को मिलते हैं। वैसे उनकी किताबें (विश्व इतिहास की झलक और मेरी कहानी) और उनके सैंकड़ों व्याख्यान भारत के अतीत की प्रशंसा से भरे पड़े हैं। नेहरू भारत के अतीत के प्रशंसक थे फिर भी उनकी यह मान्यता थी कि अतीत की अंध-भक्ति से भारत का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। इसलिए उनकी यह धारणा थी कि धर्मनिरपेक्ष-वैज्ञानिक समझ के आधार पर आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने के लिए भारत के अतीत के उज्ज्वल पक्ष का सहारा लेना चाहिए।

इस तरह सच पूछा जाए तो नेहरू जी ही भारत के अतीत के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तराधिकारी हैं। संभवत: इसीलिए उनके विषय में कहा जाता है कि यदि वे राजनीति में नहीं होते तो विश्व-स्तर के इतिहासकार, साहित्यकार या कवि होते। लेकिन इतिहास-संस्कृति और साहित्य के ज्ञाता के लिए मौजूदा आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक सच्चाइयों से विरत रह पाना कहां संभव होता है। नेहरू समस्त सांस्कृतिक-चेतना के साथ स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीति में थे। वे नये युग, नये निर्माण और नये भारत के स्वप्न दृष्टा थे। ऐसे स्वप्न दृष्टा जिन्होंने कई स्वप्नों को सच कर दिखाया था। अंत में नेहरू जी का स्मरण मैं शायर शमीम फरहत की 'सत्ताईस मई' (नेहरू जी की मृत्यु की तिथि) शीर्षक की इन पंक्तियों के साथ करना चाहता हूं-

आज एहसासे-ग़म ज़ियादा है,
शम्मे-खामोश में धुआं भी नहीं
इतना खाली-सा लग रहा है जहां,
जैसे अब सर पे आसमां भी नहीं
आज का दिन गुलाब पर बोझल,
आज बच्चों की मुस्कुराहट में
संज़ीदगी झलकती है।

## पावन प्रसंग

### तेते पांव पसारिये जेती लंबी सौर

आदर्श शिक्षा यही है कि जितनी आमदनी हो खर्च उसी के भीतर हो। बड़े दीखने का अभिमान न करें। एक बार कोई यह कह जाए कि ये लोग गरीब हैं, पुराने जमाने के हैं, वह अच्छा है; क्योंकि सौर रजाई से अधिक पांव फैलाना सदैव हानिकारक ही होता है। आज से कई वर्ष पहले सारे कस्बे में यह एक ही क्राकरी की दुकान थी। अच्छी आमदनी हो जाती थी, कोई सौ-डेढ़ सौ रुपए रोज तक की बचत थी। घर में मजेदारी थी। धर्मपत्नी का दिल खुला था। जितनी आमदनी- खर्च भी उतना ही। लोग घर आएं तो अफसरों जैसा स्वागत। गरज यह कि उनके संपन्न होने की खूब चर्चा थी, लोग मानते थे कि यह बहुत बड़े आदमी हैं।

रहन-सहन में भी वही बात। कपड़ों की चाहे, साज-संभाल न हो, पर अनाप-शनाप कपड़े, बनते, बच्चों के लिए घर का नाश्ता ठीक नहीं, मिठाइयां, चॉकलेट में ढेर सारे पैसे खर्च किए जाते, बिजली पंखों का खर्च अनाप-शनाप ही होता। ऐसी कोई जगह नहीं जहां से किसी को यह कहने का अवसर मिले, यह लोग छोटे आदमी हैं। समय बदलते देर नहीं लगती। दो वर्ष पीछे सामने एक और क्राकरी की दुकान हो गई। शहर में धीरे-धीरे कई दुकानें हो गईं। आमदनी सब दुकानों में बंट गई तो स्वाभाविक ही था- रतनचंद्र क्राकरी वालों की आमदनी कम हो जाती। अब दिन में कुल 60-70 रुपए ही बचते। लालाजी ने पत्नी को बहुतेरा समझाया-देखो अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही, खर्च हाथ साधकर किया करो, पर पत्नी के सिर पर बड़प्पन का ऐसा भूत सवार था कि पति से लड़ना झगड़ना स्वीकार, खर्च करने की आदत न बदली। अच्छे खाते-पीते घर के होकर भी उनके ऊपर ऋण बना ही रहता, घर में परस्पर खींचा-तानी रहती सो अलग। आमदनी घटने के साथ रहन-सहन के स्तर में थोड़ी सादगी कर ली जाती तो उसमें शान न घटती, पर परस्पर खींचा-तानी से जो उपहासास्पद स्थिति बनी, यदि उसे घर की स्त्रियां समझ लेतीं तो न दुर्गति लालाजी की होती और न स्वयं उनकी स्त्री की। झगड़े-फसाद के कारण बच्चों में जो बुरे संस्कार पड़ गए सो अलग।

सदा खर्च सोच-समझ कर आमदनी को देखते हुए करने की आदत डालनी चाहिए। खर्च बढ़ने पर पुन: कम करना कठिन हो जाता है। अत: आरंभ से ही बालकों को मितव्ययता सिखानी चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### बाल-दिवस को बनायें ख़ास देकर ये अनुपम उपहार

प्रतिवर्ष 14 नवंबर को हम राष्ट्रीय बाल-दिवस और 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल-दिवस के रूप में मनाते हैं, इस तरह से नवंबर का महीना आधिकारिक रूप से तो पूरी दुनिया के बच्चों को समर्पित है। हर वर्ष बाल-दिवस पर ऐसे अनेकों सरकारी और गैर-सरकारी आयोजन होते हैं जिनमें बच्चों के हितार्थ ढेरों योजनाओं, सुविधाओं का वादा किया जाता है. जिनमें से कुछ तो पूरे हो जाते हैं और कुछ ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। लेकिन यह एक स्व स्थापित सत्य है कि बचपन की मजबूत बुनियाद ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण करती है। किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए बचपन का सम्पूर्ण रूप से पल्लवित और प्रस्फुटित होना नितांत आवश्यक है। देश और दुनिया में बाल- दिवस के सफल आयोजन हेतु रैलियां निकलती रहेंगी, उद्घाटन होते रहेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे, मूल बात है बच्चों के कल्याण की, उनके सुरक्षित भविष्य की. इसके लिए आज यहां कुछ ऐसे ही अनमोल उपहारों के बारे में चर्चा करेंगे जिन्हें अगर हम बच्चों को सुलभ करा सकें तो न केवल वर्तमान की, बल्कि भविष्य में आने वाली कई पीढ़ियां भी उनसे लाभान्वित होती रहेंगी।

**बाल-दिवस का प्रयोजन**-कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उस 'मुद्दे विशेष' के प्रति जागरूक करना, उसे सफल बनाने में आने वाली समस्याओं को पहचानना और सबके सम्मिलित प्रयासों से उनका समाधान ढूंढना. ताकि एक ऐसे मजबूत समाज का निर्माण किया जा सके जहां ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, पढ़े-लिखे या अनपढ़, शहरी या ग्रामीण, लड़का या लड़की में कोई भेदभाव न हो; सबको अपने अधिकारों के साथ-साथ, देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का भी पूरा अहसास हो।

**उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य-बात शुरू करते हैं अच्छे स्वास्थ्य से**- बढ़ती उम्र के बच्चों को उचित वैचारिक खुराक के साथ ही भरपूर मात्रा में न्यूट्रीशस भोजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि एक कमज़ोर या कुपोषित शरीर कभी भी पढ़ाई-लिखाई में या अन्य किसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भागीदारी नहीं कर सकता। एक मानसिक व शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बच्चा ही बड़े होकर देश एवं समाज को नई ऊंचाईयों पर ले जा सकता है।

**व्यावहारिक व कौशल आधारित शिक्षा**-बढ़ते हुए बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो, जिसमें कोरा किताबी ज्ञान न हो जो ज़िन्दगी के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना सिखाये। शिक्षित होकर बच्चों की रचनात्मकता को नए आयाम मिलें. वे संगीत, नृत्य, खेल, चित्रकला या अपनी अभिरुचि के किसी भी अन्य क्षेत्र या विषय में पारंगत होकर अपनी आजीविका चुन सकें और अपने कौशल से देश और समाज में कुछ योगदान कर सकें तभी उनकी शिक्षा सार्थक होगी।

**अनुशासित जीवन शैली का चुनाव**-महान अर्थशास्त्री चाणक्य के अनुसार व्यक्ति के उत्तम चरित्र निर्माण एवं उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास बचपन में ही किये जाने चाहिए और इसके लिए उन्हें उचित शिक्षा व अनुशासित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। भागदौड़ भरी जीवन शैली थकान, तनाव और व्यग्रता को बढ़ावा देती है जो अनेकानेक बीमारियों को सीधा-सीधा निमंत्रण है।

**बचपन को बनाये रखना**-बचपन! विश्व का शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो उसकी मधुर, अविस्मरणीय स्मृतियों से अछूता हो। जो निश्छल, नि:स्वार्थ, सहजता, चंचलता, मासूमियत उम्र के इस दौर की पहचान होती है वह उम्र बढ़ने के साथ-साथ गायब होती जाती है और जीवन की आपा-धापी में हम दिन-प्रतिदिन उलझते चले जाते हैं। अपने मूलभूत अधिकारों की चर्चा तो हम सभी करते हैं लेकिन अपने इन मूलभूत गुणों को विस्मृत करते चले जाते हैं और इसका हमें रत्ती भर भी एहसास नहीं होता है अत: हम बड़ों में भी बचपना बना रहे उसके प्रयास किये जाने चाहिए और अभ्यास से ही सही, इन गुणों का पोषण किया जाना चाहिए।

बच्चों के कल्याणार्थ एकजुट हो लें संकल्प आइये, हम और आप ये संकल्प लें कि न केवल वर्तमान के, बल्कि भविष्य के जन्म लेने वाले बच्चे भी इस पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन-यापन कर सकें इस हेतु हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करेंगे, नियमित वृक्षारोपण करेंगे, हर प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित रखने की कोशिश करेंगे, खेतों में अनावश्यक रसायनों के प्रयोग से बचेंगे और अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि ये धरती, आने वाली कई सदियों तक हमारे बच्चों के साथ यूं ही हंसती खिलखिलाती आबाद रहे। बाल-दिवस पर बच्चों को, एक सभ्य, शिक्षित एवं जागरूक समाज की ओर से इससे अनुपम सौगात और कुछ नहीं हो सकती।

**प्राची तिवारी 'छबि'**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी के न्यू आयरलैंड क्षेत्र में सोमवार को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 बताई गई। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के मुताबिक आज 07:43 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रती 5.8 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र, 3.92 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 150.73 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### ब्रिटेन मंत्रिमंडल में बड़ा उलटफेर

## गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को किया गया बर्खास्त





पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरॉन को विदेश मंत्री बनाया गया

**लंदन,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को मंत्रिमंडल में बड़ा उलटफेर करते हुए एक के बाद एक विवादित बयान देकर सरकार को परेशानी में डालने वाली गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को बाहर का रास्ता दिखा दिया । जबकि पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरॉन को विदेश मंत्री बनाया गया है। स्काई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के अनुसार सुश्री ब्रेवरमैन ने पिछले सप्ताह एक अखबार में एक लेख लिखा था जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन समर्थक विवादास्पद युद्धविराम दिवस को संभालने के पुलिस के तरीके की आलोचना की थी। उन पर आरोप है कि उनके ऐसा करने से लोगों में पुलिस को लेकर भरोसा कमजोर हुआ है और पुलिस के कामकाज की स्वतंत्रता पर भी सवाल खड़े हुए हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर दबाव बना है।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर के अनुसार इस लेख में सुश्री ब्रेवरमैन ने पुलिस पर वामपंथी प्रदर्शनकारियों का पक्ष लेने और युद्धविराम दिवस के विरोध प्रदर्शन से पहले तनाव भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने वाले लोगों पर अपने हमले तेज़ कर दिए, उनके और उत्तरी आयरलैंड में प्रोटेस्टेंट मार्च के बीच तुलना की।

### ब्रेवरमैन को 2022 में गृहमंत्री नियुक्त किया गया था

सुश्री ब्रेवरमैन को अक्टूबर 2022 में ब्रिटेन के गृहमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। ब्रिटिश सरकार के अनुसार, देश के गृहमंत्री की भूमिका संभालने से पहले, वह फरवरी 2020 और सितंबर 2022 के बीच अटॉर्नी जनरल थीं। अपनी बर्खास्तगी के बाद सुश्री ब्रेवरमैन ने द गार्डियन से बातचीत में कहा देश के गृहमंत्री के रूप में काम करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात रही। आने वाले समय में मुझे और भी बहुत कुछ कहना होगा।

## जमीनी हमले के बाद से गाजा में 44 इजरायली सैनिक मारे गए

**तेल अवीव,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार को गाजा में दो और सैनिकों की मौत की घोषणा की, इससे 27 अक्टूबर को सेना के जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से मारे गए सैनिकों की कुल संख्या बढ़कर 44 हो गई है। सेना ने दोनों सैनिकों की पहचान किर्यत मलाची के मेजर इसाकार नाथन (28) और रोश हेइन के स्टाफ सार्जेंट इताय शोहम (21) के रूप में की है। सेना ने कहा कि वे आईडीएफ की विशिष्ट कमांडो ब्रिगेड इकाई से थे और गाजा पट्टी के भीतर हमास आतंकवादियों के साथ लड़ाई के दौरान मारे गए। चल रहे जमीनी ऑपरेशन के हिस्से के रूप में, इजरायली सेना पहले ही गाजा के केंद्र तक पहुंच चुकी है और आतंकी संगठन के कमांड सेंटर सहित हमा के कई नियंत्रण केंद्रों पर कब्जा करने के लिए तैयार है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 14 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष - आज आपको विशेष प्रकार के आध्यात्मिक अनुभव होंगे। आपको रहस्य और गूढ़ विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने में रुचि होगी। आप आध्यात्म के क्षेत्र में भी सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - आप गृहस्थ जीवन और दांपत्यजीवन में सुख- शांति का अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और निकटस्थ दोस्तों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर मिलेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन होने की संभावना है।

मिथुन - आज आपके अधूरे काम पूरे होंगे। घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। ऑफिस में वाद-विवाद या मनमुटाव के मौके आ सकते हैं।

कर्क - दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से मनमुटाव होगा।

सिंह - आज आपके परिवार में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। परिजनों के साथ मनमुटाव होगा। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। नकारात्मकता आपके मन को दुखी करेगी और आपको बेचैनी का अनुभव होगा।

कन्या - आपकी शारीरिक, मानसिक स्वस्थता अच्छी रहेगी। आप भावनाओं के प्रवाह में बह जाएंगे। आप भाई-बहन के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। उनसे लाभ भी हो सकता है। आपके विरोधी आपके समक्ष नहीं टिकेंगे।

तुला - मानसिक परेशानी रहने के कारण आज आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। आज कोई नया काम न करें। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद टालना चाहते हों तो वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - आज आप परिजनों के साथ मौजमस्ती में दिन व्यतीत करेंगे। आप शारीरिक और मानसिक रूप से आनंदित रहेंगे। प्रियजनों के साथ मिलकर आपको आनंद का अनुभव होगा। कोई अच्छा समाचार मिलने की संभावना है।

धनु - आज दिन थोड़ा कष्टदायक लग रहा है। परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं। आपका व्यवहार उग्र होगा और आप क्रोधित रहेंगे। किसी के साथ उग्र दलील हो सकती है। स्वास्थ्य खराब होगा।

मकर - आपके घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना है। किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज का दिन अनुकूल है। आज शेयर- सट्टे में भी लाभ होने की संभावना है। आप मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद, अनुभव करेंगे।

कुंभ - आज आपके उच्च अधिकारी और बुजुर्ग आप पर खुश रहेंगे। सभी काम में सफलता मिलेगी। नौकरी- व्यवसाय में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आपका मन हल्का बनेगा। आपका स्वास्थ्य तथा मान- सम्मान अच्छा रहेगा।

मीन - आज आपको शारीरिक और मानसिक बेचैनी महसूस होगी। संतान पक्ष की चिंता रहा करेगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ विवाद होगा और उनके नाराज होंने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

### आज का इतिहास

1681-ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के अलग रियासत बनने की घोषणा की

1889-भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ।

1922-ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा शुरू की थी। वह ब्रिटेन में रेडियो प्रसारण करने वाली पहली संस्था बनी।

1948-प्रिंस चार्लस का जन्म। वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप के सबसे बड़े पुत्र थे।

1967-भारत की क्रिकेट टीम के प्रथम टेस्ट कप्तान सी. के. नायडू का निधन हुआ।

1973-ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन ने आम नागरिक से शादी की थी। इससे पहले राजघराने में ऐसा नहीं हुआ था।

2002-चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

2006-भारत तथा पाकिस्तान के विदेश सचिवों ने नयी दिल्ली में एंटी-टेररिज्म मैकेनिज्म बनाने पर सहमति जतायी।

2007-डेनमार्क के प्रधानमंत्री आन्द्रे फाग रासमुस्सेन ने लगातार तीसरी बार देश का कार्यभार सम्भाला था।

2008-पूर्व केन्दीय मंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस के नेता अजीत पांजा का निधन हुआ था।

2009-मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के 15 डिब्बे जयपुर के बांसखो फाटक के पास पटरी से उतरने के कारण छह यात्रियों की मौत हुई थी।

2010-भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लक्ष्मीचंद जैन का निधन हुआ।

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की मौत

**इस्लामाबाद,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुछ अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। डेरा इस्माइल खान जिला पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना रविवार रात उस समय हुई जब आतंकवादियों ने ड्यूटी खत्म होने के बाद वाहन से जा रहे पुलिसकर्मी पर घात लगाकर हमला किया।

उन्होंने बताया कि हमलावर इस घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए और आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले पिछले सप्ताह हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह ने डेरा इस्माइल खान जिले में एक तेल ड्रिलिंग कंपनी के संयंत्र पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी और अन्य तीन लोग घायल हो गये थे।

## सैन्य अभियान में 4 आईएस आतंकवादी ढेर

**बगदाद,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में रविवार को एक सैन्य अभियान में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गये। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध एक मीडिया आउटलेट सुरक्षा मीडिया सेल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इराकी वायु सेना के सहयोग से यह ऑपरेशन प्रांत के पश्चिमी भाग में थारथार झील के उत्तर में एक बीहड़ इलाके में किया गया था। बयान में कहा गया है कि मारे गए आईएस आतंकवादियों में दो आत्मघाती हमलावर शामिल हैं, जिसमें कहा गया है कि आत्मघाती हमलावरों में से एक पर हमला करते समय एक सैनिक भी मारा गया और स्वयं को उड़ा लिया।

## सीरिया में दो अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले

**झ्रदमिश्क,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। सीरिया में इराकी शिया मिलिशिया ने सोमवार को दो अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले किए। हमलों में सीरियाई गांव अल खदरा और देश के दक्षिण-पूर्व में ग्रीन विलेज बेस के पास स्थित सुविधाओं को निशाना बनाया गया। इराक में इस्लामिक प्रतिरोध ने ग्रीन विलेज बेस को निशाना बनाकर किए गए हमले की जिम्मेदारी ली है। एक बयान में कहा गया, इराक में इस्लामिक प्रतिरोध के लड़ाकों ने सीरिया के अंदरूनी हिस्से में ग्रीन विलेज में अमेरिकी कब्जे वाले अड्डे पर ड्रोन हमला किया है। सीरियाई प्रसारक शाम एफएम ने शिया सशस्त्र समूह के एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया कि अल खदरा में अमेरिकी ठिकाने पर भी हमला किया गय।


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 14.11.2023 से 19.11.2023 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 14.11.2023 (मंगलवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04060 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 04010 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगवनी जं. | 05:20 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, पूर्णिया, अररिया कोर्ट, अररिया और फारबिसगंज स्टेशन |
| 04002 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:05 | पटना जं. | 15:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस) | 07:25 | पटना जं. | 19:00 | वाता. कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02260 | नई दिल्ली | 18:15 | भागलपुर | 15:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, सिमरी बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज, बरहरवा और न्यू फरक्का स्टेशन |
| 03228 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:30 | आरा | 04:00 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन |
| 04048 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 15:30 | पूर्णिया जं. | 16:05 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया, मानसी और कटिहार स्टेशन |
| 04052 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 22:45 | सहरसा जं. | 03:30 | सामान्य | हापुड, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| 04004 | नई दिल्ली (अनारक्षित स्पेशल) | 00:10 | सीतामढ़ी जं. | 23:30 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज और रक्सौल स्टेशन |
| **दिनांक 15.11.2023 (बुधवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा जं. | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 04146 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04016 | नई दिल्ली | 14:55 | बनमनखी | 16:45 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा और दौरम मधेपुरा स्टेशन |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर | 14:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | शयनयान, सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा | 13:20 | 3 टियर वाता, शयनयान, सामान्य | दिल्ली शाहदरा, गाज़ियाबाद, हापुर, अमरोहा, मुरादाबाद, चन्दौसी, आँवला, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर, केराकत, डोभी, औंड़िहार, गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर और बलिया स्टेशन |
| 05090 | आनन्द विहार टर्मिनल | 18:15 | बनारस | 09:50 | 3 टियर वाता | मुरादाबाद, बरेली, आलम नगर, लखनऊ, राय बरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ और भदोही स्टेशन |
| 04058 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 02256 | आनन्द विहार टर्मिनल | 15:30 | जयनगर | 14:00 | 3 टियर वाता | गोविन्दपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर और दरभंगा स्टेशन |
| **दिनांक 16.11.2023 (गुरुवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन |
| 04066 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और दानापुर स्टेशन |
| 01676 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | मुजफ्फरपुर जं. | 21:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चंदौसी, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा और हाजीपुर स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर |
| 04002 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:05 | पटना जं. | 15:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत एक्सप्रेस) | 07:25 | पटना जं. | 19:00 | वाता. कुर्सीयान | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05116 | आनन्द विहार टर्मिनल | 14:45 | छपरा | 09:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन |
| 02248 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 04:15 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन |
| 03228 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:30 | आरा | 04:00 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन |
| **दिनांक 17.11.2023 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04060 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02260 | नई दिल्ली | 18:15 | भागलपुर | 15:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशन |
| 04004 | नई दिल्ली (अनारक्षित स्पेशल) | 00:10 | सीतामढ़ी जं. | 23:30 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज और रक्सौल स्टेशन |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा | 04:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया और सीवान स्टेशन |
| 04048 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 15:30 | पूर्णिया जं. | 16:05 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया, मानसी और कटिहार स्टेशन |
| 04052 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 22:45 | सहरसा जं. | 03:30 | सामान्य | हापुड, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| **दिनांक 18.11.2023 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन |
| 04488 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा और बस्ती स्टेशन |
| 03576 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:55 | आसनसोल जं. | 10:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं.दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, गया, कोडरमा और धनबाद स्टेशन |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा जं. | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 04146 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन |
| 02248 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 04058 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | शयनयान, सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा | 13:20 | 3 टियर वाता, शयनयान, सामान्य | दिल्ली शाहदरा, गाज़ियाबाद, हापुर, अमरोहा, मुरादाबाद, चन्दौसी, आँवला, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर, केराकत, डोभी, औंड़िहार, गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर और बलिया स्टेशन |
| **दिनांक 19.11.2023 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा और हाजीपुर स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर स्टेशन |
| 03228 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:30 | आरा | 04:00 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

## हल्द्वानी जौरासी के पास सड़क हादसे में एक की मौत, पांच गंभीर घायल

**हल्द्वानी,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि नैनीताल जिले के हल्द्वानी अल्मोड़ा मार्ग पर जौरासी के पास एक वाहन खाई में गिर गया। सूचना के बाद दिलीप कुमार चैकी प्रभारी खैरना पुलिस टीम व एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही टीम ने घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी गरमपानी में भर्ती कराया, जहां से घायलों को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है।

# सुरंग में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकालना प्राथमिकता: धामी

- उत्तरकाशी के सिलक्यारा पहुंचकर सीएम ने किया स्थालीय निरीक्षण
- अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, बचाव व राहत कार्यों में न हो कोताही
- एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, रेलवे और विशेषज्ञों की टीमें मौके पर जुटी



**देहरादून**, 13 नवम्बर (देशबन्धु)। सुरंग में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकालना पहली प्राथमिकता मुख्यमंत्री सीएम धामी ने सिलक्यारा पहुंचकर मौके का जायजा लिया अधिकारियों के साथ बचाव और राहत कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकालना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। घटना के बाद से ही लगातार अधिकारियों से अपडेट ले रहे मुख्यमंत्री ने आज पूर्वाह्न सिलक्यारा पहुंचकर मौके का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचाव एवं राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री धामी ने सुरंग में पहुंचकर अधिकारियों से हादसे के सम्बंध में पूरी जानकारी ली। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग में मलबा हटाने का काम तेजी से जारी है। पूरी रात रेस्क्यू चला है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, रेलवे और विशेषज्ञों की टीमें मौके पर जुटी है। सुरंग में फंसे लोग पूरी तरह ठीक हैं और उनसे बात भी हो रही है। उन्होंने प्रभावितों के परिजनों को आश्वस्त किया कि सुरंग में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकालने के लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारें गंभीर हैं। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रेल मंत्री ने भी इस सम्बंध में बात की है। प्रधानमंत्री ने बचाव और राहत कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए प्रदेश सरकार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पूरी तरह आश्वस्त हैं कि सुरंग में चल रहा रेस्क्यू जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा और वहां फंसे सभी 40 लोगों को जल्द ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, एनएचआईडीसीएल तथा अन्य एजेंसी के अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए मलवा हटाने का कार्य निरंतर जारी है, मलवा हटाने के लिए हैवी एक्सकैवेटर मशीनों को जुटाया गया है। दरकते मलवे को थाने के लिए मशीनों से शार्टक्रीटिंग की जा रही है। टनल में फंसे मजदूरों से पाइप के जरिये संदेशों का आदान प्रदान किया गया है। पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है । इसी पाइपलाइन के जरिए रात में चने के पैकेट कंप्रेसर के जरिए दबाव बनाकर टनल में फंसे श्रमिकों तक भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री के साथ घटना स्थल पर पहुंचे गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने भी राहत और बचाव कार्यों को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञ एवं रेस्क्यू अभियान में जुटे रहे।

### वॉकी-टॉकी के जरिए टनल में फंसे मजदूरों से किया संपर्क

सिल्क्यारा से डंडालगांव तक निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा ढहने से टनल में कार्यरत 40 श्रमिक अंदर रह गए। 24 घंटे से अधिक समय बीतने पर भी श्रमिकों को बाहर नहीं निकाला जा सका है। बचाव कार्य जारी हैं। फिलहाल वॉकी-टॉकी के जरिए टनल में फंसे मजदूरों से संपर्क किया गया है। फिलहाल सभी मजदूर सुरक्षित बताए जा रहे हैं। टनल में पानी की आपूर्ति के लिए बिछी पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन और खाद्य सामग्री की आपूर्ति की जा रही है।

### भूस्खलन बन रहा रेस्क्यू में बड़ी बाधा

सिलक्यारा टनल में फंसी जिंदगियों को बचाने के लिए जो राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है उसमें सबसे बड़ी बाधा पहाड़ से लगातार सुरंग में आने वाला मलवा बना हुआ है। रेस्क्यू टीम जितना मलवा निकालकर आगे बढ़ने की कोशिश करती है उससे अधिक मलवा पहाड़ से नीचे आ रहा है। ऐसी स्थिति में सुरंग में फंसे मजदूरों तक पहुंचना मुश्किल लग रहा है। विशेषज्ञों द्वारा अब चैड़े फाइव ड्रिल करके इन मजदूरों तक पहुंचने की योजना पर काम किया जा रहा है लेकिन इन मजदूरों तक कब तक पहुंचा जा सकेगा और उन्हें बाहर निकाला जा सकेगा इसका कोई सही जवाब नहीं मिल पा रहा है। सिर्फ यही कहा जा रहा है की रेस्क्यू कार्य पूरा होने में अभी एककृदो दिन का समय लग सकता है। जो लोग सुरंग में फंसे हैं उनके पास लाइट, पानी व ऑक्सीजन की सुविधा है खाघ सामग्री भी पहुंच गई है यह राहत की बात है लेकिन वह कब तक बाहर आ पाएंगे यह कहा जाना मुश्किल है।

# टैंट हाउस गोदाम में आग लगने से तीन जिंदा जल



**हल्द्वानी,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली की देर रात कालाढूंगी रोड स्थित कुमाऊं टैंट हाउस गोदाम में भीषण आग लग गई। इस हादसे में गोदाम में सो रहे रहे तीन लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि टेंट हाउस का सारा सामान जलकर राख हो गया, सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों ने आग पर मुश्किल से काबू पाया। जानकारी के अनुसार यह घटना रात करीब 12 बजे के आसपास की है। कालाढूंगी रोड स्थित कुमाऊं टेंट हाउस के गोदाम में अचानक आग लग गई। जहां टेंट हाउस के गोदाम में तीन कर्मचारी सो रहे थे। आग लगने के बाद कर्मचारी उसमें से भाग नहीं पाये। जिसके चलते मौके पर ही तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन की छह गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से गोदाम का सारा टेंट हाउस का सामान जलकर खाक हो गया। मामले की जांच की जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि घटना के बाद कमरे में छह लोग सोए हुए थे। आग लगने के बाद कमरे में लोगों को उठाने का प्रयास किया गया। यह सभी कुमाऊं टेंट हाउस के कर्मचारी थे। इनमें उत्तर प्रदेश के रहने वाले सुमेन, लापता प्रसाद, नीरज व उत्तराखंड के रामनगर के रवींद्र कुमार व कृष्णा, नैनीताल के धारी के रोहित पुरी थे। बताया कि 26 वर्षीय रोहित पुरी पुत्र राजेंद्र पुरी निवासी धारी, 32 वर्षीय रविन्द्र कुमार पुत्र चंदन और 25 वर्षीय कृष्णा निवासी मालधन चैड़ की मौत हो गई। वही कुमाऊ टेंट हाउस के स्वामी गिरीश हेडियां ने सी ए फो को बताया कि टेंट हाउस में आग किसी पटाखे से लगी है इस आग से लगभग 50 लख रुपए का नुकसान हुआ है। वार्ड नंबर 11 के पार्षद रवि जोशी का कहना है कि आग की खबर जिसने भी सुनी यह आग बुझाने के लिए दौड़ा चला आया उनका कहना था कि उन्होंने तुरंत सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह को फोन किया साथ ही पुलिस को भी सूचना दी बॉक्स तीनों मृतकों के परिजनों को अपने परिवार के सदस्यों की मौत की सूचना मिली तो वह आनंद फानन में हल्द्वानी आ पहुंचे मृतकों के परिजनों की आने की सूचना पर पुलिस ने भी अपनी कमर कसते हुए घटनास्थल के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात किया।

## सार संक्षेप

### दिवाली की रात गैस सिलेडंर पटने से रेस्टोरेंट में भारी नुकसान

**देहरादून।** बड़ी दिवाली की रात दस बजे त्यागी रोड पर एक बंद रेस्टोरेंट में आग लगने से गैस सिलेंडर फट गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। इस अग्निकाड में किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार दिवाली की रात करीब दस बजे शहर के बीचों-बीच स्थित त्यागी रोड पर लोग अपने-अपने घरों के बाहर आतिशबाजी कर रहे थे। अचानक जबरदस्त धमाका हुआ और तुरंत बिजली चली गई। क्षेत्र के लोगों को लगा कि कहीं ट्रांसफार्मर में आग लगी है। लेकिन कुछ ही देर में पता चला कि त्यागी रोड स्थित पंवार रेस्टोरेंट में धमाका हुआ है। मौके पर मिशन न्याय' की टीम ने देखा कि रेस्टोरेंट में जबरदस्त आग लगी हुई थी और दुकान का शटर तोड़कर गैस सिलेंडर का एक बड़ा हिस्सा सड़क पार करके सामने स्थित एक होटल के शीशे के दरवाजों को तोड़ता हुआ अंदर घुस गया था। पंवार रेस्टोरेंट के ऊपर फर्स्ट फ्लोर की एक दुकान में भी बाहर की तरफ आग लगी थी और बिजली की तारों ने भी आग पकड़ ली थी। तब तक आसपास के लोगों की ओर से फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी गई थी। कुछ ही मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक फर्नीचर, राशन और फ्रिज आदि सभी कुछ राख हो चुका था। इसके अलावा जिस होटल में गैस सिलेंडर फटने के बाद उसका एक हिस्सा घुसा, वहां पर भी काफी नुकसान हुआ। शीशे के मोटे दरवाजे चकनाचूर हो चुके थे। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर फायर ब्रिगेड के अधिकारियों का कहना था कि आग लगने के कारण का पता किया जा रहा है।

### गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी के लिए हरिद्वार जा रहे सिक्खों को नारसन बार्डर पर रोका

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी हरिद्वार पर गुरुद्वारा ज्ञान गोदड़ी बनाए जाने की मांग को लेकर हरिद्वार जा रहे सिक्खों की जत्थे को पुलिस ने नारसन बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान कई थानों की फोर्स बोर्डर पर तैनात रही। ऑल इंडिया सिख कांन्फ्रेंस के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह बब्बर ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारे की मांग को लेकर जत्थे के साथ जिले में प्रवेश कर रहे थे। सूचना पर पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया। सूचना मिलते ही प्रशासन ने नारसन चेकपोस्ट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। इस बीच पुलिस-प्रशासन ने कारों से जा रहे जत्थे को नारसन बॉर्डर पर ही रोक लिया, लेकिन जत्था हरिद्वार जाने की जिद पर अड़ गया। उनका कहना था कि उन्हें हर की पैड़ी पर दीप जलाने जाना है पुलिस ने समझाने का प्रयास किया और बाद मौके पर पहुंचे एएसडीएम विजय नाथ शुक्ला ने उनसे वार्ता की।वहीं गुरु चरण सिंह ने बताया कि हरिद्वार हरकी पैड़ी पर सिखों के 400 वर्ष पुराने गुरुद्वारे को नष्ट कर दिया गया था आज हरकी पैड़ी पर वह दीप जलाने शांतिपूर्वक तरीके से जा रहे थे लेकिन उन्हें रोक लिया गया कहा कि वह भी चाहते हैं कि शांतिपूर्ण तरीके से समस्या का हल निकले। कहा कि गुरुद्वारे के लिए हम संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने प्रशासन से हरकी पैड़ी पर गुरुद्वारा बनाने की मांग भी की। इस अवसर पर मंगलौर सीओ बहादुर सिंह चैहान, कोतवाल प्रदीप बिष्ट, कोतवाली इंचार्ज अमरजीत सिंह, झबरेड़ा थाना अध्यक्ष अंकुर शर्मा, एलआईयू एसआई फरमान अली,नारसन चैकी इंचार्ज नवीन चैहान, अमित चैधरी आदि मौके मौजूद रहे

## दीपावली पर नहीं हुए वाहनों के चालान

**हल्द्वानी।** एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए नैनीताल जिले के सभी प्रभारियों को दीपावली पर्व के दौरान लोकल बाजार में गली, मोहल्लों स्थानीय क्षेत्रों से खरीददारी करने आने- जाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही न करने के निर्देश जारी किए थे।

इस क्रम में नैनीताल पुलिस ने अपनी ड्यूटी कर्तव्यनिष्ठता से निभाई गई एवं त्यौहार के दिन वाहन चालकों के विरुद्ध कोई चालानी कार्यवाही न करते हुए दीपावली का अनोखा तोहफा प्रदान किया। ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों ने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए नियमों का पालन न करने वालों को भविष्य में अपने व अपने परिवार की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक भी किया। जनपदवासियों ने अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी स्थानीय बाजारों से खरीददारी कर दीपावली पर्व मनाया।

एसएसपी नैनीताल ने मानवतावादी दृष्टिकोण दिखाते हुए दीपोत्सव के इस पावन पर्व पर जनपदवासियों को दिए गए इस उपहार की सभी ने सराहना की। एसएसपी नैनीताल ने आमजन से अपील है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं व चैपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं, साथ ही यातायात के सभी नियमों का पालन करें।

# मुख्यमंत्री ने टूटीकंडी बालिका आश्रम में बच्चों के साथ मनाई दिवाली

- प्रदेश में 4000 अनाथ बच्चों को जारी किए गए पात्रता प्रमाण पत्र: सुक्खू
- आने वाले समय में एकल नारियों, मूक-बधिर बच्चों के लिए आएगी योजना



**शिमला,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला शिमला के बालिका आश्रम टूटीकंडी में बच्चों के साथ दीवाली का उत्सव मनाया तथा उन्हें मिठाई, फल और पटाखे वितरित किए। दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने क़ानून बनाकर अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 4000 अनाथ बच्चों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिए हैं, जिससे अब वह मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की प्रतीक है। इस योजना के तहत 27 वर्ष की आयु तक अनाथ बच्चे की देखभाल का ज़िम्मा राज्य सरकार का है। इसके साथ ही अनाथ बच्चों को क्लोथ अलाउंस व त्यौहार मनाने के लिए भत्ता प्रदान किया जा रहा है। उनकी उच्च शिक्षा, रहने का खर्च, 4000 रुपए पॉकेट मनी राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अनाथ बच्चों को नामी स्कूलों में दाख़िला दिलाने के लिए भी प्रयास कर रही है। इसके साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा घर बनाने के लिए 3 बिस्वा भूमि तथा 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा आप माता-पिता के बिना नहीं है। राज्य सरकार ही आपकी माता और पिता है। इसलिए प्रदेश का मुखिया होने के नाते आपके साथ दीवाली मनाने आया हूँ। दीवाली का पर्व आपके जीवन में खुशियां लाए और राज्य सरकार भी इसी सोच के साथ कार्य कर रही है। जीवन में चुनौतियों का डटकर सामना करें क्योंकि चुनौतियाँ ही आत्मविश्वास पैदा करती हैं और जीवन को दिशा देती हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार एकल नारियों तथा मूक-बधिर बच्चों के लिए भी योजना लाने वाली है। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ इन योजनाओं में सुधार भी किया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले बालिका आश्रम टूटीकंडी आए, जो ऐतिहासिक है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुखाश्रय योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आपदा ने हिमाचल प्रदेश में बहुत नुकसान किया है, जिनकी भरपाई करने में वक्त लगेगा। लेकिन इसकके बावजूद राज्य सरकार जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार ज्वालामुखी और सुंदरनगर में अनाथ बच्चों के लिए दो स्टेट ऑफ द आर्ट आश्रम बनाने जा रही हैं, जिनकी आधारशिला जल्द ही करेगी। उन्होंने सभी को दीवाली की शुभकामनाएँ भी दीं। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## तीन स्कूटियां आपस में टकराई दो की मौत, दो घायल

**ऋषिकेश।** दीपावली की रात खुशियों के बीच दो परिवारों में मातम पसरा गया। दरअसल, ऋषिकेश हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अखंड आश्रम के सामने तीन स्कूटी की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक युवती और एक युवक की एम्स में मौत हो गई। इसके अलावा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गौर हो कि ऋषिकेश में दो परिवारों की दीपावली की खुशियां मातम में बदल गई। जहां सड़क हादसे में दो की मौत हो गई।जबकि हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशीराम पांडेय ने बताया कि रविवार की देर रात ऋषिकेश की ओर से हरिद्वार की दिशा में जा रही एक स्कूटी सामने से आ रहे अन्य स्कूटी से टकरा गई, जिसके बाद एक स्कूटी और टकरा गई। दुर्घटना में कोटद्वार निवासी आरती (20) और काले की ढाल ऋषिकेश निवासी रितिक कश्यप (22) की मौत पर ही मौत हो गई। हादसे दो अन्य घायलों को एम्स में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बनी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छाया हुआ है।

# दीप महोत्सव सांस्कृतिक संरक्षण में मील का पत्थर

**बागेश्वर,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। गरुड़ तहसील के ग्राम पंचायत मटेना में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 48वां दीप महोत्सव प्रारंभ हो गया है। शुभारंभ करते हुए राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण में मटेना का दीप महोत्सव मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस मौके पर बाल कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

नवयुवक मंगल दल के तत्वाधान में आयोजित दीप महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि मटेना के युवा वर्षों से संस्कृति के संरक्षण के लिए ठोस प्रयास कर रहे हैं। अति विशिष्ट अतिथि विधायक पार्वती दास ने कहा कि मटेना का दीप महोत्सव पूरे जनपद के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए दो लाख रुपये की घोषणा की।पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि विगत 5 दशक से मटेना के ग्रामीणों ने दीप महोत्सव को जो परम्परा कायम रखी है ये आने वाली पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

विशिष्ट अतिथि साहित्यकार मोहन जोशी, डॉ हेम चंद्र दुबे, मधुसूदन जोशी उमेश जोशी ने कहा कि आज अपनी बोली और भाषा को बचाने की सख्त आवश्यकता है। नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष कैलाश खुल्बे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।संचालन करते हुए नवयुवक मंगल दल के संरक्षक चंद्रशेखर बड़सीला ने कहा कि मटेना में 47 सालों से लगातार दीप महोत्सव का आयोजन हो रहा है। यह अब गांव की परंपरा बन गई है। इस मौके पर कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, कैलाश जोशी, ग्राम प्रधान रविशंकर बिष्ट, जनार्जन लोहनी, कैलाश चंद्र जोशी, जेसी आर्या, जीवन चंद्र दुबे, हरीश रावत,दीपक पाठक, नवीन मिश्रा, संजय पांडे, मनोज खोलिया, अनिल पांडे, मनोज जोशी, दीप बिष्ट, जगदीश खोलिया, एमसी जोशी विनोद खोलिया, आदि मौजूद थे।

# कॉर्बेट नेशनल पार्क क्षेत्र में श्रमिक पर बाघ का हमला, मौत



**हल्द्वानी,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। कॉर्बेट नेशनल पार्क क्षेत्र में जंगल के अंदर झाड़ी कटान का कार्य कर रहे एक नेपाली श्रमिक पर बाघ ने हमला बोलते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। 15 नवंबर से कॉर्बेट नेशनल पार्क का ढिकाला जोन पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला जा रहा है। जिसको लेकर पार्क प्रशासन के अधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं।

इसी के क्रम में मूल रूप से नेपाल के रहने वाले 22 वर्षीय शिवा नाम का युवक अपने परिजनों के साथ ही 10 सदस्यों के साथ विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में ढिकाला क्षेत्र के मचान संख्या एक में झाड़ी कटान कार्य कर रहा था। इसी बीच अचानक बाघ ने शिवा पर हमला बोल दिया,शिवा की चीख पुकार सुनकर साथ में मौजूद परिजन व विभागीय कर्मचारी उसे बचाने के लिए मौके पर दौड़े, लेकिन बाघ की दहाड़ सुनकर यह लोग भी पीछे हट गए और शोर मचाया लेकिन बाघ ने शिवा को अपने जबड़े में ही दवाए रखा इसके बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा बाघ को भगाने के लिए दो से तीन राउंड हवाई फायर किए गए,इसके बाद बाघ शिवा को लहू लोहान हालत में छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। उसके बाद लहू लूहान हालत में शिवा के परिजन व विभागीय कर्मचारी उसे उपचार के लिए रामनगर सरकारी अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद मौके पर मौजूद उसकी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है साथी परिजनों का कहना है कि वह पिछले दो महीने से लेंटाना उन्मूलन के व अन्य कारियों में लगे हुए हैं। मौके पर मौजूद कॉर्बेट प्रशासन के फॉरेस्टर विनोद ने कहा कि जैसे ही हमें चीख पुकार सुनाई दी हमने फायर भी झोंके जिसके बाद बाघ युवक को छोड़कर और घने जंगल में घुस गया। उन्होंने कहा कि हम तुरंत ही घायल युवक को रामनगर चिकित्सालय लाये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दे की तीन दिन पूर्व ही बाघ ने रामनगर तराई पश्चिम के आमपोखरा रेंज में एक महिला के साथ ही दो युवकों पर भी किया था हमला, जिसमें महिला की हो गई थी मौत। लगातार बाघ व गुलदार के हमले कहीं ना कहीं वन विभाग के लिए चुनौती व सोचनीय विषय है।

# सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालओं ने लगाई आस्था की डुबकी

- देश भर से गंगा स्थान को हरिद्वार उमड़े श्रद्धालु
- सोमवती अमावस्या व्यक्ति के लिए पुण्यदायी और जीवनदायी



**हरिद्वार,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को सोमवती अमावस्या का स्नान पर्व हजारों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ी। उस पर दीपावली के अगले दिन सोमवती अमावस्या पड़ने का योग अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। गंगा स्नान करने के लिए यहां पर दूर दूर से श्रद्धालु आये हैं। मान्यता है कि इस अवसर पर गंगा स्नान करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पितरों के निमित्त पूजा करने से जीवन में सुख और शांति आती है। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र को 5 सुपर जोन, 26 जोन और 39 सेक्टर में बांट कर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि वैसे तो सभी अमावस्या पर गंगा स्नान का महत्व है। मगर सोमयुता अर्थात सोमवती अथवा भोमयुता अर्थात भौमवती अमावस्या विशेष पुण्यदायी होती है। आप इसके पुण्य का इसी बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि इस सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में स्वयं भीष्म पितामह ने अपनी शैया पर पड़े रहते हुए इंतजार किया था। आज मात्र जल स्नान करना व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ के समान फल दे देता है। आज के दिन अपने पितरों के प्रति तर्पण श्राद्ध आदि करना, पीपल के वृक्ष की पूजा करना, उसमें अपने पितरों की कामना करते हुए किसी भी प्रकार से 108 परिक्रमा कर लें तो यह निश्चित समझिए कि व्यक्ति का कितना भी कठिनाईपूर्ण जीवन हो, वह सुधर जाता है। व्यक्ति की मनोकामना, इच्छितकामना पूर्ण हो जाती है। गंगा आदि पवित्र नदियों में हरिद्वार आदि तीर्थो में आज के दिन स्नान का अत्यधिक महत्व है। आज ब्रह्मकुंड हर की पैड़ी पर स्नान करके व्यक्ति अपने जीवन को कल्पकल्पान्तर तक के पाप नष्ट करके मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। आज जो दान करेंगे, जो पुण्य करेंगे वो अक्षय है। सोमवती अमावस्या व्यक्ति के लिए पुण्यदायी और जीवनदायी है।

### पितरों के मोक्ष के लिए गंगा स्नान

वैसे तो स्नान पर्वों पर हमेशा ही श्रद्धालुओं की भीड़ हरिद्वार गंगा स्नान के लिए पहुंचती है। मगर आज सोमवती अमावस्या पर गंगा स्नान करने का मौका कोई नहीं छोड़ना चाहता है। हर की पैड़ी पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि सोमवती अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने से परिवार में सुख समृद्धि तो आती ही है, सभी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# अजय भट्ट और निशंक ने किए बाबा केदार और बदरी विशाल के दर्शन



**रुद्रप्रयाग,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद डा। रमेश पोखरियाल निशंक ने सोमवार 13 नवंबर को परिवार संग भगवान बदरी विशाल और बाबा केदार के दर्शन किए। दोनों ही जगह बीजेपी के कार्यकर्ताओं और बदरी-केदार मंत्री समिति ने सदस्यों ने निशंक और अजय भट्ट का स्वागत किया। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने दोनों ही नेताओं का स्वागत किया। किशोर पंवार ने बताया कि दोनों नेताओं ने धाम में विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्हें भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रावल ईश्वर प्रसाद से भी मुलाकात और प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य भास्कर डिमरी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चैहान, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, भाजपा नेता सुभाष डिमरी, नितेश चैहान, लक्ष्मण फरकिया सहित राजेंद्र सेमवाल, मीडिया प्रभारी डा। हरीश गौड़, अजीत भंडारी आदि मौजूद रहे।पूर्व सीएम और हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक बदरीनाथ धाम में दर्शन करने के पश्चात केदारनाथ धाम पहुंचे।

# प्रादेशिकी

**दशाश्वमेध भवन में लगी थ्री डी स्कल्पचर मैप, पूरी काशी के होंगे दर्शन**

**वाराणसी।** अब एक नजर में पूरे वाराणसी शहर को देखा जा सकता है। चाहे वह वाराणसी के अर्धचन्द्राकार घाट हों या आइकोनिक बिल्डिंग। वाराणसी स्मार्ट सिटी की ओर से दशाश्वमेध घाट के पास बने दशाश्वमेध भवन में थ्री डी स्कल्पचर मैप बनवाया गया है। इसे एक नजर में देख कर वाराणसी के महत्वपूर्ण स्थानों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। सरकार ने दशाश्वमेध घाट पर वर्षों से पड़े ख़ाली स्थान पर दशाश्वमेध भवन (टूरिस्ट प्लाजा) को मार्केट के रूप में विकसित किया है। काशी आने वाले पर्यटक दशाश्वमेध घाट का रुख जरूर करते हैं। अब इन सैलानियों को काशी के पर्यटन स्थल शहर के प्रमुख और जरूरत के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी के लिए भटकना नही पड़ेगा।

## जन समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतें अधिकारी: योगी



**गोरखपुर,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होने कहा कि समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।

रविवार को वनटांगियों के साथ दीपावली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना इत्मीनान से समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिये आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इस दौरान एक महिला अपनी बच्ची के दोनों आंखों में मोतियाबिंद की समस्या लेकर पहुंची थी। सीएम योगी ने उसे भरोसा दिया कि इसका इलाज सरकार कराएगी। उन्होंने महिला के पाल्य के लिए अधिकारियों को जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में मोतियाबिंद के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

## फलावदा एसओ के सामने दबंगो ने ईओ का दबाया गला, हंगामा




- **सरकारी भूमि कब्जाने पर दबंगों को लगाई थी फटकार, ईओ पर हमला करने का किया प्रयास**
- **नपं कर्मचारियों ने की नगर की सफाई ठप, कार्रवाई की मांग उठाई**

**मवाना,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत फलावदा की करोड़ों रुपये की सरकारी बेशक कीमती जमीन पर 25 वर्षों से भूमाफिया द्वारा कब्जाए जाने पर 5 दिन पूर्व न्यायालय से मिले खाली कराए जाने के आदेश पर नगर पंचायत ईओ पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और बाबा का बुल्डोजर चलाने के निर्देश दिए। रविवार को टीम के साथ पहुंचे ईओ फलावदा पर भूमाफियाओं ने दबंगई दिखाते हुए जमीन पर नगर पंचायत द्वारा लगाया गया बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया और जान से मारने की धमकी दे डाली। सूचना बाद पहुंचे नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार के साथ दबंगों ने जानलेवा हमला कर बेहरमी से पिटाई कर दी। दबंगों द्वारा घटना करने बाद ईओ सचिन पंवार टीम को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। इसी दौरान भूमाफियाओं भी थाने में आ धमके और फलावदा एसओ धमेंद्र उपाध्याय के सामने ही दबंगई दिखाते हुए ईओ सचिन पंवार का गला दबा दिया। ईओ ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद करते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई। ईओ ने पुलिस को बताया कि पाच दिन पूर्व नगर पंचायत की संपत्ति होने का बोर्ड लगा दिया था लेकिन दबंगों ने रविवार को नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर लगा हुआ बोर्ड उखाड़ दिया था। ईओ सचिन पंवार द्वारा विरोध करने पर दबंगो ने गंदी-गंदी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से बलकटी, दराती व धारदार हथियारों से जानलेवा हमले करने का प्रयास किया गया था लेकिन ईओ सचिन पंवार ने बमुश्किल अपनी जान बचाई थी।घटना की तहरीर देने पर भी पुलिस ने ईओ की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सोमवार को गुस्साएं नगर पंचायत कर्मियों ने पुलिस एवं दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाते हुए प्रदर्शन किया और नगर की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप कर दी है। पीड़ित ईओ सचिन पंवार ने सुभाष, रामभजन, अमरीश, प्रदीप, सुरेश, जगरेश रामभजन, ओमी, उमा सुभाष, राहुल आदि निवासी फलावदा को नामजद किया गया है।? पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर ईओ के पक्ष मे नगर पंचायत साथ आ गये और हंगामा कर दिया मामले की जानकारी मवाना एसडीएम अखिलेश यादव को दी। एसडीएम अखिलेश यादव ने थाने में पहुंचकर दोनों पक्षों से उक्त भूमि से संबंधित प्रमाण पत्र लेकर जांच करने का आश्वासन दिया। नगर पंचायत ईओ सचिन पंवार के साथ हुई घटना के मामले पुलिस द्वारा दबंगो के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने से गुस्साए नगर पंचायत के कर्मचारियों ने नगर की सफाई व्यवस्था ठप करते हुए हड़ताल कर दी। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस गिरफ्तार नहीं करती तब तक नगर की सफाई व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था बंद रहेगी। आरोप है कि ईओ सचिन पंवार पर हुए जानलेवा हमले में थाना एसओ धर्मेद्र उपाध्याय द्वारा रिपोर्ट दर्ज नही करने प्रदर्शन किया और कस्बे के बस स्टैंड स्थित कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया और बस स्टैंड से लेकर नगर पंचायत कार्यालय तक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। फलावदा ईओ सचिन पंवार ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी एसएसपी रोहित सजवाण, डीएम दीपक मीणा को दी। कहां कि फलावदा थाना प्रभारी की सांठगांठ से दबंगों ने उनपर पुलिस के सामने हमला किया है। इसी परिप्रेक्ष्य में ठोस कार्रवाई की जाए। इस संबंध में थाना प्रभारी धीरेंद्र उपाध्याय का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### बरेली जंक्शन पर अवध-असम एक्सप्रेस कोच में आग, एक झुलसा

**वाराणसी।** बरेली। बरेली जंक्शन प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचते ही अवध असम एक्सप्रेस 15910 एक कोच में अचानक धुंआ निकलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी, सीओ प्रथम और सीएफओ मौके पर पहुंचे। अग्नि शमन उपकरणों से काबू पाया गया। जांच में पता चला कि एक यात्री के बोरे में आग लगी थी। एक यात्री को आग से बचाने में एक सीनियर पार्सल क्लर्क के झुलसने की सूचना है,लेकिन उनके झुलसने की अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। क्षेत्राधिकारी प्रथम श्वेता यादव ने बताया कि रेलवे जंक्शन प्लेटफार्म नंबर एक पर दोपहर जैसे ही अवध आसाम एक्सप्रेस आकर रुकी कि तभी उसकी एक बोगी में बोरे को लेकर यात्रा कर रहा था। उस व्यक्ति ने बोरे पर बैठे बैठे बीड़ी जलाई, माचिस तीली बोरे पर गिर गई। जिससे बोरे में से धुआं निकलने लपट उठी। आग बढ़ने लगी तब बोगी में बैठे यात्रियों को भी किसी बड़ी घटना का आभास हो गया और वह तेजी से बोगी के बाहर निकल कर कूदने लगे। उन्होंने घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी, रेलवे पुलिस तुरंत बोगी के चारों ओर घेरा बनाकर खडी हो गई।

#### ऊंचाहार एनटीपीसी की तीन इकाईयां कम मांग के कारण बंद

**रायबरेली।** रायबरेली के ऊंचाहार स्थित नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की तीन इकाइयों को ग्रिड में मांग कम होने के कारण बन्द किया गया है। जिला प्रशासन से सोमवार शाम जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरडीएलसी) के निर्देश पर ऊंचाहार परियोजना की यूनिट नं 1,2 व 5 को ग्रिड में डिमांड कम होने के कारण रिज़र्व शट डाउन में बंद किया गया है। एनआरएलडीसी के निर्देश मिलते ही विद्युत इकाईयों से फिर से उत्पादन शुरु कर दिया जाएगा।

#### फिरोजाबाद में इंजन में फंसा शव लेकर दौड़ती रही ट्रेन

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में सोमवार को शिकोहावाद फर्रुखाबाद पैसेंजर ट्रेन के इंजन में युवक का शव फंस गया जिसे लेकर ट्रेन दौड़ती रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिरसागंज क्षेत्र निवासी बंगाली बाबू के पुत्र सौरभ (27) ने आज सुबह ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद उसका शव ट्रेन के इंजन में फंस गया। चालक ट्रेन को दौड़ाता हुआ शिकोहाबाद की तरफ बढ़ रहा था। ट्रेन बूढ़ा भरथरा के समीप पहुंची तो ग्रामीणों ने ट्रेन के इंजन में युवक को फंसा देख चीख पुकार मचा दी। शोर सुन कर चालक ने ट्रेन को रोक लिया और ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को इंजन से बाहर निकाला। सूचना पर थाना शिकोहाबाद, आरपीएफ और सिरसागंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की शिनाख्त सौरभ निवासी नगला मदारी के रूप में हुई। मृतक के पिता का कहना है कि चार माह पूर्व उसके बड़े बेटे की पत्नी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। जिसका उसके ससुरालीजनों ने पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

## नगर व देहात क्षेत्र में धूमधाम से मनाया दीपावली का पर्व



**मवाना,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर व देहात क्षेत्र में रविवार को दीपावली का पर्व धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने घरों के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त पर लक्ष्मी पूजन किया। धनतेरस दीपावली पर बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। दीपावली पर्व पर घरों के साथ ही दुकानें रोशनी से जगमग नजर आई। दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य मार्गो बाजारों में पुलिस बल तैनात रहा। जिसके चलते दीपावली पर्व पर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। घरों प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजन करने के पश्चात बच्चों के साथ ही नौजवानों बड़ो ने भी जमकर पटाखे छोड़ आतिशबाजी की। एनसीआर में पटाखों की बिकी पर रोक के बाद भी देर रात दीपावली पर्व पर मोहल्ले के चौराहे पर लोगों ने रंग-बिरंगी रंगोलियां उकेरकर दीप जलाए। वहीं देहात क्षेत्र में लोगों ने मिटाई के साथ एक दूसरे से गले मिलकर दीपावली की बधाई दी आसमान में आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। नगर के मुकाबल देहात क्षेत्र में पटाखों गूज कम सुनाई दी।

## अयोध्या में 200 करोड़ की लागत से बनेगा लक्ष्मण पथ

**अयोध्या,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या की कनेक्टिविटी को बेहतर करने की कवायद के तहत 200 करोड़ की लागत से लक्ष्मण पथ का निर्माण किया जायेगा। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। जनवरी में रामलला अपने मंदिर में विराजमान भी हो जाएंगे। इन सब के बीच अयोध्या की कनेक्टिविटी को भी लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। श्रीराम की नगरी में अलग अलग पथों के जरिए फोर लेन कनेक्टिवी प्रदान की जा रही है। इसमें अब एक नया नाम लक्ष्मण पथ का जुड़ने जा रहा है। उन्होने बताया कि अयोध्या में राम पथ का निर्माण तेजी से हो रहा है, जो नयाघाट से सहादतगंज तक 13 किमी लंबा मार्ग है। इसके बाद जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, धर्मपथ के बाद अब लक्ष्मण पथ का निर्माण भी योगी सरकार कराने की तैयारी में जुट गई है। भगवान श्रीराम के छोटे भाई और शेषावतार लक्ष्मण जी के नाम पर बनने वाले इस नये वैकल्पिक मार्ग निर्माण की भी पूरी कार्ययोजना तैयार है। जिलाधिकारी नीतीश कुमार के अनुसार लक्ष्मण पथ गुप्तारघाट से राजघाट तक बनाया जाएगा। यह पथ फोरलेन होगा।

इस पथ के निर्माण के लिए नामित कार्यदाई संस्था प्रांतीय खंड लोनिवि की निर्माण ईकाई द्वितीय के अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने बताया कि करीब 12 किलोमीटर लंबा यह पथ उदया हरिश्चंद्र घाट तटबंध के समानांतर प्रस्तावित है। तटबंध की चौड़ाई पहले छह मीटर थी जिसे एक मीटर बढ़ाकर सात मीटर कर दिया गया है। इधर लक्ष्मण पथ की चौड़ाई 18 मीटर तय कि गयी है। अधिशासी अभियंता के अनुसार लगभग दो सौ करोड़ की लागत से प्रस्तावित इस वैकल्पिक मार्ग का आगणन शासन को प्रेषित कर दिया गया है और स्वीकृति की प्रतीक्षा है। शासन से स्वीकृति मिलते ही इस योजना पर काम शुरु कर दिया जाएगा।

## गंधक व पोटाश मिलाते समय किशोर की मौत



**मवाना,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। फलावदा थाना क्षेत्र के गांव सकौती में रविवार की रात 14 साल के वरदान पुत्र युद्धवीर सिंह उर्फ गुड्डु की मौत हो गई। दीपावली के मौके पर रविवार दोपहर दो बजे किशोर वरदान बाजार से गंधक व पोटाश लाया और उसे इमामजस्ते में मिलाकर कूटने लगा। अचानक तेज विस्फोट हुआ और वरदान गंभीर रूप से घायल हो गया। मेरठ के एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया लेकिन इलाज में हुई लापरवाही के चलते रविवार रात में तीन बजे वरदान की मौत हो गई। गांव सकौती के प्रधान ईश्वर सिंह ने बताया कि उनका भतीजा रविवार को पोटाश व गंधक को मिला रहा था, अचानक हुए विस्फोट से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार दोपहर तीन बजे उसे अस्पताल ले गये, जहां पर रात तक उसका इलाज शुरू नहीं हो पाया। रात को तीन बजे उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि रात को अस्पताल में विधायक अतुल प्रधान व पूर्व विधायक योगेश कुमार पहुंचे। अस्पताल प्रशासन से बात की लेकिन कोई सही जवाब नहीं दे सका।

## ऑल इंडिया आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन

**मेरठ,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। असंध हरियाणा में विगत 10 नवंबर को आयोजित ऑल इंडिया आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप के सुपर मैच में मेरठ पब्लिक स्कूल मेन विंग के विद्यार्थी आभास राणा ने एक बार पुन: अपनी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पराजित कर अंत में ऑस्ट्रेलियन आर्मरेसलर हालीवुड मैट कोनली को जीत का अवसर दिए बिना हरा दिया। आभास ने अपनी इस अद्वितीय सफलता से देश नगर व अपने विद्यालय मेरठ पब्लिक स्कूल की सफलता का स्वर्णिम परचम सफलता की ऊंचाइयों पर लहरा दिया। छात्र की इस निर्बाध सफलता पर विद्यालय प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव गौड़ ने विद्यालय की प्रबंधन समिति और समस्त विद्यालय परिवार की ओर से छात्र की इस एक और स्वर्णिम उपलब्धि की हार्दिक प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।



एम. पी. एस. के छात्र का शानदार प्रदर्शन

## झोपड़ियो में रंगोली बनाकर मनाई दिवाली



**मेरठ,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व के अवसर पर विनायक विद्यापीठ के कम्युनिटी आउटरिच क्लब एवं कल्चरल क्लब के सदस्यो ने मोदीपुरम के स्लम एरिया के बच्चो एवं बुजुर्गो के साथ दीपावली मनाई। विद्यार्थियो द्वारा सजाए गए दीपक, कपड़े और मिठाई बाट कर उन्हे खुशियां बाटी। क्लब के सदस्यो एवं विद्यार्थियो ने उनकी झोपड़ियो में रंगोली बनाकर सजावट की, यह खुशी उन बच्चों और उनके माता-पिता के चेहरे पर साफ दिखाई पड़ रही थी। क्लब के सदस्यों ने स्लम एरिया में रह रहे बुजुर्गो के साथ काफी बाते भी की। महाविद्यालय की प्राचार्या ने इस सामाजिक कार्यक्रम के लिए क्लब के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सराहना की और भविष्य में और अधिक सामाजिक सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महाविद्यालय की कम्युनिटी आउटरीच क्लब के प्रेसिडेंट रीमा विकल वाइस प्रेसिडेंट प्रवीन शर्मा सदस्य रवीना, कविता बढ़ाना, पूजा शर्मा, नीतू विहान, विपिन कुमार, मोहित कुमार एवं कल्चरल क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## गरीबों के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण बनाएगा हजार फ्लैट

**प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि ऐसे गरीब परिवार जिनके पास रहने के लिए मकान नहीं है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट दिए जाएंगे**

**प्रयागराज,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। हर गरीब को उसकी अपनी छत दिलाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण गरीब तबके के लिये एक हजार फ्लैटों का निर्माण करेगा। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि प्रयागराज में आवासहीन गरीब परिवार लोगों के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 1000 फ्लैट्स का निर्माण कराया जाएगा।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि ऐसे गरीब परिवार जिनके पास रहने के लिए मकान नहीं है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट दिए जाएंगे। इन फ्लैट्स का निर्माण जमीन उपलब्ध होने के बाद शुरू कर दिया जाएगा। इनके लिए जमीन की तलाश पीडीए की तरफ से शुरू कर दी गई है। शहर के नैनी ,झूंसी ,फाफामऊ और झलवा इलाके में गरीबों के लिए ये आशियाने बनाए जाएंगे। वैसे पीडीए ने गंगा पार के मलाक और बमरौली के गयासुद्दीन में इनके लिए जमीन की तलाश भी लगभग पूरी कर ली है। इन दोनों स्थानों पर 250-250 फ्लैट्स बनाए जाएंगे। नैनी और झूंसी की जमीन की तलाश पीडीए कर रहा है । यहां अगले वित्तीय वर्ष से पीएम आवास बनाने की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो जाएगी।

नगर निगम प्रयागराज के विस्तार के बाद नगर निगम की सीमा में 20 नए वार्ड शामिल किए गए हैं। शहरी सीमा का विस्तार होने से नगर निगम में 97 ग्राम सभाओं को भी इसमें सम्मिलित किया गया है । इस विस्तारित क्षेत्र में कई ऐसे गरीब परिवार है जिनके पास ना तो खुद की जमीन है और ना ही मकान खरीदने का बजट। ऐसे में विस्तारित क्षेत्र के आवासहीन परिवार के लिए पीडीए आवास का निर्माण विस्तारित क्षेत्र में करा रहा है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान के मुताबिक पीएम आवास योजना के तहत यहां बनने वाले फ्लैट की कीमत दो लाख से तीन लाख के आसपास होगी। उनका यह भी कहना है कि 18 माह में यह फ्लैट्स बनकर तैयार हो जाएंगे । विस्तारित क्षेत्र में गरीबों के लिए बनने वाले फ्लैट को निर्माण पीडीए 18 माह में पूरा करेगा। निर्माण के द्वारा नहीं फ्लैट खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

प्रयागराज में पीएम आवास योजना के तहत दिसंबर 2023 में पीपल गांव इलाके में 556 प्लेटों के लिए लाटरी निकाली जाएगी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि पीएम आवास योजना के तहत तैयार किए गए फ्लैटों की लाटरी निकाली जाएगी । सब कुछ सही रहा तो दिसंबर के महीने में लाटरी निकाल कर आवास आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी । इसके बाद आप आबंटियों को को प्रयागराज विकास प्राधिकरण एक महीने के अंदर कब्ज़ा भी दे देगा ।

गौरतलब है कि पीपल गांव में योगी सरकार ने 2019 में इस योजना के तहत अपार्टमेंट का निर्माण शुरू कराया था जो 2020 में जाकर पूरा हो गया है । पीएम आवास के लिए यहां 2000 से अधिक लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था । यहां 9000 वर्ग मीटर में फ्लैट्स का निर्माण कराया है । पीपल गांव इलाके में तैयार हुए यह आवास पीएम आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए हैं जिसमें हर एक फ्लैट की लागत 4.50 लाख रुपए है।

## पंजीकृत मध्यस्थों के साथ सौदा करें निवेशक

**मेरठ,** 13 नवम्बर (देशबन्धु)। आशीष कुमार चौहान (प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) ने कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुहूर्त ट्रेडिंग हमारी साझा वित्तीय आकांक्षाओं का प्रमाण है। इस हलचल भरे बाजार में दिवाली की रोशनी के बीच हम सावधानीपूर्वक विकल्प चुनने और रणनीतिक निवेश का सफर शुरू करते हैं। इस शुभ समय के दौरान किया गया हर सौदा निवेशकों के बीच वृद्धि और एकता की भावना का प्रतीक होता है। एनएसई की सलाह है कि निवेशक केवल पंजीकृत मध्यस्थों के साथ सौदा करें और गैर-विनियमित उत्पादों में सौदा करने से बचें। उन्होंने कहा, शेयर बाजार का उपयोग दीर्घ कालिक धन सृजन के लिए किया जाना चाहिए। निवेशकों को यदि एक बार बुरा अनुभव होता है तो वे दोबारा शेयर बाजार में प्रवेश नहीं करना चाहते हैं। डेरिवेटिव में जोखिम का स्तर बहुत अधिक होता है, इसलिए खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव में ट्रेड करने से बचना चाहिए। दीर्घ कालिक निवेशक बनें। यह भारत की विकास गाथा में भाग लेने का सबसे अच्छा तरीका है। आपके सौदे आपकी उम्मीदों के अनुकूल हों, निवेश लाभदायक हो, और दिवाली की मूलभावना हमें समृद्धि और वित्तीय सफलता की ओर ले जाए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए शुभकामनाएं, जहां हर सौदा एक मजबूत, समृद्ध भविष्य के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।



## देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने दीवाली के अवसर पर रिलीज़ किया अपना नया गाना दिवाली आयो रे

**मुंबई।** देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने दीवाली के अवसर पर अपना नया गाना दिवाली आयो रे रिलीज किया है दिवाली आयो रे में दर्शाया गया है कि प्रभू श्री राम जब अयोध्या से वापस आये और वहा कि प्रजा ने उनके स्वागत पहली दिवाली मनाई थी द्य इस गाने को इंडियन आइडल 2023 के विजेता अयोध्या के ऋषी सिंह ने स्वरबद्ध किया है और इस गाने का म्युजिक जितुल बोरा ने किया है। जगदीशचंद्र पाटिल द्वारा निर्मित, इस गाने का निर्देशन विजय बूटे ने किया है। मोनाली गुळवे इस गाने की कार्यकारी निर्माता हैं इस गाने के म्युजिक वीडियो में रवि भाटिया, अनुजा शिंदे और हर्ष नायर नजर आ रहे हैं। यह गाना देसी ध्वनि रिकॉर्ड के यूटयूब चैनल पर अब उपलब्ध है।

### शोधकर्ताओं ने स्लीप एपनिया को लेकर किया अध्ययन

# नींद संबंधी विकार हृदय के काम करने पर डालता है असर

## 42,000 से अधिक रोगियों पर अध्ययन

**न्यूयॉर्क,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने स्लीप एपनिया (एक नींद विकार) और एट्रियल फाइब्रिलेशन (एक सामान्य हृदय रिदम विकार) के विकास के बीच लिंक की पहचान की है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित, 42,000 से अधिक रोगियों के अध्ययन में पाया गया कि नींद से संबंधित हाइपोक्सिया - या नींद के दौरान कम ऑक्सीजन का स्तर - समय के साथ एट्रियल फाइब्रिलेशन विकसित होने के उच्च जोखिम से जुड़ा हुआ है।

क्लीवलैंड क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने अध्ययन में पाया कि फेफड़ों के कार्य को ध्यान में रखने के बाद भी जोखिम बना रहता है, यह सुझाव देता है कि नींद से संबंधित हाइपोक्सिया स्वतंत्र रूप से किसी भी अंतर्निहित फेफड़ों की बीमारी से अलग एट्रियल फाइब्रिलेशन जोखिम को बढ़ाता है। एट्रियल फाइब्रिलेशन (एएफआईबी) एक अनियमित और अक्सर बहुत तेज हृदय ताल (अनियमित रिदम) है, जो हृदय में रक्त के थक्के का कारण बन सकता है। असामान्य रूप से तेज हृदय गति के कारण रक्त प्रवाह खराब हो सकता है और स्ट्रोक, हार्ट फेल और अन्य हृदय संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है।

> **समय के साथ एट्रियल फाइब्रिलेशन विकसित होने के उच्च जोखिम**

अध्ययन से पता चला कि 5 प्रतिशत रोगियों में नींद के अध्ययन के पांच साल के भीतर एएफआईबी का निदान किया गया था, जबकि उनका समूह काफी युवा (औसतन 51 वर्ष) था। यह भी पाया गया कि औसत ऑक्सीजन संतृप्ति में प्रत्येक 10 प्रतिशत की कमी के लिए, एएफआईबी का जोखिम 30 प्रतिशत बढ़ गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, स्लीप एपनिया की नियमित जांच और इलाज से एट्रियल फाइब्रिलेशन विकसित होने की संभावना को कम करने में मदद मिल सकती है, खासकर उन लोगों में जो पहले से ही उच्च जोखिम में हैं।

शोधकर्ता नींद की अव्यवस्थित श्वास, जिसमें स्लीप एपनिया और नींद से संबंधित हाइपोक्सिया शामिल हैं, को एएफआईबी विकास से जोड़ने वाले तंत्र को बेहतर ढंग से समझने के लिए भविष्य के अध्ययन की योजना बना रहे हैं। उन्हें यह भी परीक्षण करना है कि क्या स्लीप एपनिया के लिए मौजूदा उपचार, जैसे सीपीएपी, एएफआईबी जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं।



## प्रीति गुप्ता ने अपने कार्यालय पर किया 'मेंटेनेंस डिपार्टमेंट सम्मान समारोह' का आयोजन



**नई दिल्ली** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर पूर्वी जिला के घोंडा वार्ड 231की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने अपने पार्षद कार्यालय पर 'मेंटेनेंस डिपार्टमेंट सम्मान समारोह' का आयोजन किया। इस अवसर पर घोंडा विधायक अजय महावर एवं निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने 'मेंटेनेंस डिपार्टमेंट सम्मान समारोह' में आए कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सम्मानित कर आगामी कार्य प्रणाली पर भी विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मेंटेनेंस डिपार्मेंट कर्मचारीयों ने कहा कि वह घौंडा के विकास के लिए अपना पूरा-पूरा योगदान देंगे। कर्मचारीयों का यह भी कहना था कि इस तरह का आयोजन हमने पहली बार देखा है। विधायक अजय महावर एवं निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करके उन्हें प्रस्तुति पत्र व प्रतीक चिन्ह मिठाई उपहार भेंट कर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

इस मेंटेनेंस डिपार्टमेंट कर्मचारी सम्मान समारोह में पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश धामा, लव कुश तिवारी, मशहूर एंकर संतोष टंडन, दीपिका ग्रोवर, उर्मिला शुक्ला, मनोज सोनी, विजय भाटिया, सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अर्चना गौतम ने पसंदीदा 'बिग बॉस' प्रतियोगियों का किया खुलासा, विक्की 'असली खिलाड़ी'



**मुंबई,** 13 नवम्बर (एजेंसियां)। विवादास्पद रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' में तीसरी रनर अप रहीं अभिनेत्री अर्चना गौतम ने 'बिग बॉस 17' सीजन के शीर्ष पांच प्रतियोगियों के बारे में बताया। उन्होंने अपनी 'खतरों के खिलाड़ी' दोस्त ऐश्वर्या शर्मा को अपना समर्थन दिया। निर्माताओं ने 'बिग बज' के साथ 'बिग बॉस 17' के अनुभव में एक रोमांचक मोड़ लाया है, यह शो बिग बॉस के लिविंग रूम को एक नए प्रारूप में जीवंत बनाता है, जिसे पिछले सीजन में पेश किया गया था। अपने पहले सीजन के सफल प्रदर्शन के बाद, यह शो अपने दूसरे सीजन के साथ लौट आया है। कृष्णा अभिषेक द्वारा होस्ट किए गए, 'बिग बज़' में एक काल्पनिक परिवार दिखाया गया है, जो बिग बॉस के बेदखल और पिछले सीजन के प्रतियोगियों से जुड़ा हुआ है, जो मनोरंजन की दुनिया में विशेष अंतर्दृष्टि के साथ-साथ उनके जीवन और विचारों पर एक अनफ़िल्टर्ड नज़र पेश करता है। शो में आने वाली अर्चना ने खुलासा किया कि वह लगन से 'बिग बॉस 17' को देख रही हैं। कृष्णा के साथ एक बातचीत के दौरान, उन्होंने अपने शीर्ष 5 'बिग बॉस 17' प्रतियोगियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मेरे शीर्ष पांच में मेरी दोस्त ऐश्वर्या, मन्नारा चोपड़ा, मुनव्वर फारुकी, विक्की जैन - अंकिता लोखंडे और खानजादी होंगे।













NUTEMA HOSPITAL
Bringing New Hope To Life !
आरोग्यम् सुख सम्पदा

न्यूटिमा हॉस्पिटल की ओर से
दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा, निष्ठा, सहयोग और विश्वास की वर्षों पुरानी परम्परा!!

भारत वर्ष में चिकित्सा सेवा के आकाश पटल पर स्वर्णाक्षरो में अंकित "न्यूटिमा" हॉस्पिटल" के नाम से लोगो को सेवा, सहयोग और विश्वास की वर्षों पुरानी परम्परा उत्तम स्वास्थ्य प्राप्ति का विश्वास दिलाती है।

चिकित्सा सेवा में अग्रणी "न्यूटिमा हॉस्पिटल" मेरठ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारत वर्ष के आमजनमानस को नवीनतम आधुनिकतम, विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध करना रहा है। चिकित्सा सेवा प्रदान करने के साथ साथ "न्यूटिमा" हॉस्पिटल ने सदैव रोग के सन्दर्भ में जागरूकता, रोग से बचाव और निवारण हेतु राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता कार्यकर्मो की व्यवस्था की, जिससे की रोगों के सन्दर्भ में रोगी, उसके तीमारदारो और परिवार वालो को किसी प्रकार की अज्ञानता न रहे और वे अपने रोगों को भली भांति सोच-समझकर, रोग की गंभीरता का मूल्यांकन करके, रोग के
परामर्श- जांच- उपचार और अन्य चिकित्सा व्ययों का आंकलन कर समुचित एवं सम्पूर्ण उपचार करने में कामयाब हो सके एवं उसके मन में सदैव हर्षोल्लास की भावना रहे। "न्यूटिमा हॉस्पिटल" के प्रबंधतंत्र का मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक धन कमाना न होकर यहाँ उपचार हेतु आने वाले हर खासो-आम का पूर्ण सेवा भावना, चिकित्सा लाभ पहुँचाने की भावना और रोगी को पूर्ण रूपेण स्वास्थय लाभ पहुँचाने की भावना से सेवा करना मात्र है। यहाँ उपचार की कामना के साथ आने वाले समस्त मरीजों के लिए हर प्रकार की मूलभूत और आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ हमेशा उपलब्ध रहती हैं। मरीजों का ध्यान रखने के लिए हॉस्पिटल में योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक, चिकित्सकीय सहयोगी दिन रात उपलब्ध रहते है और असंभव से असंभव रोग के उपचार को अपने अनुभव के बल पर संभव और सफल बनाते है। यहाँ मरीज का केवल उपचार ही नहीं किया जाता वरन् उसके आजीवन स्वास्थ्य की मंगल कामना की जाती है।

न्यूटिमा हॉस्पिटल, मेरठ का रिश्ता यहाँ आने वाले प्रत्येक रोगी से उसके परिवार जैसा है। दुसरे शब्दों में आप कह सकते है की घर के बाहर रोग का उपचार बिलकुल घर जैसा। यही रिश्ता रोगी एवं उसके परिवार के साथ एक अटूट रिश्ता कायम करता है। जिसके कारण ही आज उत्तर प्रदेश ही नहीं वरन दुसरे राज्यों और दूर दराज के क्षेत्रो में भी आमजनमानस का मानना है की गंभीर से गंभीर और असाध्य रोगों की अवस्था में भी जान बचाने के लिए बस न्यूटिमा हॉस्पिटल, मेरठ तक एक बार पहुंचना काफी है। अपनी चिकित्सा व्यवस्था और निस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान करने की वजह से न सिर्फ मेरठ बल्कि उसके बाहर भी अपने नाम का परचम लहराया है। संसार का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे, खुश रहे, इस मंगल कामना को करते रहने के साथ न्यूटिमा हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाए, 6 स्टेट ऑफ डी आर्ट मोड्युलर ऑपरेशन थिएटर, 2सी - आर्म मशीन, पांच एनेस्थेसिया वर्कस्टेशन, ऑटोक्लेव मशीन, दो लैप्रोस्कोप, दो ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप जैसी विश्वस्तरीय सुविधायें भी उपलब्ध हैं। क्रिटिकल केयर एंड ट्रॉमा सेंटर, बाल रोग एवं नवजात शिशु रोग, मरीजों के लिए स्पेशल वेंटिलेटर व नर्सरी, अत्याधुनिक एनआईसीयू व पीसीयू, किडनी एवं यूरोलॉजी केयर, दूरबीन विधि द्वारा बिना चीरा लगाए हड्डी सम्बंधित रोगों की जांच, घुटना और कुलहो के ऑपरेशन की व्यवस्था, मस्तिष्क के रोगों का निदान एवं दूरबीन द्वारा मस्तिष्क का ऑपरेशन, सभी प्रकार के ऑपरेशन की व्यवस्था, एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जरी, एडवांस आई केयर, आधुनिक आई.सी.यू. इंटरनल मेडिसिन, क्रिटिकल केयर एवं मल्टीस्पेशलिटी रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, सीटीजी मशीन द्वारा बच्चे की जांच एवं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का इलाज, दिल सम्बंधित जांच व इलाज, जन्मजात हृदय विकारों का उपचार, नाक, कान, गला रोगों का इलाज, एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी, ईयर सर्जरी तथा अन्य सर्जरी, पैथोलॉजी विभाग, एडवांस्ड डेंटल, मैक्सिलोफेशियल एवं टीएमजे केयर विभाग मौजूद है।




**न्यूटिमा हॉस्पिटल,** मेरठ में **डायलिसिस यूनिट:** अल्ट्रामॉडर्न सुविधाओं के साथ, रेडियोलॉजी सेवाएं: एक्सरे, यू/एस, सीएआरएम, सीटी, ईको, एमआरआई, अत्याधुनिक पैथोलॉजी सेवाएं:- सभी सुविधाओं के साथ, ब्लड बैंक शीघ्र ही संचालन में, फिजियोथैरेपी मशीनरी के साथ, फार्मेसी: 24 घंटे उन्नत सेवाएं एंब्यूलेंस सेवा: 24 घंटे, कैफेटेरिया : परिसर में खान-पान जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध है। न्यूटिमा हॉस्पिटल में पिछले पांच वर्षो में लगभग 225 से भी अधिक गुर्दा प्रत्यारोपण हो चुके है। कुछ गुर्दा प्रत्यारोपण तो ऐसे रोगियों के भी थे जिनके ब्लड ग्रुप भी अलग-अलग थे एवं ऐसा ऑपरेशन करना लगभग असंभव सा होता है। परन्तु आज तक रोगी बिलकुल स्वस्थ है एवं खुशहाल दैनिक जीवन जी रहे है। विश्व की नवीनतम - आधुनिकतम डायलिसिस तकनीक स्लेज एवं सी ए आर टी के द्वारा जीवन बचाना आसान हो पा रहा है।

**अंगदान सर्वश्रेष्ठ दान, अंगदान से कोई ना हो परेशान :** अंगदान दुनिया का सबसे बड़ा दान माना जाता है। इसलिए ही इसे महादान भी कहा जाता है। यह दान मनुष्य की मृत्यु के बाद दिया जाता है। लेकिन, कुछ परिस्थितियों में जीवित लोग भी अपने शरीर के अंगों का दान करते है। लेकिन, जीवित रहते हुए व्यक्ति सीमित अंगों को ही दान कर सकता है। जैसे:- किडनी।
अंगदान का सीधा सा अर्थ, किसी व्यक्ति के शरीर के अंगों को निकालकर किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में डालना होता है। लेकिन, वह अंग उसके या उसके परिवार की इच्छापूर्वक बिना किसी लाभ के दिया हुआ होना चाहिए। इसके पीछे उनका किसी भी प्रकार का कोई भी स्वार्थ नही होना चाहिए। अंगदान करना पुण्य का कार्य है। इससे कई लोगों को एक नया जीवन मिल सकता है। अंगदान में मनुष्य के कई अंग दान किये जा सकते है। जैसे:- आँखे, हृदय, किडनी, छोटी आंत आदि।

**अस्पताल : स्वास्थ्य सेवाओं का एक सामाजिक स्थल**
व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा सेवाएँ हमारे समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक हैं। अस्पताल एक ऐसा स्थल है जहाँ विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होती हैं जो मरीजों को सही दिशा में आराम दिलाती हैं।

**1. रोगी सेवा विभाग:** यह विभाग मरीजों की पहली देखभाल प्रदान करता है। यहाँ पर डॉक्टर और नर्सेज रोगियों के साथ मुख्य रूप से रहते हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य उनकी स्थिति की गहराई से समझना और उन्हें सही चिकित्सा प्रक्रिया की दिशा में ले जाना होता है।

**2. सर्जिकल विभाग:** यह विभाग चिकित्सा की विभिन्न शाखाओं में सर्जरी की सेवाएँ प्रदान करता है। यहाँ पर अलग-अलग प्रकार की सर्जरी, जैसे कि हृदय सर्जरी, कैंसर सर्जरी, जॉइंट रिप्लेसमेंट, आदि की प्रक्रियाएँ की जाती हैं।

**3. पीडियेट्रिक्स विभाग:** बच्चों की सेवाओं के लिए यह विभाग महत्वपूर्ण है। यहाँ बच्चों की आरोग्य से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाता है और उनकी विकास में मदद की जाती है।

**4. गर्भावस्था और स्त्री स्वास्थ्य विभाग:** यह विभाग महिलाओं की गर्भावस्था से लेकर प्रसूति तक की देखभाल प्रदान करता है। यहाँ पर मातृत्व संबंधित समस्याओं का समाधान भी किया जाता है।

**5. न्यूरोलॉजी विभाग:** यह विभाग न्यूरोलॉजिकल रोगों की चिकित्सा करता है, जैसे कि मस्तिष्क संबंधित समस्याएँ और डिज़ॉर्डर्स।

**6. अक्सिडेंट और आपातकालीन विभाग:** यह विभाग आपातकालीन स्थितियों में चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करता है, जैसे कि दुर्घटनाओं के बाद की देखभाल और चिकित्सा।

**7. अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य विभाग:** यह विभाग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की चिकित्सा करता है और अवसाद जैसी समस्याओं के लिए मानसिक समर्थन प्रदान करता है।

**8. प्राथमिक देखभाल विभाग:** यह विभाग छोटे और सामान्य रोगों की देखभाल प्रदान करता है, जैसे कि फ्लू, बुखार, सामान्य जुखाम, आदि।
इसके अलावा, यह स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है जो लोगों को स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में प्रोत्साहित करता है।

**9. नेत्र विभाग -** जहाँ आपको नेत्र सम्बंधित सभी रोगो का ईलाज, कुशल एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा व आधुनिकतम विधि द्वारा किया जाता है।

**सुविधाएं :-**
• अनेस्थेशिया (निश्चेतक) • कॉडियोलॉजी (एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी) • लेप्रोस्कोपिक सर्जरी एवं जनरल सर्जरी • न्यूरो सर्जरी • प्लास्टिक सर्जरी • जनरल मेडिसिन • प्रसूति एवं स्त्री रोग • जोड़ों का प्रत्यारोपण एवं ऑर्थोपेडिक (हड्डी रोग) • पेडियाट्रिस्क (बाल रोग) • फिजियोथैरेपी • छाती रोग • गेस्ट्रोलॉजी • आँख रोग • दंत रोग • गुर्दा रोग • रेडियोलॉजी • स्किन एवं चर्म रोग • मानसिक रोग • आहार विशेषज्ञ • न्यूटिमा पैथोलॉजी • माइक्रोबायोलोजी • ब्लड बैंक सर्विस उपलब्ध। 24 घण्टे इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध।

पता : LLRM मेडिकल कॉलेज के सामने, गढ़ रोड, मेरठ, फोन : 9927600666, 9412600666

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि पिछले वर्ष की अपेक्षा 5.3 प्रतिशत से कम रहने की संभावना

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मध्यम रहेगी, जो वित्त वर्ष 2023 में 5.2 प्रतिशत दर्ज की गई है।

भारत की आईआईपी की वृद्धि अगस्त, 2023 में सालाना आधार पर 10.3 प्रतिशत से घटकर सितंबर, 2023 में 5.8 प्रतिशत हो गई। परिणाम 7.0 प्रतिशत की बाजार सहमति से कम था, और पिछले चार महीनों में पहला नकारात्मक आश्चर्य भी था। क्रमिक आधार पर, प्रमुख उप-क्षेत्रों में व्यापक कमजोरी के कारण आईआईपी 2.4 प्रतिशत एमओएम की गिरावट आई। मौसमी आधार पर, यह प्रदर्शन आमतौर पर सितंबर महीने में देखे गए प्रदर्शन से भी बदतर था, जहां पिछली क्रमिक वृद्धि औसतन 0.4 प्रतिशत थी।



रिपोर्ट में कहा गया है कि उपयोग-आधारित पक्ष पर भी, मॉडरेशन व्यापक-आधारित था, इसमें उपभोक्ता वस्तुओं में गिरावट आई, जहां विकास अगस्त 2020 में सालाना 8.0 प्रतिशत से गिरकर सितंबर 23 में 1.9 प्रतिशत हो गया। वार्षिक आधार पर, खनन में वृद्धि लगातार तीसरी बार दोहरे अंक में रही, जबकि सूचकांक हेवीवेट विनिर्माण के साथ-साथ बिजली उप-क्षेत्रों के कारण नरमी आई। आर्थिक गतिविधियों को सरकारी पूंजीगत व्यय की स्वस्थ गति और स्थिर शहरी मांग से समर्थन मिलता रहता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि त्योहारी सीज़न की शुरुआत के साथ-साथ प्रमुख चुनावों से पहले राजकोषीय खर्च से मिलने वाले समर्थन से अल नीनो के कारण ग्रामीण खपत में आंशिक रूप से कमी आने की संभावना है।

एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री और हेड-रिसर्च सुमन चौधरीने कहा, औद्योगिक गतिविधि में चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में आईआईपी वृद्धि 6.0 प्रतिशत सालाना के साथ स्वस्थ वृद्धि देखी गई है, जो पहली छमाही के लिए उच्चतम प्रिंटों में से एक है। आधार समर्थन और कमजोर ग्रामीण मांग के जोखिम के बिना, हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में आईआईपी वृद्धि धीमी रहेगी। कुल मिलाकर, आईआईपी वृद्धि पिछले वर्ष में दर्ज 5.3 प्रतिशत से कम होने की संभावना है।

## अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति दर गिरकर 5 महीने के निचले स्तर 4.87 फीसदी पर आई


**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर अक्टूबर में घटकर 5 महीने के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर आ गई। महीने के हिसाब से देखें तो मुद्रास्फीति दर सितंबर में 5.02 प्रतिशत थी।

पिछले वर्ष की तुलना में ईंधन की कीमतों में गिरावट आई है। सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले एलपीजी की कीमतों में भी कमी की है।

खाद्य मुद्रास्फीति, जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का लगभग आधा हिस्सा है, अक्टूबर में 6.71 प्रतिशत थी, जबकि सितंबर में यह 6.56 प्रतिशत थी। खाद्य तेलों की कीमत में 13.69 प्रतिशत की गिरावट आई और सब्जियों की कीमतें नियंत्रण में रहीं, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली।

हालांकि, दाल की कीमत चिंता का विषय बनी हुई है। महीने के दौरान कीमतों में 18.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मसालों के दाम में 22.76 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई।

गेहूं और चावल सहित अनाज में भी माह के दौरान दोहरे अंक में 10.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति अब आरबीआई के टारगेट के दायरे में है और यह आरबीआई को ब्याज दर बढ़ाने से रोकेगा। लेकिन कच्चे तेल की कीमत मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है।




मुद्रास्फीति दर में गिरावट आरबीआई की उम्मीद के अनुरूप है, जिसने देश की आर्थिक विकास दर को बढ़ाने के लिए अपनी प्रमुख ब्याज दर को बरकरार रखा है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है। इस साल मानसून का प्रभाव अभी दिखना बाकी है, जिसका असर खाद्य पदार्थों की कीमतों पर पड़ सकता है और इजरायल-हमास संघर्ष जैसे भू-राजनीतिक तनाव से तेल बाजार में हलचल मच सकती है।

## जेम पर आठ माह से भी कम समय में दो लाख करोड़ रु से अधिक का कारोबार

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। सरकारी आनलाइन बाजार मंच जेम पर चालू वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च 2023-24 के पहले आठ महीने पूरे होने से पहले ही सकल दो लाख करोड़ रुपये मूल्य से अधिक का व्यापार हो चुका है।

यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में जेम पर प्रति दिन 850 करोड़ से अधिक की तिजारत की गयी। इसमें केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) सहित केंद्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण बतायी गयी है। जेप पर सकल वाणिज्यिक मूल्य (जीएमवी) के हिसाब से कुल क्रय-विक्रय में 83 प्रतिशत योगदान केंद्रीय उपक्रमों का रहा है। राज्य सरकारों की भागीदारी 17 फीसदी के साथ उत्साहजनक बतायी गयी है।

बयान के मुताबिक उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, ओडिशा, बिहार, असम, उत्तराखंड जैसे राज्यों के विभागों और उपक्रमों ने चालू वित्त वर्ष में जेम के माध्यम से खरीद बढ़ाई है।

बयान में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र जेम पर तिजारत में सेवाओं की खदीद-फरोख्त 2021-22 के 23 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 46 प्रतिशत पर चल रही है।

## गोल्डमैन सैक्स ने भारतीय शेयरों की रेटिंग बढ़ाई, चीन की घटाई

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। गोल्डमैन सैक्स ने शेयर बाजार की रणनीतिक अपील का हवाला देते हुए भारतीय इक्विटी पर अपना दृष्टिकोण बढ़ा दिया है, जो वैश्विक मंदी के बीच तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बड़े घरेलू बाजार से प्रेरित है।

एशियाई बाजारों के नवीनतम गोल्डमैन सैक्स मूल्यांकन के अनुसार, भारत के आने वाले वर्षों में मिड टर्म आय में वृद्धि की संभावना के साथ, दीर्घकालिक विकास के अवसर प्रदान करने का अनुमान है।

गोल्डमैन सैक्स ने बड़े पैमाने पर घरेलू-उन्मुख विकास को देखा जो निवेशकों को निवेश पर अच्छा रिटर्न दे सकता है। साथ ही मेक-इन-इंडिया, लार्ज-कैप कंपाउंडर्स और मिड-कैप मल्टीबैगर्स जैसी पहल शामिल हैं।




दूसरी ओर, गोल्डमैन सैक्स ने कम आय वृद्धि के कारण हांगकांग में कारोबार करने वाले चीन के शेयरों पर अपनी रेटिंग घटा दी है।

बैंक ने हांगकांग में सूचीबद्ध चीनी कंपनियों को मार्केट वेट और हांगकांग की कंपनियों को अंडरवेट में घटा दिया है।

बैंक ने आवास क्षेत्र में मंदी, उच्च ऋण स्तर और प्रतिकूल जनसांख्यिकी से उत्पन्न चीन की अर्थव्यवस्था में धीमी वृद्धि की संरचनात्मक चुनौतियों को लाल झंडी दिखा दी है।

वहीं, गोल्डमैन सैक्स चीन के बाहर के देश के शेयरों पर ओवरवेट बना हुआ है।

बैंक के रणनीतिकारों के अनुसार, उच्च उत्पादकता और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और नए बुनियादी ढांचे जैसे अधिक आत्मनिर्भरता वाले क्षेत्रों में चीन का अच्छा प्रदर्शन हो सकता है।

## सार संक्षेप

### अक्टूबर में भारत से बाहर जाने वाला एफडीआई घटकर 1.89 बिलियन डॉलर हुआ

**मुंबई।** आरबीआई द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी निवेश (एफडीआई) इस साल अक्टूबर में घटकर 1.89 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 2.66 अरब डॉलर था। देश से बाहर जाने वाला निवेश सितंबर के पिछले महीने की तुलना में कम है। इस दौरान भारतीय संस्थाओं द्वारा विदेशों में 2.14 बिलियन डॉलर का निवेश किया गया। बाहर जाने वाले विदेशी निवेश में गिरावट धीमी होती वैश्विक अर्थव्यवस्था में कम होते अवसरों को दिखाती है। वित्तीय प्रतिबद्धता के रूप में व्यक्त आउटबाउंड एफडीआई में तीन घटक शामिल हैं - इक्विटी, लोन और गारंटी। भारतीय निवेशकों को अब अपने विदेशी निवेश का खुलासा आरबीआई को करना होगा। संशोधित विदेशी निवेश नियमों का एक प्रमुख उद्देश्य पारदर्शिता और नियामक अनुपालन को बढ़ाना है। अधिकारियों के अनुसार, इससे सरकार को करों के भुगतान और धन शोधन से बचने के लिए की जाने वाली धनराशि की राउंड-ट्रिपिंग पर अंकुश लगाने में मदद मिली है।

### देशभर में गुड्स ट्रांसपोर्ट को अधिक लाभदायक बनाएगा आईआईटी का ऐप


**नई दिल्ली।** आईआईटी मद्रास के फैकल्टी, छात्रों और पूर्व छात्रों ने एक मोबाइल एप्लिकेशन विकासित किया है। आईआईटी के मुताबिक यह ड्राइवरों को उपभोक्ताओं से सीधे जोड़ेगा। इसमें कोई कमीशन या ऑन-बोर्डिंग शुल्क भी नहीं लेगा। उपभोक्ता सीधे ड्राइवर को भुगतान करेंगे, यानी कोई बिचौलिया नहीं होगा। आईआईटी का मानना है कि इस ऐप से शहरों में माल परिवहन का काम पहले के मुकाबले आसान, कारगर और अधिक लाभदायक होगा। आईआईटी ने इस मोबाइल ऐप का नाम ऑप्टरूट रखा है। आईआईटी मद्रास में इनक्यूबेट किए गए स्टार्ट-अप ऑप्टरूट लॉजिस्टिक्स ने इस ऐप का पहला वर्जन तैयार और फिर उसका व्यावसायीकरण किया है। इस स्टार्ट-अप के सह-संस्थापक आईआईटी मद्रास में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एनएस नारायणस्वामी और आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र अनुज फुलिया हैं। स्टार्ट-अप ने पैकिंग और वाहन में उपलब्ध जगह के सदुपयोग के तरीके भी विकसित किए हैं। ऐप में अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने के बाद ये फीचर शामिल किए जाएंगे। आने वाले समय में इस ऐप के विशेष लाभ बताते हुए आईआईटी मद्रास के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर नारायणस्वामी ने कहा, ऑप्टरूट का लक्ष्य माल संचालन और परिवहन के कारोबार में ड्राइवरों और ग्राहकों के बीच संपर्क संबंधी समस्याएं दूर करना है। ट्रांसपोर्टरों की मौजूदा समस्याएं हैं, वापसी में माल भाड़ा नहीं मिलना और वाहन की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं होना। वर्तमान में यह बाज़ार बहुत असंगठित है इसलिए बहुत लाभदायक नहीं है। ऐसे में टेक्नोलॉजी के माध्यम से समाधान समय की मांग है।

## शेयर बाजार गिरा

**मुंबई** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और टेक समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.58 अंक अर्थात 0.50 प्रतिशत का गोता लगाकर 64933.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 19443.55 अंक रह गया। वहीं, मझौली और छोटी कंपनियों में मिलाजुला रुख रहा। बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत बढ़कर 32,817.65 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत फिसलकर 38,814.07 पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3975 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2098 नुकसान जबकि 1732 लाभ में रहे वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां बिकवाली का शिकार हुई जबकि13 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के चौदह समूहों पर गिरावट का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.16, सीडी 0.26, एफएमसीजी 0.39, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.53, आईटी 0.77, दूरसंचार 0.06, बैंकिंग 0.23, कैपिटल गुड्स 0.10, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.75, तेल एवं गैस 0.15, रियल्टी 0.34, टेक 0.66 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत गिर गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.71, जर्मनी का डैक्स 0.49, जापान का निक्केई 0.05, हांगकांग का हैंगसेंग 1.30 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 101 अंक उतरकर 65,158.31 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,176.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 64,853.36 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 65,259.45 अंक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत लुढ़ककर 64,933.87 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 39 अंक फिसलकर 19,486.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,494.40 अंक के उच्चतम जबकि 19,414.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,525.55 अंक की तुलना में 0.42 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,443.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस 1.32, इंफोसिस 1.00, टेक महिंद्रा 0.96, आईसीआईसीआई बैंक 0.80, टीसीएस 0.79, एचडीएफसी बैंक 0.73, रिलायंस 0.71, आईटीसी 0.57, एक्सिस बैंक 0.49, भारती एयरटेल 0.41, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.34, मारुति 0.34, एशियन पेंट 0.28, विप्रो 0.24, एलटी 0.15, टाटा मोटर्स 0.08 और एचसीएल टेक 0.06 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.90, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.56, एनटीपीसी 0.43, इंडसइंड बैंक 0.21, पावरग्रिड 0.19, टाटा स्टील 0.08 और एसबीआई के शेयर 0.03 प्रतिशत के लाभ में रहे।

## मस्क की टेस्ला को लुभाने के लिए केंद्र ईवी टैरिफ कम करने पर कर रहा विचार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला के आयातित इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए टैरिफ कम करने के अनुरोध पर विचार कर रहा है, क्योंकि कंपनी देश में एक संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है, सोमवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया।




फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए, ऑटोमेकर ने सरकार से प्रारंभिक टैरिफ रियायत के लिए कहा है जो 40,000 डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए भारत के 70 प्रतिशत और 40,000 डॉलर से ऊपर की कारों के लिए 100 प्रतिशत के भारी सीमा शुल्क की भरपाई करेगा। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, उनका विचार हमेशा यह रहा है कि उन्हें कम से कम अंतरिम अवधि में कुछ टैरिफ रियायतों की आवश्यकता है। इसमें कुछ प्रकार का सनसेट क्लॉज होगा।

टेस्ला ने देश में प्लांट बनाने की शर्त के तौर पर रियायत मांगी थी। कम किया गया टैरिफ सभी ईवी निर्माताओं पर लागू होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि अधिकारियों ने कहा कि विचाराधीन कम दर सभी कीमतों के ईवी के लिए 15 प्रतिशत होगी, लेकिन इस नीति पर अभी तक सरकार के भीतर सहमति नहीं बनी है। एक अधिकारी ने कहा, हम एक ऐसा पैकेज बनाना चाहते हैं, जो भारत के लिए अच्छा हो और जो एक कंपनी के लिए क्यूरेटेड पैकेज न बने। अन्य लोग इस विंडो का लाभ उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते कि वे इस प्रकार की आवश्यकताओं को पूरा करते हों। सितंबर में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि टेस्ला भारत में बैटरी स्टोरेज के लिए एक फैक्ट्री बनाने की योजना बना रही है और उसने सरकार को इसके लिए एक प्रस्ताव भी सौंपा है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 57 रिंगिट चढ़कर 3677 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की गिरावट के साथ 50.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एडीबी देगा 40 करोड़ डॉलर का कर्ज

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। भारत सरकार ने आज उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण, सेवा वितरण में सुधार और कुशल शासन प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए अपने शहरी सुधार एजेंडे को गति देने के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ 40 करोड़ डॉलर के ऋण का करार किया है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि सतत शहरी विकास और सेवा वितरण कार्यक्रम के उप-कार्यक्रम 2 के लिए ऋण समझौते पर आर्थिक मामलों की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और एडीबी के भारत में कंट्री निदेशक ताकेओ कोनिशी ने हस्ताक्षर किये।

उप-कार्यक्रम 1 को 35 करोड़ डॉलर के वित्तपोषण के साथ शहरी सेवाओं में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्तर की नीतियों और दिशानिर्देशों के साथ 2021 में मंजूरी दी गई, उप-कार्यक्रम 2 राज्य और शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) स्तरों पर निवेश योजना और सुधार कार्यों का समर्थन कर रहा है।



कार्यक्रम में शहरी विस्तार को नियंत्रित करने और यूएलबी की क्षमता निर्माण और सामुदायिक जागरूकता के साथ-साथ कानूनी, नियामक और संस्थागत सुधारों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के माध्यम से प्रणालीगत और नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत शहरी नियोजन सुधारों की भी परिकल्पना की गई है। विशेष रूप से, यूएलबी शहरों को आर्थिक विकास के सुनियोजित केंद्र बनने में मदद करने के लिए पारगमन-उन्मुख विकास के माध्यम से भवन उपनियमों, भूमि पूलिंग, शहरी समूह और व्यापक शहरी गतिशीलता योजना के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देंगे। ऐसी एकीकृत नियोजन प्रक्रियाएं जलवायु और आपदा लचीलेपन को शामिल करेंगी, प्रकृति-आधारित समाधानों को बढ़ावा देंगी, शहरी पर्यावरण में सुधार करेंगी और अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करके शहरों की वित्तीय स्थिरता में सुधार करेंगी।

इसके अलावा, शहरों को संपत्ति कर और उपयोगकर्ता शुल्क जैसे अपने राजस्व को बढ़ाने, उनकी दक्षता में सुधार करने और उनके व्यय को तर्कसंगत बनाने के लिए विभिन्न सुधारों के माध्यम से क्रेडिट योग्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे शहरों को शहरी बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण घाटे को पाटने के लिए वाणिज्यिक उधार, नगरपालिका बांड जारी करने, उप-संप्रभु ऋण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी जैसे अभिनव वित्तपोषण जुटाने में काफी मदद मिलेगी।

# खेल जगत

## भारत की गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज : पारस म्हाम्ब्रे

**मुंबई,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व कप 2023 की प्रारंभिक लीग में भारत का प्रभावी प्रदर्शन काफी हद तक उसकी गेंदबाजी इकाई के कारण है, जिसने हर मैच में विपक्षी टीम को दबाव में रखा है। बेशक रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने बल्ले से खूब रन बनाए हो। लेकिन, यह गेंदबाज ही हैं जिन्होंने भारत को नौ मैचों में नौ जीत के साथ लीग चरण सबसे आगे रखा। यह पहली बार है जब भारत विश्व कप में ऐसा करने में सफल हुआ है।

भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह (15.64 की औसत से 17 विकेट), मोहम्मद सिराज (28.83 की औसत से 12 विकेट), मोहम्मद शमी (9.56 की औसत से 16 विकेट), रवींद्र जडेजा (18.25 की औसत से 16 विकेट) और कुलदीप यादव ने (22.28 की औसत से 14 विकेट) का दमदार प्रदर्शन किया है। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि गेंदबाजी इकाई एक संपूर्ण पैकेज है और किसी भी सतह पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम है।



# टीम के प्रदर्शन ने हमें यहां तक पहुंचाया : रोहित

हमने इन नौ मैचों में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। पहले मैच से लेकर लीग चरण के आखिरी मैच तक सफर शानदार रहा। ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग-अलग समय पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाई है : रोहित शर्मा

**बेंगलुरु,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट विश्व कप-2023 में नीदरलैंड्स पर 160 रनों की जीत के साथ नौ में से नौ जीत हासिल करने के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा इस बात से खुश हैं कि मेजबान टीम को अगल-अलग मौकों पर अलग-अलग मैच विजेता मिले। दो बार के विश्व कप विजेता भारत ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड्स को हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में अपनी अजेय लय को 9-0 तक बढ़ा दिया है। यह भारत के लिए वैश्विक खिताब जीतने के अपने दस साल के सूखे को तोड़ने के लिए अच्छा संकेत है।

अब विश्व कप 2023 में बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। नीदरलैंड के मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, हमने इन नौ मैचों में जिस तरह से प्रदर्शन किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। पहले मैच से लेकर लीग चरण के आखिरी मैच तक सफर शानदार रहा। ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि अलग-अलग खिलाड़ियों ने अलग-अलग समय पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाई है। यह एक टीम के लिए एक अच्छा संकेत है जब हर कोई जिम्मेदारी और टीम के लिए काम पूरा करना चाहता है। हम भारत में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम परिस्थितियों को जानते हैं, जब आप अलग-अलग विरोधियों से खेलते हैं तो यह चुनौती होती है लेकिन हमें इस मामले में काफी मदद मिली। 18 अंकों के साथ टेबल-टॉपर्स के रूप में भारत ने लगातार चौथी बार वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली है। रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट में एक समय में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करने की टीम की योजना और मानसिकता अच्छे परिणाम दे रही है।



## भारत विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने को लेकर तैयार : द्रविड़

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में नीदरलैंड पर शानदार जीत के बाद भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि उनकी टीम विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने के लिए आश्वस्त है। विश्व कप 2023 में टीम इंडिया अब तक की सबसे सफल टीम है। वो इकलौती टीम है, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया है। लेकिन, अब क्रिकेट फैंस कि दिल की धड़कन तेज हो गई है क्योंकि लीग चरण में अपने अजेय प्रदर्शन के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के सामने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के रूप में एक कठिन चुनौती है। इसका सबसे बड़ा कारण है 2019 सेमीफाइल का फ्लैशबैक, जो भारतीय टीम की टेंशन बढ़ा रहा है। एक बार फिर मंच विश्व कप का है और सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड और भारत आमने-सामने है। मगर, टीम इंडिया पर भी थोड़ा दबाव रहेगा क्योंकि यह नॉकआउट मैच है। हालांकि, टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ थोड़े आश्वस्त हैं और उन्होंने विश्व कप सेमीफाइनल के दबाव से निपटने की भारत की क्षमता पर भरोसा जताया। द्रविड़ ने कहा, हम जानते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण और नॉकआउट मैच है। हमें इस बात को स्वीकार करना होगा कि कुछ हद तक दबाव होगा, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने अब तक दबाव का जवाब दिया है, वह हमें बहुत ढेर सारा आत्मविश्वास देगा और टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा। द्रविड़ ने श्रेयस अय्यर के लगातार प्रदर्शन पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्रेयस अय्यर हमारे मध्यक्रम की रीढ़ हैं और हम सभी जानते हैं कि पिछले 10 वर्षों से हमारे लिए नंबर 4 पर एक अच्छा बल्लेबाज ढूंढना कितना कठिन रहा है।

## रोहित का दृष्टिकोण विपक्षी गेंदबाजों में खौफ पैदा करता है : एरोन फिंच

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके आक्रामक रवैये ने खेल शुरू होने से पहले ही गेंदबाजों की मानसिकता बदल दी। रोहित ने विश्व कप के अपने आखिरी लीग चरण मैच में बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 160 रन की जीत में अर्धशतक बनाया। अपनी 61 रनों की पारी के दौरान, भारतीय कप्तान ने कॉलिन एकरमैन की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर 92 मीटर का विशाल छक्का लगाकर एक कैलेंडर वर्ष में वनडे में सर्वाधिक छक्कों का नया रिकॉर्ड बनाया, जो कि वर्ष का उनका 59 वां अधिकतम प्रदर्शन था और 2015 में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए फिंच ने पावरप्ले में रोहित के आक्रामक रवैये पर बात की। उन्होंने कहा, रोहित की सोच यह है कि वो टीम को तेज शुरुआत दिलाने की कोशिश करें। जिसमें वो काफी हद तक सफल भी हुए हैं। इसलिए, विपक्ष पर दबाव बनाने के लिए शुरुआती पावरप्ले वास्तव में महत्वपूर्ण है। रोहित ने एक विश्व कप संस्करण में सबसे अधिक सिक्सर लगाने वाले कप्तान होने का गौरव भी हासिल किया। 2019 संस्करण में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन के 22 सिक्स के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए, रोहित ने 2023 विश्व कप में अपने 23वें सिक्स के साथ यह उपलब्धि हासिल की। भारतीय कप्तान ने विश्व कप संस्करणों में सर्वाधिक 500+ रन बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। रोहित (2019 और 2023) और तेंदुलकर (1996 और 2003) दोनों ने दो संस्करणों में 500 से अधिक रन बनाए।

रोहित ने नौ मैचों में 503 रन बनाए हैं और लगातार वनडे विश्व कप में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए हैं।

# विश्व कप में लीग स्तर पर बल्लेबाजी में विराट, गेंदबाजी में जम्पा रहे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी विश्वकप में लीग स्तर पर हुए 45 मुकाबलों में बल्लेबाजी में भारत के विराट कोहली 594 रन और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज एडम जैम्पा 22 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली नौ लीग मुकाबलों में 99 की औसत से 594 रन बनाकर शीर्ष पर है।

ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा ने इस विश्वकप में विकेटों के मामले में शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने नौ लीग मुकाबलों में 18.90 की औसत से 22 विकेटों के साथ सबसे ऊपर चल रहे है। बल्लेबाजी में दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि काक नौ मैचों में 65.66 की औसत के 591 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में विश्वकप से बाहर हो चुकी श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 9 मैचों में 25 की औसत से 21 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। बल्लेबाजी में तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्रन नौ मुकाबलों में 70.62 की औसत से 565 रन बनाकर है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने सात लीग मुकाबले में 19.38 औसत से 18 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर रहे है।

भारत के रोहित शर्मा नौ मुकाबलों में 55.88 की और से 505 रन बनाकर चौथे स्थान पर है। इसी नंबर पर पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी ने नौ मैचों में 26.72 की औसत से 18 विकेट लिए है।

ऑस्ट्रेलिया के डीए वार्नर नौ मैचों में 55.44की औसत से 499 रन बनाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में भारत के जसप्रीत बुमराह 9 मैचों में 15.64 की औसत से 17 विकेट लिये है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के मार्को यान्सिन भी इस विश्व कप के आठ मैचों में 24.41 की औसत से 17 विकेट ले चुके हैं।

# सहवाग, एडुल्जी और डीसिल्वा आईसीसी हॉल ऑफ फेम सम्मान

**दुबई** 13 नवंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, हमवन महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी और श्रीलंकाई बल्लेबाज अरविंदा डीसिल्वा को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को तीनों खिलाड़ियों को सदस्य के रूप हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने की घोषणा की। वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले विश्वकप 2023 के पहले सेमीफाइनल से पहले इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। एडुल्जी हाल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। एडुल्जी ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को धन्यवाद करना चाहूंगी, जिन्होंने आईसीसी हॉल ऑफ़ फ़ेम 2023 के लिए मेरा नाम चयनित किया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनना निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह ना सिर्फ मेरे, मेरे परिवार, दोस्तों बल्कि बीसीसीआई और भारतीय महिला क्रिकेट के लिए भी गर्व की बात है। बाएं हाथ की गेंदबाज एडुल्जी ने भारत के लिए 20 टेस्ट और 30 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उनके नाम 107 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। इसके बाद वह एक सफल क्रिकेट प्रशासक भी बनीं और वह वर्तमान में रिटायर्ड भारतीय महिला क्रिकेटरों के रोजगार अवसरों को बढ़ाने के मुद्दे पर काम करती हैं।

आईसीसी ने एक बयान जारी करते हुए कहा, एडुल्जी का योगदान मैदान के अंदर से अधिक मैदान से बाहर है और उन्होंने दशकों से भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। विस्फोटक बल्लेबाज सहवाग ने भारत के लिए 104 टेस्ट, 251 वनडे और 19 टी20आई खेले हैं। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व विजेता भारतीय टीम के अहम सदस्य भी थे। सहवाग ने कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे खुशी है और मैं आभारी हूं कि मैंने अपने जीवन के अधिकतर हिस्से में वह काम किया, जो मुझे सबसे अधिक पसंद है-क्रिकेट बॉल को हिट करना। उनके नाम 23 टेस्ट शतकों सहित कुल 8586 टेस्ट रन हैं। वह टेस्ट मैचों में तिहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज है। उन्होंने यह कारनामा दो बार किया, जिसमें अगले कुछ नाम डॉन ब्रैडमेन, ब्रायन लारा और क्रिस गेल के हैं। उनका टेस्ट स्ट्राइक रेट 82.23 का था यह उनकी विस्फोटक क्षमता को बताता है।

सहवाग के नाम एकदिवसीय क्रिकेट में 104.33 के स्ट्राइक रेट और 15 शतकों के साथ 8273 रन है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रनों की पारी खेली थी। 1996 विश्व कप फाइनल में शतक लगाकर अपनी टीम को विश्व विजेता बनाने वाले डीसिल्वा इस सूची में शामिल होने वाले तीसरे नए नाम हैं। वह भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनके नाम 93 टेस्ट मैचों में 6361 और 308 वनडे में 9284 रन हैं। उन्होंने कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम का सबसे बड़ा सम्मान हासिल करना मेरे लिए गर्व की बात है और मैं इसके लिए आभारी हूं। यह मेरे क्रिकेटिंग यात्रा के त्याग और समर्पण का ईनाम है। मैं इसके लिए अपने परिवार, माता-पिता, बहन, पत्नी, बच्चों, दोस्तों, कप्तान, कोच, एंकर, टीममेट्स, विपक्षी टीम के खिलाड़ियों और फ़ैंस को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने लगातार मुझे इस यात्रा के लिए प्रेरित किया और मेरे सुख-दु:ख में हमेशा मेरी ताकत बने रहें। मैं इस सम्मान, पहचान और प्रशंसा के लिए आईसीसी और वोटिंग कमेटी का भी धन्यवाद देता हूं।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 9 | 0 | 0 | 18 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 9 | 3 | 6 | 0 | 6 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |

# अब भारत को हराना बहुत कठिन : वैन डेर मेरवे

**बेंगलुरू,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। नीदरलैंड्स के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर रूलोफ वैन डेर मेरवे का मानना है कि विश्व कप 2023 के समापन के करीब पहुंचने पर भारत को हराना बहुत कठिन है। उनकी यह टिप्पणी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीदरलैंड्स को भारत से मिली 160 रन की हार के बाद आई है। भारत ने नीदरलैंड्स के खिलाफ 410 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने शतक बनाए। जबकि, कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्धशतक जड़ा। जवाब में नीदरलैंड्स की टीम 47.5 ओवर में 250 रन पर आउट हो गई। जिसमें तेजा निदामनुरु अर्धशतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। इस हार के साथ नीदरलैंड्स का टूर्नामेंट में सफर अंक तालिका में दसवें स्थान पर समाप्त हुआ। वैन डेर मेरवे ने कहा, भारत बहुत संतुलित टीम है। उनके पास हर तरह से मैच विजेता हैं। इस वर्ल्ड कप में उन्होंने अब तक ये दिखाया है। उन्हें हराना बहुत कठिन टीम होने वाला है। अन्य टीमों में दक्षिण अफ्रीका भी



खतरनाक टीम है। जबकि, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की निरंतरता साफ दिखाई दे रही है। इसलिए, यह मुकाबला बहुत दिलचस्प होने वाला है, लेकिन मुझे लगता है कि भारत अच्छी तरह से तैयार है। नीदरलैंड्स की टीम जून में विश्व कप क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रहने के साथ टूर्नामेंट में आई। विश्व कप में अंक तालिका का हाल इस टीम की पूरी कहानी नहीं है, क्योंकि प्रतियोगिता में नीदरलैंड्स ने अपने से अधिक प्रबल दावेदार दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वैन डेर मेरवे ने कहा, हम यहां आए और हमने उच्च गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ इस विश्व कप की चुनौती को समझा। मुझे लगता है कि हमने खुद को अच्छी तरह से आगे बढ़ाया। जाहिर है, अभी भी बहुत सुधार होना बाकी है। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा कि नीदरलैंड को भारत में उतरने से पहले पता था कि यह एक कठिन टूर्नामेंट होगा। लेकिन हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं और अगली बार और अच्छा और सुधार करने की पूरी कोशिश करेंगे। नीदरलैंड नेपाल के खिलाफ विश्व क्रिकेट लीग 2 में खेलेगा और अपना ध्यान वेस्टइंडीज और यूएसए में 2024 टी20 विश्व कप में खेलने पर लगाएगा।

## न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगा भारत : रॉस टेलर

विश्व कप 2023 में भारतीय टीम शानदार फॉर्म में है और वर्ल्ड कप की पक्की दावेदार मानी जा रही है। लेकिन, दिग्गज कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर को उम्मीद है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम घरेलू सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने से घबराएगी। भारत ने प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन, अब उनका सामना सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से है। हालांकि, लीग चरण में भारत ने न्यूजीलैंड को भी हराया है लेकिन नॉकआउट मैचों में इस टीम का रिकॉर्ड कीवी टीम के आगे थोड़ा कमजोर है। 2019 विश्व कप सेमीफाइनल सहित अपने पिछले चार नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ जीत दर्ज की है। टेलर ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा, चार साल पहले भारत टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में था। लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें हार मिली। इस बार भारत और भी बड़ी दावेदार है। घरेलू मैदान पर और ग्रुप चरण के दौरान टीम इंडिया ने बहुत अच्छा खेला है। लेकिन जब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं हो तो न्यूजीलैंड की टीम बहुत खतरनाक हो सकती हैं। मेरे हिसाब से अगर कोई ऐसी टीम है जिसका सामना करने में भारत घबराएगा, तो वह न्यूजीलैंड की टीम होगी।

टेलर ने यह भी कहा कि मुंबई आमतौर पर एक ऐसा मैदान है जहां कोई भी बड़े स्कोर की उम्मीद कर सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के लिए बड़ी परीक्षा परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के साथ-साथ पहले दस ओवरों में बल्ले और गेंद से भारतीय टीम से निपटने में होगी।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान क्रिकेट में उथल-पुथल, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने दिया इस्तीफा

**लाहौर।** वर्ल्ड कप 2023 में फ्लॉप शो के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल भी देखने को मिल रहा है। सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद मोर्ने मोर्केल ने पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्केल इस साल जून में छह महीने के अनुबंध पर पाकिस्तान पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 318 मैच खेले और कुल मिलाकर 544 विकेट लिए। पुरुष टीम के साथ मोर्ने मोर्केल का पहला कार्य दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान के श्रीलंका दौरे पर था, जिसे उन्होंने 2-0 से जीता था। विश्व कप में 1992 का चैंपियन पाकिस्तान अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कोसों दूर रहा और नौ में से केवल चार मैच जीत सका। पीसीबी ने कहा कि वह उचित समय पर उनके प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। पाकिस्तान का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 दिसंबर, 2023 को शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला है। दोनों टीमें 2023-2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की श्रृंखला के भाग के साथ, बेनौद-कादिर ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### नोवाक जोकोविच का नया रिकॉर्ड, रैंकिंग में आठवीं बार टॉप पर जमाया कब्जा

**ट्यूरिन।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपना रिकॉर्ड और मजबूत करते हुए होल्गर रूने को एटीपी फाइनल में हराकर आठवीं बार नंबर-1 रैंकिंग हासिल की। इस टूर्नामेंट के बाद नोवाक जोकोविच 400 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। साल के अंत में नंबर- 1 पर कब्जा जमाने के बाद नोवाक जोकोविच 20 नवंबर से शुरू होने वाली एटीपी रैंकिंग में अपने रिकॉर्ड 400वें सप्ताह का आनंद लेंगे। उन्होंने 2023 में शीर्ष स्थान पर 25 सप्ताह बिताए हैं। जोकोविच ने 2023 सीज़न के दौरान स्पेन के 20 वर्षीय कार्लोस अल्कराज के साथ एक रोमांचक संघर्ष के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान की लड़ाई में इस साल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही। जोकोविच ने वर्ष के अंत में नंबर हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के रूप में अपना रिकॉर्ड और मजबूत किया। एटीपी रैंकिंग इतिहास में पहला स्थान। दो साल पहले वह 34 साल की उम्र में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सीजन खत्म करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे और अब उन्होंने 36 साल की उम्र में इस उपलब्धि को दोहराकर अपना रिकॉर्ड और मजबूत किया।

# टीम के फ्लॉप शो ने डुबोई विश्व कप में पाकिस्तान की लुटिया

इस्लामाबाद, 13 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में फ्लॉप शो के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल मचा है। टीम के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों और विशेषज्ञों ने खराब प्रदर्शन के लिए पाकिस्तान की जमकर आलोचना की है। उनका मानना है कि केवल कप्तान बाबर आजम को दोषी ठहराया जाना सही नही हैं। बाबर आजम की टीम का प्रदर्शन इस वर्ल्ड कप में बेहद खराब रहा है। टीम 9 मैच खेली है और सिर्फ 4 मैच जीती है।

पाकिस्तानी खिलाड़ी अब घर लौटने लगे हैं। लेकिन, न तो उन्हें हवाईअड्डे पर फैंस नजर आ रहे हैं। उन्हें पत्रकारों के कड़े सवालों का सामना भी करना पड़ रहा है। रविवार को जैसे ही बाबर आजम लाहौर पहुंचे, वहां पत्रकारों का एक समूह उनका इंतजार कर रहा था। पाकिस्तान के प्रदर्शन ने प्रशंसकों को परेशान कर दिया है। अब बाबर आजम और टीम की कप्तानी पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं।

क्रिकेट विशेषज्ञों और पूर्व खिलाड़ियों ने भी टीम और उनके प्रदर्शन की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा कि पूरे विश्व कप में गुणवत्ता और संयम की



कमी थी। हालांकि, वे इस बात पर ज़ोर दे रहे हैं कि हर बात के लिए बाबर आज़म को निशाना बनाना सही नहीं है।

पूर्व क्रिकेट से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा, बाबर पर इतना दबाव है कि वह कप्तानी छोड़ सकते हैं। यह गलत है क्योंकि पाकिस्तान टीम का यह हाल सिर्फ एक खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन के कारण नहीं है।

रमीज राजा ने कहा, लोगों ने कुछ खिलाड़ियों को निशाना बनाया है। मीडिया ने भी कुछ खिलाड़ियों को कड़ी आलोचना के साथ निशाना बनाया है। यह सिर्फ एक विश्व कप है इसलिए आपको इससे निपटना होगा। टीम के साथ समस्या यह है कि इसमें आधुनिक क्रिकेट खेलने की क्षमता है। लेकिन, उन्हें अपने दृष्टिकोण में बदलाव करना होगा। क्रिकेट के दिग्गज और स्विंग गेंदबाजी के बादशाह वसीम अकरम ने कहा कि टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पूरी टीम का प्रदर्शन और मौजूदा सिस्टम जिम्मेदार है।

वसीम अकरम ने कहा, अकेले कप्तान नहीं खेल रहा है। हां, उन्होंने इस विश्व कप और एशिया कप में भी कप्तानी में गलतियां की। लेकिन, वह अकेले दोषी नहीं हैं। यह पिछले एक साल या उससे अधिक समय से पूरे सिस्टम की गलती है, जहां खिलाड़ियों को नहीं पता कि कोच कौन है। आप उसे बलि का बकरा नहीं बना सकते।

पूर्व खिलाड़ी शोएब मलिक ने कहा, संसाधनों की कमी और कप्तान बाबर की चतुराई, इरादे की कमी के कारण हम केवल छोटी टीमों के खिलाफ मैच जीत पाए हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) समग्र समीक्षा करेगा और संभावना है कि बाबर आजम को कप्तानी से हटा दिया जाएगा। विश्व कप के दौरान पाकिस्तान टीम के प्रदर्शन ने कई लोगों को निराश किया है क्योंकि खिलाड़ी कभी भी ऐसे नहीं दिखे कि वे उच्च स्कोरिंग मैच खेलने के लिए तैयारियों और योजना के सही चरण में थे। बाबर आजम की कप्तानी में भी टीम का नेतृत्व करने के लिए फोकस और मानसिक मजबूती की कमी नजर आ रही है।

# केएल राहुल विकेटकीपर के रूप में अद्भुत : टी दिलीप

**नई दिल्ली,** 13 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व कप 2023 में भारत का दमदार प्रदर्शन जारी है। इस बीच टीम इंडिया के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने केएल राहुल की विकेटकीपिंग की जमकर प्रशंसा की है। रविवार को भारत ने टूर्नामेंट के अपने अंतिम लीग मैच में बेंगलुरु में नीदरलैंड को 160 रनों से हरा दिया। इस मुकाबले में राहुल बल्ले के साथ-साथ अपने शानदार विकेटकीपिंग और ग्लववर्क से भी खूब चमके। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ भारत के लिए सबसे तेज विश्व कप शतक (62 गेंद) लगाया। फिर, नीदरलैंड की पारी के दौरान उन्होंने कुछ शानदार विकेटकीपिंग कौशल का प्रदर्शन किया। नीदरलैंड के ओपनर वेस्ली बारेसी को आउट करते हुए राहुल ने एक लो कैच लपका। इतना ही नहीं राहुल ने यह सुनिश्चित करने के लिए लेग साइड पर एक तेज कैच भी लिया कि विराट कोहली को अपना पहला विश्व कप विकेट मिले। राहुल ने अब तक टूर्नामेंट में 12 कैच और एक स्टंपिंग की है।

भारत द्वारा लीग चरण को 9 जीत के शानदार रिकॉर्ड के साथ समाप्त करने के बाद टी दिलीप ने कहा, विकेटकीपर के रूप में केएल राहुल वास्तव में अद्भुत काम कर रहे हैं। बेशक, जब वह आया था तो वह लंबी चोट के बाद वापसी कर रहा था। यह कुछ ऐसा था जिसे हमने एक चुनौतीपूर्ण कारक माना था। मगर, वह काफी मेहनती है और उसने तेजी से लय पकड़ी। वह ऐसा व्यक्ति है जो कम उम्र से ही विकेटकीपिंग कर रहा है। वह ऐसा व्यक्ति है जिसे चुनौतियों के अनुकूल ढलने के लिए ज्यादा समय नहीं लगता। कुछ पहलुओं को निखारने के अलावा उनकी विकेट कीपिंग पर काम करना इतान मुश्किल नहीं है।